# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025


पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का संवाद

# गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है और कुछ बड़ा करना है, वही कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके गुरु ने उन्हें हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए काम करने और कुछ बड़ा करने का आदेश दिया। वे हिंदू राष्ट्र और हिंदुस्तान के लिए काम करने का प्रण लेकर काम कर रहे हैं। वे देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन लक्ष्य कब मिलेगा इस बारे में कुछ नही कहना चाहते। उनका कहना है कि बस्तर में हो रहे धर्मांतरण के मामले रूकें व विकास की गूंज वहां दिखे। छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की दिशा में आगे बढ़े इसके लिए कार्य हो यही हमारी कामना है। धीरेंद्र शास्त्री से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष चर्चा के कुछ अंशः




- **बड़े हुजूम के साथ रात 1 बजे तक लोगों के बीच हैं। आपकी दिनचर्या सुबह आठ बजे शुरू होती है, फिर भी इतनी रात सक्रिय हैं। इसका राज क्या है?**
- जिंदगी में जब आपको सफलता प्राप्त करनी हो, और कोई जोश और जुनून आपके पीछे लगा हो तो, आपको बातों से नही रातों पर ध्यान देना होगा। सोने के बहुत से तरीके हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने जागना जरूरी है। स्वयं रातों में नहीं जागूंगा तो दूसरों को जगा भी नहीं पाऊंगा।
- **बहुत कम उम्र में अपने आपको इस मुकाम पर देखते हैं तो कितने चौंकते हैं?**
- हम एक इंस्ट्रूमेंट हैं, बजा भगवान रहे हैं। हमारी केवल काया है, यह पूरी की पूरी माया है। हम सिर्फ एक वाद्य यंत्र हैं फूंक वो रहे हैं। हम केवल रंग का डब्बा है, रंग वह भर रहे हैं। हमारे गुरु ने एक रास्ता दिया है, हमारे ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म 4 जुलाई 1996 को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से हैं और वर्तमान में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हैं। उन्होंने अपने पिता से धार्मिक शिक्षा प्राप्त की और अध्यात्म में गहरी रुचि के कारण कथावाचन व दिव्य दरबार लगाने के लिए जाने जाते हैं। पिता का नाम राम कृपाल गर्ग और माता का नाम सरोज गर्ग है। उनके पिता एक पुजारी के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा अपने गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। बचपन से ही उनमें अध्यात्म और हनुमान जी के प्रति गहरी भक्ति थी।

- **आपके गुरुजी आपके दादाजी हैं या कोई बोध है।**
- उनको गुरुजी के रूप में स्वीकार कैसे कर गए यह हम नहीं जानते लेकिन वह रात हमारे जीवन का लाइटमेंट दिन था। उस रात को हमने कुछ पाया। उसको पाने के बाद हमें कुछ पाने की इच्छा नहीं बची।
- **हिंदू, हिंदुत्व के लिए आपका लक्ष्य क्या है?**
- जवाब-तलवारों की लड़ाई पर हम भरोसा नहीं करते हम विचारों की लड़ाई लड़ते हैं। हमारा उद्देश्य व्यक्ति का परिवर्तन है। बौद्धिक, सामाजिक, वैचारिक, व्यापारिक और राष्ट्र के लिए कुछ करना है। सब के प्रति भावना है। हिंदू अभी सोया है। उसे बाहर निकालना है।
- **ईश्वर तो हिंदू के पास हैं?**
- एक कहानी सुनाते हैं। गांव में एक मांगने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। गांव वालों ने कहा वह जहां पर बैठ कर मांगता था वहीं पर उसे गाड़ दिया जाए। जब उस स्थान को खोदा गया तो उसी की नीचे धन था। व्यक्ति को यह पता ही नहीं था। हिंदू के पास तंत्र मंत्र के अलावा गीता रामायण और अन्य ग्रंथ हैं, लेकिन बोध उनके पास नहीं है। इसी को लेकर हम उन्हें जगाने का प्रयास कर रहे हैं।

कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के बाद डॉ. यादव ने दो दिनों की डिटेल जानकारी मीडिया को दी

# सीएम ने कहा-छिंदवाड़ा की घटना से वे काफी आहत, पर 'जवाबदारी' सभी को निभाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा जैसी घटनाएं होती हैं, तो उन्हें काफी कष्ट होता है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। जब यह सब होता है तो इसे रोकने की जवाबदारी भी सामूहिक होती है। उन्होंने कहा कि अपने लोगों व विपक्ष से भी कहना चाहते हैं कि इस तरह के मामलों में सामंजस्य बनाएं। सकारात्मक आलोचना होती है तो कोई गलत नहीं मानता, पर दायरे में रहकर अपनी बात होनी चाहिए।

प्रेस, मीडिया, आम लोग या नेता प्रतिपक्ष कमियां बताएं तो वे स्वागत करेंगे। उसमें मिलकर सुधार करेंगे। मप्र के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायतों के सीईओ, आईजी व संभागायुक्तों (कलेक्टर-कमिश्नर) कांफ्रेंस की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दो दिनों की डिटेल जानकारी प्रेस को दी। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों की समीक्षा छह महीने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सीएम ने बताया कि कलेक्टरों से कहा गया है कि वे विधायकों के साथ तालमेल बिठाकर विकास के रोडमैप पर काम करें

**सकारात्मक आलोचना को वे गलत नहीं मानते, पर वह दायरे में रहकर होनी चाहिए**



प्रेस, मीडिया, आम लोग या नेता प्रतिपक्ष कमियां बताएं तो वे स्वागत करेंगे। उसमें मिलकर सुधार करेंगे

साफ निर्देश- किसानों की मूलभूत समस्याओं खासकर खाद-बीज की दिक्कतें नहीं आनी चाहिए

### जनजातियों के विकास पर ध्यान दें

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातियों के कल्याण के जितने भी कार्यक्रम चल रहे हैं, इसकी समीक्षा करके रिपोर्ट दें। वर्ष 2047 को दृष्टिगत करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में योजना बनाएं। जनजातीय क्षेत्रों में छात्रावास, आश्रम, कल्याणी आश्रम से लेकर सभी योजनाओं के क्रियान्वयन पर फोकस करें। जल जीवन मिशन में हर घर नल की विस्तृत समीक्षा करके क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम आवास में मप्र नंबर एक पर है। पीएम जन मन में भी अव्वल है। धरती आबा योजना पर काफी काम हो रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान पर काम चल रहा है। इसकी 2026 की कार्य योजना अभी से बना लें। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### कानून-व्यवस्था में कलेक्टरों को दिक्कतें आ रहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था के मामले में कलेक्टरों को दिक्कतें आ रही हैं। नगरीय निकायों के अधिकारी प्लान बनाकर अतिक्रमण हटाएं। ताकि जरूरत पड़ने पर फोर्स का मूवमेंट प्रभावी ढंग से हो सके। इसके लिए कलेक्टर व एसपी दोनों समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर कहा कि कांफ्रेस में निर्देश दिया गया है कि किसानों की मूलभूत समस्याओं खासकर खाद-बीज की दिक्कतें नहीं आनी चाहिए। प्राकृतिक खेती पर किसानों को जानकारी दें।

### बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नामांकन दर कैसे बढ़े, यह दोनों तरह से स्कूल खासकर स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा दोनों में ध्यान दें। ड्रॉप आउट की दर में कमी होनी चाहिए। विशेष रूप से प्राइमरी, सेकंडरी कक्षा में ▶▶ शेष पेज 4 पर

◆ रिन्यूएबल एनर्जी उपकरण निर्माण सहित विभिन्न सेक्टर्स में निवेश पर होगी चर्चा

# मुंबई में आज 'इंटरेक्टिव सेशन' में निवेशकों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

◀ मैक्सिको, सिंगापुर कनाडा और इटली के कॉन्सुल जनरल भी करेंगे शिरकत



विशेष प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 9 अक्टूबर को मुंबई में इंटरेक्टिव सेशन में देश-विदेश के उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' होटल ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों को मध्यप्रदेश में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### देश-विदेश के प्रतिनिधि होंगे संवाद में शामिल

इंटरेक्टिव सेशन में देश के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ सिंगापुर, मैक्सिको, कनाडा और इटली सहित विभिन्न देशों के कॉन्सुल जनरल और व्यापारिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, वेलस्पन ग्रुप, एलएंडटी, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गोदरेज इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बजाज ग्रुप, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रेमानंदः माथे पर चंदन नहीं, लाल पड़ा चेहरा

एजेंसी ▶▶| वृंदावन



संत प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है। उनकी नियमित पदयात्रा भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी है। उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर भक्तों ने लिए एक वीडियो पोस्ट किया गया। उसमें संत की हालत देखकर भक्त इमोशनल हो गए। वीडियो में महाराज ने अपने भक्तों के लिए एक संदेश भेजा। इसमें वह भक्तों को प्रवचन दे रहे हैं, लेकिन उनकी आंखें तक नहीं खुल पा रहीं। माथे पर दिखने वाला चंदन का तिलक गायब दिखा। चेहरा सूजा और लाल नजर आ रहा। आवाज भी उस उत्साह से भरपूर नहीं दिख रही थी। उनका कहना था कि महाराज को इस हालत में देखकर मन दुखी हो रहा है। जो चेहरा देखकर मन खिल जाता था, उसे देखकर आंखें नम हो रही हैं।

## ऋषभ की फिल्म 6 दिन में 400 करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांतारा चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर 6 दिनों में तहलका मचा दिया है। इसने छह दिनों में ना सिर्फ अपने बजट से 132% से अधिक की कमाई की है, बल्कि 400 करोड़ क्लब में भी एंट्री ले ली है। बुधवार को 7वें दिन जहां यह देश में 300 करोड़ क्लब में धमाकेदार एंट्री लेने वाली है, वहीं छह दिनों में ही इस फिल्म ने 400 करोड़ क्लब में एंट्री ली।





AUTHORIZED NISSAN DEALERS: MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN-9619894841, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124, CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314.

*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 31st October 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variant are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. ‡Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ~Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. #Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party.®GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults.

NISSAN FINANCE

TBWA\38980925


## शिल्पा से कहाः पहले 60 करोड़ दें फिर विदेश जाएं



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को दो टूक शब्दों में खरी-खरी सुनाई है। अदालत ने दोनों को आदेश दिया कि अगर वो अमेरिका के लॉस एंजिल्स या किसी अन्य जगह की विदेश जाना चाहते हैं, तो पहले 60 करोड़ जमा करने होंगे। अदालत ने यात्रा की अनुमति वाली याचिका खारिज कर दी।

अनूपपुर में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म

मासूम घर के पास खेल रही थी

# पड़ोसी 15 वर्षीय नाबालिग ने की वारदात, बच्ची अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अनूपपुर

अनूपपुर जिले के राजेंद्र ग्राम थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को पड़ोस में रहने वाले 15 साल के नाबालिग लड़के ने अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

राजेंद्र ग्राम एसडीओपी नवीन तिवारी के मुताबिक घटना 7 अक्टूबर की शाम की है। बच्ची अपने घर से कुछ दूर आरोपी के घर के पास खेल रही थी, तभी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। आरोपी के घर से निकलने के बाद



बच्ची जब अपने घर पहुंची तो वह दर्द में थी। उसके कपड़ों और शरीर पर खून लगा हुआ था। बच्ची की मां ने यह देखकर उससे पूछा, जिसके बाद बच्ची ने पूरी घटना मां को बताई। परिजनों ▶▶ शेष पेज 4 पर

मानसून की लगभग विदाई...कहीं छिटपुट छींटे पड़ें तो उसे मानसून न समझें

भोपाल में रात का पारा दशमलव 4 डिग्री और गिरकर 19.6 डिग्री लगातार तीसरे दिन गिरावट

# अक्टूबर में नवंबर जैसी ठंडक, आठ जिलों में पारा 19 डिग्री से नीचे गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार तीसरे दिन बुधवार को रात के तापमान में गिरावट रही है। भोपाल में रात का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर इस साल 6 अप्रैल के बाद सबसे कम न्यूनतम पारा दर्ज हुआ है।

वहीं, आठ जिलों में रात का पारा 19 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इनमें राजगढ़, इंदौर 17.6, धार 17.7, शाजापुर (गिरवर) 18.6, सीहोर 18.8, बड़वानी, खंडवा, उज्जैन का पारा 19 डिग्री रहा है। कश्मीर और हिमाचल में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साफ मौसम में गुलाबी ठंड



पॉलिटेक्निक चौराहे का दृश्य

### 11 जिलों में पारा 20 डिग्री से नीचे

प्रदेश के सभी जिलों में औसत न्यूनतम पारा एक डिग्री तक गिरा है। प्रदेश में औसत न्यूनतम पारा 21 डिग्री रहा। भोपाल में 19.6 डिग्री रहा। इंदौर में 17.6, धार में 17.7, गुना 19.7, रतलाम 19.6, छिंदवाड़ा 19.8, खंडवा 19, खरगौन 19.4, पचमढ़ी 19.2, राजगढ़ 17.6, उज्जैन 19, रतलाम 19.6 डिग्री रहा।

# पारंपरिक परिधान में मातृशक्तियों ने मनाया प्री करवा चौथ

## महामंडलेश्वर 108 संजना ने महिलाओं को आशीर्वचन दिए

## महिलाओं ने स्वास्थ्य परामर्श स्टॉल भी लगाए

**समाज में लव जिहाद जैसे विषय चर्चा में, इसलिए बच्चों को सनातनी संस्कारों से शिक्षित करना आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा समन्वय भवन त्रिलंगा में सोसाइटी से जुड़ी मातृशक्तियों ने पारंपरिक भारतीय परिधान और सोलह श्रृंगार में सुसज्जित होकर प्री करवा चौथ मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रस्तुति के साथ मातृशक्तियों को सम्मानित किया। सोसाइटी की अध्यक्ष रूचिका जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर 108 संजना ने महिलाओं को आशीर्वचन दिए।

महामंडलेश्वर संजना ने कहा कि माताएं अपने बच्चों को बाहरी आडंबर और नकारात्मक प्रभावों से दूर रखें। आजकल समाज में लव जिहाद जैसे विषय चर्चा में हैं, इसलिए बच्चों को सनातनी संस्कारों से शिक्षित करना आवश्यक है ताकि वे अपने धर्म और संस्कृति के प्रति सजग रहें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने महिला परिधान प्रदर्शन स्टॉल और स्वास्थ्य परामर्श स्टॉल भी लगाए, जिनमें महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और जागरुकता संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर रीता मूलचंदानी, रिचा खरे, रेखा जैन, शिखा यादव समेत सोसायटी की सदस्य शमिल हुई।



सर्वधर्म कोलार में महिला भजन संध्या का आयोजन

# माता वैष्णोदेवी की आराधना कर मनाई गई शरद पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां वैष्णोदेवी उत्सव एवं जनकल्याण समिति की महिला मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा पर माता वैष्णोदेवी की आराधना कर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कोलार के सर्वधर्म स्थित कल्पना चावला गार्डन में आयोजित भजन संध्या में बड़ी संख्या में कॉलोनी महिलाएं शामिल होकर मां जगत जननी दुर्गा महारानी की आराधना की।

समिति की महिला मंडल की संयोजक लक्ष्मी राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि मातारानी के भजन गाकर मातारानी के एकसाथ जयकारे लगाए गए। संध्या भजन के बाद मातारानी का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौर ने भजन गायिका राखी परमार और समाजसेवी वंदना सिन्हा का मातारानी की चुनरी पहनाकर सम्मान किया गया।

भजन संध्या में अल्पना पाल सिंह, डोली तिवारी, पूनम कुलकर्णी, रेखा सोलंकी, कुसुम राजपूत, सुंदर भाई, सुनीता रघुवंशी, मनीषा सक्सेना, तनिष्का जोशी, हेमलता सराठे, अनुराधा अहिरवार, निधि सिंह, प्रीति चौधरी, प्रियंका कुमारी, रश्मि शर्मा, कल्पना शुक्ला, ओशी सराठे, कुमकुम पटेल, कविता चौरसिया सहित कॉलोनी की महिला भक्त मौजूद थी।

## खबर संक्षेप



### डीआरएम से मिले रेलवे सलाहकार समिति सदस्य कुंभ को लेकर की चर्चा

**भोपाल।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों ने बुधवार को भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी से भेंट कर चर्चा की। सदस्यों ने डीएमआर के साथ भोपाल के मुख्य स्टेशन, रानी कमलापति स्टेशन व संत हिरदाराम नगर स्टेशन के विकास पर चर्चा की। सदस्यों ने डीआरएम से पूछा कि उज्जैन में होने वाले 2028 में कुंभ के समय भोपाल स्टेशन पर करोड़ों यात्रियों का आना होगा उसके लिए हमें क्या क्या तैयारी करनी है। जिसमें सबसे अधिक लोड भोपाल मुख्य स्टेशन व संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर होगा। इसको लेकर सबने अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर सदस्य तेजकुलपाल सिंह पाली, नितेश लाल, नरेंद्र कुमार सोनी व निलेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन आज

**भोपाल।** राजधानी स्थित पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ में 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केन्द्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय और मध्यप्रदेश संसदीय कार्य विभाग के सहयोग से भोपाल के भू-तल विंध्याचल भवन स्टेट बैंक के पास स्थित कार्यालय में होगा। कार्यक्रम में अपर सचिव केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय और सेवानिवृत्त अपर सचिव मध्यप्रदेश विधानसभा पुनीत श्रीवास्तव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### सांची विविः राष्ट्रीय अधिवेशन में स्कॉलर्स ने 15 शोध पत्र किए प्रस्तुत



**भोपाल।** सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग एवं आयुर्वेद विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय अधिवेशन एवं संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किए। समाज के स्वास्थ के लिए योग कितना उपयोगी है तथा सामाजिक सद्भावना में योग एवं खेलों की क्या भूमिका है, जैसे विषयों पर विवि के 15 स्कॉलर्स ने अपने शोध पत्र पढ़े। यह कार्यक्रम उज्जैन के बढ़नगर अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दर्शन परिषद् के 21वें राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया था।

### रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के होंगे चुनाव

**भोपाल।** मप्र राज्य शाखा की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के चुनाव भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कराने जा रही है। इसके लिए एक नवंबर से तीन नवंबर के बीच आवेदन बुलाए गए हैं। उम्मीदवार नामांकन मप्र राज्य रेडक्रॉस शाखा निर्वाचन के पास आवेदन एक नवंबर से तीन नवंबर के बीच कर सकेंगे। तीन नवंबर से नामांकन प्राप्त होंगे। चार नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे।

## नगर निगम की अनदेखी से पुराने शहर की व्यवस्था चौपट

# दुकानदारों ने 10-10 फीट किया अतिक्रमण लगता है जाम, पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में फैल रहे अतिक्रमण और नगर प्रशासन की अव्यवस्थाओं से व्यापारी ही नहीं राजधानीवासी भी त्रस्त हैं। अतिक्रमण शहर की छवि किस प्रकार से खराब कर रहा है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण भोपाल में लग रहा हर रोज का ट्रैफिक जाम है। यह जाम सुबह 12 बजे से रात को 9 बजे तक भी समाप्त ही नहीं होता है।

भोपाल के पुराने शहर के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि पुराने शहर में रेहड़ी पटरी वाले, ठेले वालों ने बड़ी सड़क को अपने व्यापार का प्रमुख केंद्र बना दिया। भोपाल में सड़कें तो पर्याप्त हैं। जनसंख्या के हिसाब से उनमें चलने का भी पर्याप्त स्थान भी है, मगर अतिक्रमण ने उसको 75 फीसदी तक कवर कर लिया है। सघन व्यापारिक क्षेत्र लखेरापुरा चौक बाजार, जुमेराती, घोड़ा निकास, न्यू मार्केट बैरागढ़ की बात करें तो यहां पर दुकानदारों ने अपने दुकानों को सड़क पर 10-10 फीट आगे तक बढ़ा लिया। रॉयल मार्केट से मोती मस्जिद तक 70 फीट तक चौड़ी सड़क 20 फीट की रह गई और दिनभर जाम लगा रहता है। आलम यह है कि जहां दस मिनट लगना चाहिए, वहां एक घंटा लग रहा है।

## मरीजों को अस्पताल पहुंचने और पुलिस को मौके पहुंचने में आती है दिक्कत

## 70 फीट तक चौड़ी सड़क 20 फीट की ही बची



न्यू मार्केट



चौक बाजार

### दीपावली तक विशेष ट्रैफिक व्यवस्था होनी चाहिए

*अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महासचिव और जुमेराती बाजार स्थित व्यापारी अनुपम अग्रवाल ने कहा कि त्यौहारी सीजन के चलते थोक किराना बाजार जनकपुरी, जुमेराती, हनुमान गंज, घोड़ा निक्कास, आजाद मार्केट, मारवाड़ी रोड, लोहा बाजार आदि इलाकों में दिनभर ट्रैफिक जाम हो रहा है। उपभोक्ताओं का पैदल चलना भी मुश्किल है। दीपावली तक उपरोक्त बाजारों में दीपावली तक विशेष ट्रैफिक व्यवस्था होनी चाहिए।*

### न्यू मार्केट के व्यापारियों को थमाया जा रहा है बैक डेट का नोटिस

न्यूमार्केट के व्यापारियों ने बताया कि नगर निगम कार्यालय जोन 21 ने मार्केट व्यापारियों बुधवार को बैक डेट यानी 30 सितंबर 2025 का नोटिस थमाया। दुकानदारों ने जब नोटिस पर नजर डाली तो समझ आया कि नोटिस 9 दिन पुराना है, जिसमे तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है।



**नटराज में पानी की टंकी का किया भूमिपूजन**

# विधायक रामेश्वर ने वार्ड 84-85 को दी तीन करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम रोड स्थित वार्ड 84 के नटराज में एक करोड़ की लागत से बनने वाली 15 लाख लीटर की क्षमता वाली पानी की टंकी का भूमिपूजन बुधवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। इस दौरान वार्ड 84 के ही इंडस टाउन के पार्क अनुजा एवं नटराज के पार्कों के विकास कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक रामेश्वर ने वार्ड 85 के विवेकानंद परिसर में एक करोड़ 19 लाख की लागत से नर्मदा जल की पाइप लाइन बिछाने के कार्य का भूमिपूजन किया। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मैंने इस क्षेत्र के नागरिकों से वादा किया था की हर घर को नल से जल दूंगा निश्चित रूप से उस वादे को पूरा होते देख मन आनंद से भरा हुआ है।

### नेटवर्क से जोड़ा जा रहा सीवेज

नर्मदापुरम रोड़ एवं कटारा क्षेत्र की सभी कॉलोनियों में मां नर्मदा के जल के साथ साथ सीवेज नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। अमृत योजना के माध्यम से इस क्षेत्र में कार्य बहुत तेजी से किए जाएंगे। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर अग्रसर है। अमृत योजना के माध्यम से नागरिकों की मूलभूत समस्या का स्थाई हल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## इंदौर जाने के लिए लिए पातालकोट एक्सप्रेस में सफर कर रहा था युवक

# ट्रेन के गेट पर खड़े यात्री के हाथ पर डंडा मार कर बदमाश ने लूटा मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर पहुंच रही पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे यात्री के हाथ से अज्ञात बदमाश ने मोबाइल लूट लिया। घटना उस समय हुई, जब पातालकोट एक्सप्रेस रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से निकलकर भोपाल स्टेशन पहुंचने वाली थी।

दरअसल, भोपाल स्टेशन आने से करीब तीन-चार किलोमीटर पहले स्लम एरिए में बदमाश ने गेट के पास खड़े युवक के हाथ पर डंडा मारा था। डंडा लगने से उसके हाथ से मोबाइल नीचे गिर गया। मोबाइल नीचे गिरते ही बदमाश मोबाइल लेकर भाग निकले। जीआरपी के अनुसार राहुल पटेल पिता हरपाल सिंह पटेल (21) ग्राम जालौन, थाना



बाबई जिला नर्मदापुर में रहता है। उसके पिता ट्रांस्पोर्ट का व्यवसाय करते हैं, जबकि राहुल इंदौर की एक कोचिंग में एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। राहुल अपने दोस्त के साथ इंदौर जाने के लिए नर्मदापुरम स्टेशन से पातालकोट एक्सप्रेस में बैठा था। दोनों दोस्तों को भोपाल स्टेशन से इंदौर जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़नी थी। पातालकोट एक्सप्रेस रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से चली और भोपाल रेलवे स्टेशन आने वाला था। ट्रेन धीमी गति से चल रही थी।

### स्लम एरिया में ट्रैक किनारे खड़े थे बदमाश

स्लम एरिया आने के बाद रेलवे ट्रैक किनारे दो तीन युवक खड़े थे। खंभा नंबर 834/22 के पास जनरल कोच पहुंचा था, तभी नीचे खड़े दो लोगों ने राहुल और उसके साथ खड़े एक अन्य युवक के हाथ पर डंडा मारा। राहुल के हाथ पर डंडा लगते ही उसका मोबाइल नीचे गिर गया। उसने शोर मचाकर अपने दोस्त को जंजीर खींचने की बात कही। उसने जंजीर खींची और ट्रेन रुक गया। हालांकि तब तक नीचे खड़े बदमाश मोबाइल उठाकर भाग निकले थे। राहुल ने जीआरपी थाने पहुंचकर बताया कि दो लोग थे, जिनके हाथ में डंडा था। वह पहनावे से मुश्लिम लग रहे थे।

## स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह की जयंती पर लगी मास्टर क्लास



**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पुष्पेंद्र पाल सिंह की जयंती पर मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। मास्टरक्लास में वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय झा एवं आरजे अनादि ने मीडिया के क्षेत्र में चुनौतियां एवं अवसर पर विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन कर सवालों के जवाब दिए। इस मौके पर जेएलयू के प्रो. दिवाकर ने मीडिया गुरु स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह को भावुक होकर याद करते हुए कहा कि कुछ छवियां कभी धुंधली नहीं पड़ती, वे हमें जोड़ती हैं। स्वर्गीय पुष्पेंद्र पाल सिंह सबके गुरु थे, उनसे पहली मुलाकात याद है। उन्हें याद करना, उन्हें फिर से जीना है। दिवाकर ने बताया कि उन्होंने एक अनजान शहर और अकादमिक परिवेश को समझने में मदद की।

- देशभर से एकत्र हुए छात्र, पत्रकारिता और रेडियो में चुनौती और अवसर पर विशेषज्ञों ने दिए जवाब

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

# स्कूल भवन जर्जर, कभी भी गिर जाता है प्लास्टर, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के बैरसिया ब्लॉक के अंतर्गत स्थित प्राथमिक शाला कढ़ैया कोटा में स्कूल भवन के जर्जर होने का है।

मामले में आयोग ने आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि स्कूल भवन की हालत जर्जर हो चुकी है। छत और दीवारों का प्लास्टर गिर गया है। कमरों की हालत जर्जर होने के कारण दो से चार कक्षाओं के बच्चे एक साथ बैठते हैं।

### मटमैले पानी से परेशान रहवासी

*भोपाल शहर के नीलबड़ के बरखेड़ी खुर्द क्षेत्र के रहवासी को पिछले एक माह से गंदे पानी की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि सड़क खुदाई के कारण बार-बार पानी की लाइन टूट जाती है, जिससे मटमैला और बदबूदार पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। ऐसे में लोगों को मजबूरन यही पानी उपयोग करना पड़ता है। आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।*

### संजीवनी क्लीनिक बनकर तैयार, पर शुरू नहीं हुआ

*भोपाल जिले के कोलार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 81 के गेहूं खेड़ा सब्जी मंडी के पास बनी संजीवनी क्लीनिक का काम करीब छह माह से पूर्ण हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद क्लीनिक शुरू नहीं हो पाई है। इस कारण आसपास की करीब 30 हजार आबादी और मरीजों को इसकी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही है। आयोग ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं।*

**स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण किया**

# इनरव्हील भोपाल राइज ने बुजुर्गों के साथ बिताया समय, दिए उपहार व दवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करुणा और संवेदना का उदाहरण पेश करते हुए इनरव्हील भोपाल राइज़ एक युवा-प्रेरित सामाजिक संस्था ने ईदगाह हिल्स स्थित आसरा वृद्धाश्रम में वरिष्ठ जन और वृद्ध नागरिकों के साथ समय बिताया। उन्हें अपनेपन और खुशी का एहसास कराया।

वरिष्ठ गायनाकोलॉजिस्ट डॉ. छाया बुधवानी ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण किया। उनको विटामिन्स युक्त दवाएं वितरित भी प्रदान की। इस दौरान इनरव्हील भोपाल राइज़ की टीम ने वृद्धाश्रम के निवासियों को गिफ्ट हैम्पर वितरित किए। बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान और आनंद की झलक आ गई। यह पहल संगठन की समाज में सकारात्मकता और करुणा फैलाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इनरव्हील भोपाल राइज़ की प्रेसिडेंट ने कहा कि वृद्धाश्रम के निवासियों के साथ समय बिताना और उनके चेहरों पर खुशी देखना हमारे लिए एक भावनात्मक अनुभव था। उनके आशीर्वाद हमें समाज के लिए और अधिक कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।" यह दौरा कृतज्ञता और समाज कल्याण के प्रति नई ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

## मध्य प्रदेश में लोकायुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई, किया गिरफ्तार

# चार बाबू सहित महिला अफसरों को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में लोकायुक्त संगठन ने बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त ने प्रदेश के कई रिश्वत के मामले में एक्शन लिया है। खास तौर से बाबू स्तर के कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया है। इसके साथ ही उनको गिरफ्तार भी किया है।

इन कार्रवाई से स्पष्ट हुआ है कि बाबू या अन्य अधिकारी वैध आमजनों के कामों को पूरा करने के लिए रिश्वत लेते हैं। ऐसे ही सरकारी महकमे के कर्मचारियों पर ट्रैप की कार्रवाई की है। उन्होंने लाखों रुपए की रिश्वत की डिमांड की थी।

### सीधी, ग्वालियर और सागर जिले में बाबू और अधिकारी को दबोचा

*केस - 1 : मंदसौर जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार कालाखेत सहायक प्रबंधक हिमांगिनी शर्मा 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाने की कार्रवाई अभी पूरी हुई भी नहीं थी कि सीधी जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की महिला लिपिक 8 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाई हैं। आरईएस विभाग के एक साथ तीन अधिकारी-कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। विभाग की लिपिक नेहा सिंह को 8 हजार रुपए रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को कार्यालय में ही ट्रैप किया है। महिला कर्मचारी पुल निर्माण के भुगतान के बदले में 15 हजार की रिश्वत मांगी थी।*

*केस - 2 : ग्वालियर में गोपाल मंदिर के पास स्थित नगर निगम के दफ्तर में बुधवार को लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई करते हुए बाबू राजेश सक्सेना को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। बाबू राजेश सक्सेना ने वर्षा घंघेट नाम की महिला से पिता के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति लगवाने के एवज में 1 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 30 हजार रुपए की पहली किस्त वो महिला से पहले ही ले चुका था और अब नौकरी लगने के बाद रिश्वत के बाकी बचे 70 हजार रुपए देने के लिए दबाव बना रहा था। रिश्वत के बाकी 70 हजार रुपए देने के लिए बाबू के द्वारा बार-बार परेशान करने की शिकायत सफाइकर्मी महिला वर्षा घंघेट के पति आशू ने लोकायुक्त कार्यालय में की थी। लोकायुक्त टीम ने शिकायत की जांच की और शिकायत सही पाए जाने पर बुधवार को रिश्वत के 25 हजार रुपए देने के लिए बाबू राजेश सक्सेना के पास भेजा। बाबू ने रिश्वत देने के लिए नगर निगम के दफ्तर में बुलाया और जैसे ही वहां पर रिश्वत के 25 हजार रुपए लिए तो सादे कपड़ों में मौजूद लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया।*

*केस - 3 : ऐसा ही मामला मंदसौर जिले से सामने आया है। यहां बुधवार को लोकायुक्त ने सहकारिता उपायुक्त कार्यालय की महिला अधिकारी हिमांगनी शर्मा को 15 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। खबर लिखे जाने तक रिश्वतखोर अधिकारी पर लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई जारी रही। दसौर के काला खेत में सोसाइटि प्रबंधक प्रभुलाल वर्मा की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने सहकारिता उपायुक्त कार्यालय की महिला अधिकारी हिमांगनी शर्मा रिश्वत लेते ट्रैप किया। प्रभुलाल वर्मा ने शिकायत की थी कि, सहकारिता उपायुक्त कार्यालय में बिल पास करने के एवज में महिला अधिकारी हिमांगनी शर्मा ने 40 हजार रूपए की मांग की। फरियादी ने बुधवार से पहले 5 हजार रुपए रिश्वत की पहली किस्त के रूप में हिमांगनी शर्मा को दी थी। वहीं रिश्वत की दूसरी किस्त 15 हजार देते समय लोकायुक्त पुलिस ने महिला अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। रिश्वतखोर अधिकारी को ट्रैप करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की है।*

*केस - 4 : सागर लोकायुक्त टीम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ बाबू को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बाबू का नाम विमल खरे है, जिसने अपने ही साथी कर्मचारी दिलीप डामोर की छुट्टियां स्वीकृत करने के लिए रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त की टीम मौके पर पहुंची और बाबू विमल खरे को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के लिए निरीक्षक रोशनी जैन के नेतृत्व में एमपीसागर लोकायुक्त की टीम ने ट्रैप की योजना बनाई और जैसे ही विमल खरे ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर उसे गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।*

भोपाल
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 12, अंक : 190
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का आगाज



# अब भारत घर में घुसकर मारता है, कांग्रेस बताए मुंबई आतंकी हमले के बाद किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की

मुंबई में पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई न करने पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार के दौरान गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम के बयान के आधार पर सवाल किया कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की गई। पीएम मोदी ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन, तब जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोरी ने आतंकवादियों को मजबूत किया, देश की सुरक्षा को कमजोर किया जिसकी कीमत देश को बार-बार जानें गंवाकर चुकानी पड़ी

पीएम ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया



### मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया

**बकौल प्रधानमंत्री मोदी-** हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता, जो कांग्रेस के शासनकाल में देश के गृहमंत्री रह चुके हैं, ने एक साक्षात्कार में बड़ा खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमला करने को तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने देश की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया और मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है। इससे पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

## पीएम मोदी बोले

# आज 1 जीबी डेटा की कीमत 'एक कप' चाय से भी कम

» 'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म' थीम पर यह टेक्नोलॉजी इवेंट

» इसमें 150 देशों के प्रतिनिधि और 400 कंपनियां हिस्सा ले रहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया। 'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म' थीम पर आयोजित यह एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट है, जिसमें 150 देशों के प्रतिनिधि और 400 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। यह 11 अक्टूबर तक चलेगा। पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी टेक क्रांति में अहम योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले फ्यूचर का मतलब अगला शतक या अगले 10-20 साल होते थे, लेकिन टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से बदल रही है कि अब हम कहते हैं- द फ्यूचर इज हेयर एंड नाऊ। पीएम मोदी ने भारत में सस्ते मोबाइल डेटा की ओर ध्यान खींचते हुए कहा कि आज देश में 1 जीबी वायरलेस डेटा की कीमत एक कप चाय की कीमत से भी कम है।

### 6जी टेक्नोलॉजी में भारत दुनिया को लीड करेगा

मोदी ने कहा कि मैंने प्रदर्शनी में लगे कुछ स्टॉल्स देखे जिसमें मुझे भविष्य की झलक दिखी। टेलीकॉम कनेक्टिविटी, 6जी टेक्नोलॉजी, एआई, साइबर सिक्योरिटी सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन-स्पेस टेक्नोलॉजी, डीप-सी और ग्रीन-टेक आदि समेत अन्य टेक्नोलॉजी सेक्टर्स में आने वाला समय बिलकुल ही अलग होने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 6जी टेक्नोलॉजी में भारत दुनिया को लीड करेगा। मोदी ने इंटरनेट स्पीड का महत्व बताते हुए कहा कि इंटरनेट स्पीड केवल नंबर और रैंकिंग के लिए ही नहीं होते, बल्कि अच्छी इंटरनेट स्पीड इज ऑफ लिविंग को भी बढ़ा देते हैं। इंटरनेट स्पीड बढ़ने से कनेक्टिविटी और आसान हो जाती है। टेक्नोलॉजी ने आम नागरिकों को वो अधिकार दिलाने में सहायता की है जो पहले मिलना मुश्किल थे। इसमें टेलीकॉम सेक्टर ने बड़ी भूमिका निभाई है। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### 100 से अधिक सेशन होंगे

डेटा खपत की बात करें, तो भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। इसका मतलब है कि डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विलासिता या विशेषाधिकार नहीं रही, बल्कि भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। कार्यक्रम में 800 से ज्यादा स्पीकर्स और 100 से अधिक सेशन होंगे, जिनमें जापान, कनाडा, ब्रिटेन, रूस, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देशों के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे। इस इवेंट को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### » 2 लाख ग्राम पंचायतों में पहुंचा केबल इंटरनेट

पीएम मोदी ने कहा कि भारत नेट प्रोजेक्ट ने 2 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जोड़ा है। मोदी ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) मिशन में 10,000 लैब्स के जरिए 75 लाख बच्चों को कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा चुका है। पीएम ने आगे कहा कि आज तकनीकी संस्थानों में 100 यूज्ड केस लैब्स की शुरूआत से इसका ग्राफ बढ़ने वाला है।

## खबर संक्षेप

### ज्योति सिंह का दावा पवन ने कराया गर्भपात




**नई दिल्ली।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ने उनपर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पवन सिंह मुझे गर्भपात की दवा देते थे। उन्होंने कहा कि पवन बच्चे की बात कर रहे हैं लेकिन हर बार मुझे दवा खिलाई गई। मैंने परेशान होकर स्लीपिंग पिल खा ली। वहीं, ज्योति ने पवन सिंह के उन बयानों को झूठ बताया जो उन्होंने हालिया विवाद और चुनाव को लेकर दिए थे। पवन सिंह ने कहा था कि पुलिस पहले से मौजूद थी।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से 11 तक गुजरात दौरे पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 9 से 11 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगी। इस दौरान वे राज्य के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना और आदिवासी समुदायों से संवाद करेंगी। राष्ट्रपति 9 अक्टूबर की शाम राजकोट पहुंचेंगी। अगले दिन सोमनाथ मंदिर जाएंगी। इसके बाद वे गिर राष्ट्रीय उद्यान जाएंगी और सासन गिर में स्थानीय आदिवासी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात करेंगी।

### ईडी का अभिनेताओं के ठिकानों पर छापा



**कोच्चि।** भूटान से भारत में लक्जरी कारों की तस्करी के मामले में ईडी ने बुधवार को केरल और तमिलनाडु में अभिनेताओं पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और अमित चक्कलक्कल, चेन्नई के ग्रीनवेज रोड स्थित मलयालम अभिनेता ममूटी तथा कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम, कोट्टायम और कोयंबटूर आदि में 17 जगह छापे मारे।

## कफ सिरप कांड

छिंदवाड़ा में सिविल सर्जन को हटाया, ड्रग इंस्पेक्टर ने डिप्टी सीएम को गिनाई भोपाल लैब की खामियां

# अब मौत का आंकड़ा 23...मप्र की एसआईटी की दो टीमें कंपनी के मालिक को 'खोज' रहीं

*एसआईटी की दो टीमें तमिलनाडु पहुंच चुकी हैं और सन फार्मा के मालिक रंगनाथन के छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं पर ये मौत का सौदागर अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत का आंकड़ा 23 तक पहुंच गया है। इस मामले में एक और एक्शन हुआ है। डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन नरेश गोन्नाड़े को हटा दिया है। उनकी जगह डॉ. सुशील दुबे नए सिविल सर्जन बनाए गए हैं।

गोन्नाड़े सीएमएचओ भी हैं, उनके पास सिविल सर्जन का प्रभार भी था। जिसके बाद उनसे सिविल सर्जन का चार्ज वापस ले लिया गया है। इससे पहले बुधवार को डिप्टी सीएम और ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ▶▶ अब तक प्रदेश से जहरीली कफ सिरप का पूरा स्टॉक हटा या नहीं, इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं
- ▶▶ मेडिकल स्टोर संचालकों ने गाइडलाइन मांगी कि खांसी में आखिर कौनसी सिरप बेची जाए?

» **लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 या 12 अक्टूबर को छिंदवाड़ा के परासिया आएंगे**

डिप्टी सीएम शुक्ल नागपुर से छिंदवाड़ा पहुंचे और मृतक बच्चों के परिजनों से भी मिले



उपमुख्यमंत्री शुक्ल पीड़ित परिवारों से मिले

### भोपाल की लैब में माइक्रो लेवल पर टेस्टिंग नहीं

बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर ने स्वास्थ्य मंत्री को लैब की कमियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी लैब को अपडेशन की जरूरत है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कहां की लैब, छिंदवाड़ा की या भोपाल की। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि भोपाल की लैब। वहां पर ही माइक्रो लेवल पर टेस्टिंग नहीं हो पाती और जांच में भी समय लगता है। जिला औषधि विक्रेता संघ ने भी स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। अध्यक्ष संतोष चौरे ने कहा कि प्रशासन हम पर सभी तरह के कफ सिरप न बेचने का दबाव बना रहा है। ऐसे में मौसमी बीमारियों के मरीजों को भी हम दूसरी कंपनियों के सिरप नहीं दे पा रहे हैं। हमें इस पर स्पष्ट गाइडलाइन चाहिए।

### डॉक्टरों से कहा - यह हड़ताल का सही समय नहीं

स्वास्थ्य मंत्री ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की, जिन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। मंत्री ने डॉक्टरों से अनुरोध किया कि ऐसे इमरजेंसी के हालात में हड़ताल पर न जाएं, क्योंकि इससे डॉक्टरों की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सियासत भी गर्माई, कांग्रेस ने मांगा 1-1 करोड़ रुपए का मुआवजा

इस त्रासदी पर अब राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों के लिए 1-1 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है और सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि जांच पूरी पारदर्शिता से की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार 4 लाख रुपए में मां की गोद खरीदना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष ने मांग की है कि परिजनों से बिल लेकर अस्पताल से संबंधित भुगतान किया जाए, ताकि वे परिवार जिनके बच्चों की मृत्यु हो चुकी है और जो कर्ज में डूब चुके हैं, उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। सिंघार बुधवार को छिंदवाड़ा पहुंचे थे।

## डॉक्टर ने छोटे भाई को थार से कुचलवाया

10 लाख की दी थी सुपारी

# 6 करोड़ के जमीन विवाद पर 'हत्या' कराने की थी कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वाह (खरगोन)

खरगोन जिले में बड़वाह के बलवाड़ा में हत्या की साजिश रचने के केस में फरार डॉक्टर दीपक शर्मा ने बुधवार को बलवाड़ा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। 29 सितंबर को थार से छोटे भाई संदीप को कुचलने की कोशिश की गई। डॉक्टर पर छोटे भाई की हत्या की साजिश का आरोप है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने अपने छोटे भाई की हत्या के लिए 10 लाख रुपए की सुपारी दी थी। उसने पुलिस को बताया है कि वह पेरेंट्स द्वारा पुश्तैनी जमीन छोटे भाई को देने से ▶▶ शेष पेज 4 पर



### एएसआई समेत तीन लोगों को इनोवा से कुचलने की कोशिश

**नरसिंहपुर।** यहां एक एएसआई समेत तीन बाइक सवार लोगों को इनोवा कार से कुचलने की कोशिश की गई। घटना 4 अक्टूबर को करेली गुरुद्वारा के पास की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है। बाइक पर जबलपुर जिले के चरगवां ▶▶ शेष पेज 4 पर

## गृह मंत्री शाह ने जीमेल छोड़ा

# जोहो मेल को बनाया नया ईमेल प्लेटफॉर्म



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना ईमेल प्लेटफॉर्म बदलते हुए जीमेल से जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। यह स्वदेशी तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रही है और डिजिटल आत्मनिर्भरता के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

यह स्वदेशी तकनीक तेजी से लोकप्रिय

## मामले को वापस हाईकोर्ट भी भेज सकता है सुप्रीम कोर्ट

# ओबीसी को 27% आरक्षण की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए लाए गए 2019 के कानून पर अमल सुनिश्चित करने की मांग वाली याचिका पर जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ गुरुवार को सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर पहले ही नोटिस जारी कर चुका है। बुधवार को इस मामले पर सुनवाई होनी थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मैटर को मेंशन किया। मेहता ने कहा कि इसमें बहुत सारे टेक्निकल पक्ष हैं। इसलिए कहीं न कहीं इसकी सुनवाई में समय लग सकता है। इसके समाधान के लिए क्या तरीका निकाला जाए? क्यों न कुछ और तरह का सॉल्यूशन निकाला जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप फिर वक्त मांगेंगे तो और समय जाएगा। दिक्कतें बढ़ेंगी। अगले हफ्ते दीवाली है, छुट्टियां हैं। कोर्ट ने कहा कि हम ये ▶▶ शेष पेज 4 पर



*कोर्ट ने कहा कि हम ये चाहते हैं कि ये मैटर हाईकोर्ट के फैसले के बाद हमारे पास आए। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन पहुंची हैं। इस मामले में हाईकोर्ट का कोई फैसला नहीं हैं।*

## सब-इंस्पेक्टर पर 40 हजार मांगने का आरोप

परिजनों ने किया चक्काजाम, पुलिस पर प्रताड़ना के लगाए आरोप

# पुलिस के खिलाफ रील बनाने वाले युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में सोशल मीडिया पर पुलिस को अपशब्द कहकर चुनौती देने वाले युवकों में से एक अभिषेक चौहान ने बुधवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद नाराज परिजनों ने चिमनगंज मंडी चौराहे पर शव रखकर नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया।

अभिषेक के साथी और परिजनों ने पुलिस पर रिश्वत मांगने और प्रताड़ना के आरोप लगाए। पुलिस



अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। दरअसल, यह मामला दो दिन पहले की पुलिस कार्रवाई से जुड़ा है। विराटनगर में रहने वाले अभिषेक चौहान ने अपने साथी विक्की राठौर के साथ करीब एक सप्ताह पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो में अभिषेक पुलिस को अपशब्द कहते हुए चुनौती दे रहा था कि अगर पुलिस उसे जेल भेजेगी, तो उसका पिता उसे छुड़ा लेगा। वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार शाम क्राइम ब्रांच ने अभिषेक और विक्की को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की थी। पुलिस ने दोनों युवकों को सबक सिखाने के लिए माफी मंगवाकर उसका वीडियो भी बनवाया ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जापान-ऑस्ट्रेलिया और यूएस के वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान

# मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क खोजा, जिसका उपयोग गैस को जोड़े रखने व कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रसायन में नोबेल पुरस्कार 2025 की घोषणा हो चुकी है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया। इस साल ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सुसुमु कितागावा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान) रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला



सुसुमु कितागावा | रिचर्ड रॉबसन | उमर एम. याघी

### मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में योगदान

रसायन में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में अपने योगदान के लिए दिया गया है। जो कि कार्बन और मेटल दोनों से मिलकर बने होते हैं, इनका उपयोग केमिकल प्रोसेस में सहयोग, गैस को जोड़े रखने और कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए किया जाता है।

### अब तक 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान दिया गया

इन शोधकर्ताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को एक समारोह में औपचारिक रूप से स्टॉकहोम में प्रदान किया जाएगा। बता दें कि 1901 से 2024 के बीच 195 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। गौरतलब है कि अल्फ्रेड नोबेल एक धनी स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे और उन्होंने ही इन पुरस्कारों की स्थापना की थी।



कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस के बाद समूह छायाचित्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना और संभाग आयुक्त, आईजी, कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक।

## डीजीपी मकवाना ने कहा- रिव्यू में आंकड़े नहीं, सुधार करने की जरूरत, आईजी भी फील्ड में जाकर लोगों से संवाद करें

# सीएम बोले- फाइलें देखने के लिए नहीं बुलाया, घटना को रोकने का प्लान दें एसपी, हालातों पर नियंत्रण रखना उनकी जिम्मेदारी

## ब्रीफिंग के बीच एसपी ने किया डॉ. यादव के सवालों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

दो दिनों तक मध्य प्रदेश में हुई कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का बुधवार आखिरी दिन रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार की प्राथमिकता के साथ-साथ 2047 का विजन भी बताया। इसके साथ ही नॉन परफॉर्मिंग अफसर को फटकार भी लगी। मुख्यमंत्री ने विजन डॉक्यूमेंट के साथ-साथ लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर अफसर को हिदायत दी। साथ ही मध्य प्रदेश में नक्सलवाद को खत्म करने की डेट लाइन को भी याद दिलाया। एसपी को खासतौर पर निर्देश दिए कि वह अपना लोकल इंटेलिजेंस मजबूत रखें, क्योंकि अगर लोकल इंटीलिजेंस मजबूत रहेगा तो अपराधी के बारे में पुलिस को जरूर पता रहेगा। 2 दिन के कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में 7 से 8 सत्र के बीच अफसर से चर्चा हुई।

प्रेजेंटेशन से लेकर अफसर के नवाचार और सुशासन पर डॉ. मोहन ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि कमजोर परफॉर्मेंस रहने पर जिले का विकास रुकता है, इस बारे में अधिकारी ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफसर का काम है कि जिले का विजन डाक्यूमेंट तैयार करें। जनप्रतिनिधियों से संवाद लगातार होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिलों में जो बेहतर काम हो रहा है, उसे प्रदेश भर में लागू करना चाहिए। इधर, डीजीपी कैलाश मकवाना ने भी अफसरों को दो टूक कहते हुए बोले कि हम आकड़ों पर नहीं जाते हैं। रिव्यू में सुधार करने जरूरत होती है। एसपी तो फील्ड पर रहते ही हैं, लेकिन आईजी भी लोगों के बीच जाकर बातचीत करें। सरकार की मंशा से लोगों के बीच जाने पर फीडबैक सही मिलता है।

## *प्रेजेंटेशन से लेकर अफसरों के नवाचार सुशासन पर मुख्यमंत्री ने चर्चा की*




### मुख्यमंत्री ने पूछा, कोरेक्स कहां से आता है?

सीएम ने कहा कि कोरेक्स कहां से आता है। पता है या फिर मुझे ही पता लगाना होगा। मामला नियंत्रण में आ जाए नहीं तो दूसरी टीम भिजवाकर पुलिस के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करवा देता हूं। डीजीपी ने जवाब दिया कि हम इस मामले में गंभीर है। पड़ोसी राज्यों से भी जो दवाइयां आ रही है हम बैरियर के माध्यम से चेक करते हैं काफी हद तक नियंत्रण में है. मुख्यमंत्री ने कहा यह आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और एसपी से कहा, माफिया पर एक्शन लें

- चंबल में अवैध खनन को रोकने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अफसर की जब भूमिका संदिग्ध हो जाती है तो उन पर सवाल उठते हैं, इसीलिए सुशासन को लागू करने के साथ-साथ अधिकारी माफिया पर एक्शन लेने के लिए कहा जाता है। इस बीच मुख्य सचिव ने कहा कि एनजीटी ने भी बार-बार निर्देश दिए हैं तो फिर अधिकारी पुलिस बल के साथ खनन क्यों नहीं रोक पाते हैं।
- आदिवासी अंचलों में लगातार मारपीट की घटनाओं को लेकर कहा कि यह प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि समान रूप से लोगों को न्याय मिले। अगर कोई मारपीट आदिवासियों के साथ करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जंगल माफिया हो या फिर अवैध खनन करने वाले हो। सरकार पूरी तरीके से उनको लगाम लगाना चाहती है यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस बीच मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और एसपी अब तक हुई कार्रवाई का ब्यौरा भी दे।
- नर्मदापुरम और विंध्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर भी अधिकारियों को तलब किया गया मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े-बड़े आंकड़े और रिपोर्ट लेकर आए हैं लेकिन हकीकत तो यह है जब घटना हो जाती है बाद में पता चलता है कि गलती किसकी है। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रमुख सचिव से पूछा कि कितने मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कम कर रहा है। क्योंकि दवाइयां की टेस्टिंग तक नहीं हो पाती है। इस पर ड्रग कंट्रोलर को भी जवाब तलब किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नए आए हैं लेकिन पुराने रिकॉर्ड भी निकाल कर एक रिव्यू रिपोर्ट बताइए।

### *केंद्रीय बलों के संपर्क में रहें पुलिस अधीक्षक*

*बालाघाट मंडला और डिंडोरी के पुलिस अधीक्षक से कहा कि आप केंद्रीय बल के संपर्क में रहिए। जब भी नक्सली मूवमेंट होता है तुरंत ही सक्रिय हो जाना चाहिए छत्तीसगढ़ से आ रहे हो या फिर दूसरे रास्ते मध्य प्रदेश में घुसपैठ होनी नहीं चाहिए जो भी मौजूद है उनको मार गिरा देना चाहिए.।*

### *दूसरे जिलों में भी लागू होगा कमिश्नर सिस्टम*

*गुना शिवपुरी भोपाल इंदौर पुलिस कमिश्नर सिस्टम की भी मुख्यमंत्री ने तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कुछ और बड़े जिले हैं। जहां पर पुलिस कमिश्नर सिस्टम को लागू करना चाहिए इस पर डीजीपी एक प्लान तैयार करके सरकार को काम करना चाहते हैं।*

## *खनन, आदिवासियों से मारपीट और ड्रग्स पर मांगा जवाब*

## जबलपुर के राजस्व अभिलेखागार का नवाचार उपयोगी और अनुकरणीय

### *नवीनीकृत अभिलेखागार से रिकॉर्ड की सुरक्षा उपलब्धता हुई सुनिश्चितः जनसंपर्क आयुक्त*

कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्रथम सत्र में जबलपुर में राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम को लेकर हुए नवाचार को उपयोगी तथा अनुकरणीय बताते हुए सराहा गया।

इस नवाचार ने जनसामान्य के राजस्व रिकॉर्ड देखने के अनुभव को पूर्णतः बदल दिया है। आयुक्त जनसंपर्क एवं तत्कालीन कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना ने लघु फिल्म के प्रस्तुतिकरण में बताया कि जबलपुर के नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार का वातावरण अब बैंक के लॉकर रूम जैसा है। इस पहल से जनसामान्य के साथ रिकॉर्ड रूम के कर्मचारियों को भी गंदे-बदबूदार वातावरण से मुक्ति मिली है और वे रिकॉर्ड ढूंढ़ने की मशक्कत से मुक्त हुए हैं।

जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना ने कहा कि परिवारों की पीढ़ियों के लिए विशेष महत्व रखने वाला यह राजस्व रिकॉर्ड न केवल अब सुरक्षित है, अपितु रिकार्ड कहां रखा है, इसके संबंध में भी पारदर्शिता आई। आवश्यक जानकारियां अब सभी के लिए सुलभ हैं। इसके तैयार किए गए पोर्टल पर चंद एंट्रियों से पता चल जाता है कि रिकॉर्ड किस रैक-शेल्फ-बॉक्स में किस नंबर पर रखा हुआ है। आवेदक घर बैठे भी यह जानकारी प्राप्त कर सकता है। रिकॉर्ड रूम के बाहर लगाए गए कियोस्क से भी रिकार्ड में केस की लोकेशन का पता लगा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर प्रवास के दौरान जनसामान्य के जीवन को आसान बनाने वाले इस नवाचार की सराहना करते हुए जबलपुर जिला प्रशासन को इस पहल के लिए बधाई दी थी।




### ऑनलाइन एप्लीकेशन में डाली जानकारी

*आयुक्त जनसंपर्क सक्सेना ने बताया कि प्रायः राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम की स्थिति सभी जगह एक समान रहती है। बस्तों में दम तोड़ती फाइलों के बारे में जानकारी प्रायः कुछ बाबुओं और भृत्यों तक सीमित रहती थी। इस स्थिति में बदलाव के लिए रिकॉर्ड रूम को रेनोवेट किया गया। लोहे के रैक्स की मरम्मत कर उनका रंग-रोगन और रिकॉर्ड रखने के लिए कपड़े के बस्ते की जगह प्लास्टिक बॉक्स का उपयोग किया गया। बॉक्स पर रंगीन स्टीकर की मदद से तहसीलवार कलर कोडिंग की गई। रैक और उसकी शेल्फ को यूनिक नंबर दिया गया। केस फाइल की लोकेशन संबंधी सारी जानकारी ऑनलाइन एप्लीकेशन तैयार कर उस पर डाल दी गई।*

## नवाचारी प्रयासों से तलाशें समस्याओं के वैकल्पिक समाधान, विलेज एक्शन प्लान शीघ्र तैयार करेंः सीएस

*राष्ट्रव्यापी जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर से पहले पीएम जनमन के कार्य पूरा करें*

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि नवाचारी प्रयासों से समस्याओं के वैकल्पिक समाधान तलाशें। इसके लिए आदर्श प्रक्रियाएं अपनाएं। जनजातीय विकास की योजनाएं संवेदनशील प्रकृति की होती हैं, इसलिए समय-सीमा का ध्यान रखा जाए। मुख्य सचिव जैन कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन जनजातीय विकास कार्यों, आदि कर्मयोगी अभियान, पीएम जनमन योजना, धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान, वन अधिकार अधिनियम संबंधी विषयों पर कलेक्टर-कमिश्नर से यह बात कही। प्रमुख सचिव जनजाति कार्य गुलशन बामरा ने प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सभी जिले शीघ्र ही प्रत्येक ग्राम का विलेज एक्शन प्लान तैयार कर ग्राम सभा से अनुमोदन करवाएं। विलेज एक्शन प्लान के आधार पर डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान तैयार होगा और डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान के आधार पर स्टेट एक्शन प्लान तैयार होगा। इस प्रकार तैयार हुए प्लान का नई दिल्ली में प्रस्तुतिकरण होगा और सर्वश्रेष्ठ प्लान को पुरस्कृत किया जाएगा।

### पीएम जनमन योजना में मप्र अव्वल

प्रतुतिकरण में बताया गया कि पीएम जनमन योजना के तहत हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में मप्र में उत्कृष्ट कार्य हुआ है। आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज उपलब्ध कराने में 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। आयुष्मान कार्ड जारी करने में शिवपुरी, मैहर, रायसेन, कटनी और भिंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। लंबित जाति प्रमाण पत्र जारी करने में जबलपुर, रायसेन और सिवनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सभी जिलों से अधोसंरचनात्मक कार्य जैसे हॉस्टल निर्माण, सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, बहुउद्देशीय सेंटर निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### आदि कर्मयोगी अभियान में 14 हजार 40 लक्षित गांव

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान में 14 हजार 40 लक्षित गांव के 10 हजार 893 विलेज एक्शन प्लान बन चुके हैं। इन गांवों में 11 हजार 394 आदि सेवा केंद्र स्थापित हो चुके हैं। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान जन धन, जाति प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज जारी किए गए उनकी संख्या 17 लाख 70 हजार 745 है।

### उत्कृष्ट कार्यों का हुआ प्रेजेंटेशन

आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना में बड़वानी खरगोन, नरसिंहपुर, सीहोर और इंदौर जिलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सत्र में बैतूल जिले ने आदि कामयोगी अभियान शिवपुरी ने पीएम जनमन आवास, शहडोल ने पीएम जनमन आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं आयुष्मान कार्ड वितरण संबंधी कार्य एवं बालाघाट ने वन अधिकार दावों के निराकरण पर प्रस्तुतिकरण दिया।

### योजनाओं में निर्धारित कार्यों को 15 नवंबर से पहले पूरा करें

बामरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 15 नवंबर को राष्ट्रव्यापी जनजाति गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलों से पीएम जनमन के तहत आने वाली योजनाओं में निर्धारित कार्यों को 15 नवंबर से पहले पूरा कर ले।

### निरस्त दावों का पुनः परीक्षण कर निराकरण करने की अपेक्षा

अपर मुख्य सचिव (वन) अशोक बर्णवाल ने जिला कलेक्टर्स से वन अधिकार अधिनियम के तहत दिसंबर 2025 तक पूर्व के निरस्त दावों का पुनः परीक्षण कर निराकरण करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सामुदायिक वन संधारण के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की मान्यता के लिए जिलेवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दिसंबर तक कार्रवाई पूरी करें और लंबित दावों का निराकरण करें। वन ग्रामों के राजस्व गांव में परिवर्तन करने के लिए अपनाई गई आदर्श प्रक्रिया के आधार पर कार्रवाई पूरी करने के निर्देश जिलों को दिए, जिससे सभी वन अधिकार-पत्र धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। वर्तमान में 29 जिलों में कुल 792 वन ग्रामों के परिवर्तन की कार्रवाई प्रचलन में है। संरक्षण क्षेत्र में स्थित 66 वन ग्रामों में कार्रवाई शेष है। इन वन ग्रामों की बाहरी सीमाओं का निर्धारण एवं नक्शा तैयार किया जाना है। कब्जे तथा वयस्कता का निर्धारण कराकर वन अधिकार पत्र के लिए पात्रता निर्धारित की जाना है। वन अधिकार के दावों का निराकरण करने में भोपाल, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर छतरपुर ने उच्च प्रदर्शन किया है।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता शत-प्रतिशत होः मुख्य सचिव अनुराग

- शालाओं में बच्चों के नामांकन की दर में करें सुधार
- शाला विकास समिति में बच्चों के पालक सहित शिक्षा में रूचि रखने वाले हों शामिल
- शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए अन्य विभागों के लोगों को भी जोड़ें

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार सत्र में जोर देकर कहा कि विकसित भारत के रोडमेप में शिक्षा एक मूलभूत मुद्दा है। इसके बगैर विकास के लक्ष्यों को हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिक्षा में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्कूलों में नामांकन दर में और सुधार की आवश्यकता बताई। मुख्य सचिव अनुराग जैन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन बुधवार को अधिकारियों को राज्य शासन की प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए संबोधित कर रहे थे।

### ई-अटेंडेंस एप का उपयोग

सत्र की शुरूआत में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि विकसित मध्यप्रदेश-2047 के प्रमुख बिन्दु में प्रत्येक बच्चे को उच्च गुणवत्ता, रोजगारोन्मुखी समावेशी और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना शामिल है। शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए सरकारी शिक्षकों के ई-अटेंडेंस एप के माध्यम से 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राजगढ़ जिले में ई-अटेंडेंस का प्रतिशत 94 प्रतिशत है। सत्र में बोर्ड परीक्षा परिणाम पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 87 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में और कक्षा 12वीं में करीब 83 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। सचिव महिला एवं बाल विकास सुश्री जीवी रश्मि ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में किए जा रहे नवाचारों के बारे में जानकारी दी। आंगनबाड़ी में दर्ज 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सिखाने के लिए राष्ट्रीय फ्रेमवर्क आधारशिला तथा 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नवचेतना फ्रेमवर्क को बनाया गया है। निपुण भारत मिशन में आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा संचालित आश्रम शाला और छात्रावास में 93 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है।

### *शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर*

*सत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। दुर्गम क्षेत्रों के सरकारी स्कूल भवन की मरम्मत कार्य में शाला विकास समिति और शिक्षा में रूचि रखने वाले व्यक्तियों की मदद लिए जाने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि शिक्षा के श्रेष्ठ कौशल रखने वाले शिक्षकों का ग्रुप तैयार कर उनके माध्यम से प्रशिक्षण का निश्चित शेड्यूल तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की ट्रेकिंग का कार्य आंगनबाड़ी से शुरू कर स्कूल की आखरी क्लास तक सतत रखा जाए। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और संजय दुबे ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के संबंध में जनशिक्षकों की भूमिका पर सुझाव दिए।*

### *बेस्ट प्रेक्टिस की दी गई जानकारी*

*शाजापुर कलेक्टर ने निपुण भारत मिशन के बेस्ट प्रेक्टिस की जानकारी दी। छतरपुर कलेक्टर ने आदर्श आंगनबाड़ी प्रोजेक्ट, कलेक्टर नीमच ने शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और झाबुआ कलेक्टर ने बेस्ट प्रेक्टिस वीडियो परख की प्रस्तुति दी।*

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्षः यह केवल संगठन का नहीं, संपूर्ण भारतवर्ष के आत्मविश्वास का उत्सव

# जीवंत सनातन राष्ट्र भारत की सेवा में मौन तपस्या के 100 वर्ष



कैलाश चंद्र, मध्य क्षेत्र प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

वर्ष 1925 की विजयादशमी पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने साथियों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय की, जब हमारा भारत दासता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था।

स्वराज्य का संघर्ष तेज हो चुका था, परंतु समाज बिखरा हुआ था। जाति-पांति, प्रांत-भाषा, पंथ-भेद और राजनीतिक कुचक्रों में उलझी हमारी समाज रचना को देखकर डॉ. हेडगेवार ने अनुभव किया कि स्वतंत्रता के साथ-साथ समाज की एकता, अखंडता, स्वार्थ-लालसा का अंत और शुद्ध चरित्र निर्माण ही भारत के भविष्य की सच्ची नींव होंगे। इसी संकल्प से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म हुआ। संघ ने बीते सौ वर्षों में अनूठे प्रयोग किए। न राजनीतिक मंच, न नारे, बल्कि समाज में मौन साधना और




अनुशासित संगठन के बल पर कार्य। शाखा नामक साधन के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक प्रशिक्षण देकर संघ ने ऐसा वातावरण बनाया, जिसमें व्यक्ति स्वयं को राष्ट्र का अविभाज्य अंग मानकर सेवा और त्याग के पथ पर चलता है। इन 100 वर्षों की यात्रा संघर्षों से भरी रही। स्वतंत्र भारत में भी कई बार भ्रम और विरोध के कारण संघ पर प्रतिबंध लगे। किंतु संघ ने न आक्रोश दिखाया, न प्रतिशोध। स्वयंसेवकों ने सत्य, धैर्य और अनुशासन को अपना उत्तर बनाया। यही मौन साधना संघ की रीति और कार्यशैली बन गई। आज संघ के सुफल विविध क्षेत्रों में दिखाई देते हैं। शिक्षा, सेवा, समाज-सुधार, ग्राम-विकास, वनवासी कल्याण, आपदा राहत, सांस्कृतिक संरक्षण आदि कोई क्षेत्र ऐसा नहीं, जहां संघ के स्वयंसेवक अपने कार्य और चरित्र से उपस्थित न हों। संघ की प्रेरणा से असंख्य संगठन खड़े हुए, जिन्होंने समाज जीवन को नई दिशा दी। राजनीति में भी जब देश को वैकल्पिक शक्ति की आवश्यकता थी, तो संघ-प्रेरित कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ और आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी का निर्माण किया, जो आज सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति है। परंतु संघ का वास्तविक गौरव राजनीति नहीं, बल्कि समाज की चेतना को जागृत करना है। संघ ने यह सिखाया कि भारत केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि जीवंत सनातन राष्ट्र है, जिसका आधार संस्कृति और अध्यात्म में है। इस राष्ट्र की सेवा का अर्थ है अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, उसकी गरिमा और अधिकार की रक्षा करना। आज, जब संघ अपनी शताब्दी यात्रा को और गति दे रहा है, तब यह केवल संगठन का नहीं, सम्पूर्ण भारतवर्ष के आत्मविश्वास का उत्सव है। सौ वर्षों की साधना ने सिद्ध कर दिया है कि श्रद्धा, मौन तपस्या, अनुशासन और संगठन के बल पर समाज का कायाकल्प, सद्भावना और समरसता संभव है। आने वाला समय संघ के लिए और व्यापक दायित्व लेकर आया है। भारत को विश्व के सामने केवल आर्थिक या राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत करने का। यही डॉ. हेडगेवार व लाखों स्वयंसेवकों का स्वप्न था।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री पहुंचे छिंदवाड़ा और बैतूल

## भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित परिवारों के साथ, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुधवार को छिंदवाड़ा जिले के ग्राम बुधवारा और बैतूल जिले के आमला विधानसभा के जामुन बिछिया, कमलेश्वरा सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और भाजपा संगठन और सरकार द्वारा हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन और मप्र सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। भाजपा बहुत संवेदनशील है, जबकि कांग्रेस पार्टी अवसरवादी है।

कांग्रेस नेताओं को परिजनों की पीड़ा नहीं, सिर्फ राजनीति दिख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल सख्त कदम उठाए हैं। दोषी कोई भी हो उसे छोड़ा नहीं जाएगा, चाहे वह सिरप बनाने वाली कंपनी का प्रबंधन हो या कोई जिम्मेदार अधिकारी।



### कांग्रेस नेता बयानबाजी के लिए पहुंच रहे

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी और उमंग सिंघार का पीड़ित परिवारों से कोई लेना-देना नहीं है। इन दोनों नेताओं ने इस दर्दनाक हादसे को भी राजनीति का मंच बना दिया है। जिन परिवारों ने अपने मासूम बच्चों को खोया है, उनके आंसू अभी सूखे भी नहीं हैं और कांग्रेस नेता राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त हैं। यह उनकी असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। कांग्रेस नेता प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा संगठन और सरकार पीड़ितों की मदद और न्याय के लिए दिन-रात काम कर रही है।*

7 फर्जी जीजा बनकर साइबर ठग ने किया...




8 समाज के बीच रहकर अपने अस्तित्व को तलाशता...





# भोपाल बोला- हे...जाम! एमपी नगर, होशंगाबाद और बावड़िया कलां सहित दो दर्जन सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार शाम को लोग सड़कों पर ट्रैफिक जाम में घंटों फंसे रहे। खास बात है कि जाम की सूचना ट्रैफिक पुलिस को भी दी गई, लेकिन कोई भी पुलिसकर्मी जाम को हटाने में सामने नहीं आया।

कई घंटे के बाद धीरे-धीरे वाहनों के साथ सड़कों पर रेंगते रहे। राजधानी में पिछले कई महीनो से ऐसे हालात बन रहे हैं। फिर भी रात या फिर दिन के समय पुलिस ट्रैफिक के जवान दिखाई नहीं देते हैं। बुधवार को शाम को भी ऐसी ही स्थिति बनी। शहर के व्यस्ततम इलाके माने जाने वाले एमपी नगर, होशंगाबाद रोड और बावड़िया कलां सहित दर्जन भर से अधिक इलाकों में जाम की समस्या से लोग जूझते रहे।

यहां तक कि एंबुलेंस से लेकर बड़े अधिकारियों के वाहन भी फंसे रहे। सिर्फ चार इमली और 74 बंगले की और जाने वाले इलाके में पुलिसकर्मी तैनात रहे। वहां पर भी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी तो मामला हाईप्रोफाइल देखते हुए अधिकारियों की चिंता पुलिस को हुई और वह मौके पर पहुंची। मशक्कत के बाद जाम को क्लियर कराया गया।

## सिग्नल रहे बंद, एंबुलेंस से लेकर बड़े अधिकारियों के वाहन भी फंसे रहे



### पुलिस के दो जवान ही ट्रैफिक व्यवस्था संभालते रहे

एमपी नगर से लेकर होशंगाबाद रोड की ओर जाने वाले रास्ते में सबसे ज्यादा जान की स्थिति बनी रही। करीब पांच किलोमीटर तक लोग वाहन लेकर सड़कों पर खड़े रहे। पुलिस के दो जवान ही इस सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे, जबकि बासेवनिया थाने के सामने पुलिस चेकिंग लगी हुई थी। जबकि दूसरी सड़क पर कई किलोमीटर का लंबा जाम था। इस इलाके में दो से तीन थाना क्षेत्र भी आते हैं लेकिन ना तो किसी थाना प्रभारी को जाम की समस्या से परेशानी है। ना ही पुलिस कर्मियों को और खास तौर पर इन्हीं इलाकों में शाम और दोपहर के समय चेकिंग जरूर पुलिस कर्मी लगाकर तैनात हो जाते हैं।




### मार्केट में भी जाम, कॉलोनियों से गुजर रहे लोग

शहर के अलग-अलग मार्केट में भी अवैध रूप से लोडिंग वाहन मौजूद रहते हैं। इन इलाकों में लोग निकलने से बचते हैं, लेकिन जाम की स्थिति से गलियों का सहारा उन्हें लेना पड़ता है। शहर का ट्रैफिक गलियों में जाकर गुजर रहा है। इससे स्थानीय लोग भी परेशान है। 10 नंबर, 7 नंबर, सेकंड स्टॉप, न्यू मार्केट और एमपी नगर में भी ही स्थिति देखने के लिए मिल रही है। सिक्स लेन बनने के बाद भी कोलार ने जाम की स्थिति बन रही है। शाहपुरा से लेकर त्रिलंगा तक भी लोग जाम से शाम और दोपहर को परेशान होते रहते हैं।

---

## 50 मीटर दायरे में लगेंगे लाल निशान, जद में आएंगी वीआईपी रोड किनारे की इमारतें

# बड़े तालाब की 'हद' तय करने लगाए 84 पॉइंट आईपीएस कॉलेज की दीवार के पास लगाया निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नौ साल बाद बड़े तालाब की हद तय करने का काम चल रहा है। पंद्रह दिन पहले टीम ने राजा भोज बुर्ज के पास से सीमांकन का काम शुरू किया था। टीम यहां से खानूगांव की कर्टन वॉल से बस्ती किनारे हदें नापती हुई आईपीएस कॉलेज के पास स्थित नगर निगम के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंची थी। इसके बाद बुधवार को टीम ने दोबारा से सीमांकन का काम शुरू किया। जिसके तहत आईपीएस कॉलेज की दीवार के पास पॉइंट लगाया गया है। कॉलेज का ग्राउंड भी पचास मीटर की जद में आ रहा है। टीम ने शालीमार गार्डन के पीछे भी पॉइंट लगाया है। अब तक 84 प्वाइंट्स लगाए गए हैं। जिसके बाद इन प्वाइंट से पचास मीटर की दूरी नापी जाएगी।

टीएंडसीपी ने जिला प्रशासन को बड़े तालाब का नक्शा सौंपा है, जिसके आधार पर राजस्व के नक्शे से इसका मिलान किया जा रहा है। अब तक पुरानी मुनारों के आगे तक तालाब के फुल टैंक लेबल के पॉइंट आ रहे हैं। तालाब की हद तय होने के बाद टीम यहां से पचास मीटर के दायरे में आने वाले निर्माणों को चिन्हित करेगी। जिन पर लाल निशान लगाए जाएंगे। बैरागढ़ एसडीएम की टीम बेहटा, बोरबन और भैंसाखेड़ी तक सीमांकन करना है। इसके साथ टीटी नगर और हुजूर एसडीएम की टीम ने अब तक सीमांकन का काम तक शुरू नहीं किया है।



### आरआई, पटवारी, नगर निगम, वन विभाग के अमले ने किया सीमांकन



### बड़े तालाब के किनारे लगा अतिक्रमण का अंबार

बड़े तालाब के किनारे ढेरों अतिक्रमण हो रहे हैं। लोग निजी जमीनें पर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तान रहे हैं। जिससे बड़े तालाब का दायरा कम हो रहा है। जिन इलाकों में पानी सीमा के आगे तक आता था। अब वहां पर मिट्टी का भराव होने एफटीएल का दायरा भी कम हो रहा है।

### नगर निगम के एसटीपी, शालीमार गार्डन के पीछे भी पॉइंट लगाया




### जीआईएस बेस्ड मैप होगा तैयार

पूरे देश में 2.25 हेक्टेयर और उससे बड़े वेटलैंड का सीमांकन हो रहा है। इसके जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स भी दर्ज होना है, जिससे जीआईएस बेस्ड मैप तैयार हो सके और धरातल पर भी सीमांकन की मुनारें लगाई जा सकें। तालाब के सीमांकन के लिए टीम भी बनी, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा।

### पहले लगाई थीं 943 मुनारें

बड़े तालाब के सीमांकन के लिए अलग-अलग समय पर मुनारें लगाईं गईं। रिकॉर्ड में 943 मुनारें लगी होने की जानकारी है। 2016 में एनजीटी के निर्देश पर सर्वे हुआ तो 337 मुनारें पानी में डूबी थीं, यानी ये एफटीएल के भीतर लगाई गई थीं, जिसमें से 141 गायब थीं।





### खानूगांव की कर्टन वॉल ने रोका तालाब का पानी

टीम ने सीमांकन के साथ ही खसरे में लाल मार्किंग कर दी है, जिसके आधार पर इस लाइन से ही पचास मीटर के दायरे में आने वाले निर्माणों को चिन्हित किया जाएगा। शुरुआत में ही वीआईपी रोड किनारे बनी बड़ी इमारते इसकी जद में आ रही हैं। खानूगांव में बनी कर्टन वॉल ने तालाब का पानी फैलने से रोक दिया है।

---

## आज से वोटर लिस्ट होगी फ्रीज

# एसआईआर लागू करने दलों के प्रतिनिधियों को बुलाया कैसे और कब होगा, यह नहीं बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिहार चुनाव के पहले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए एसआईआर (स्पेशल इंटेनसिंव रिवीजन) को मध्यप्रदेश में करने की तैयारी चल रही है। 22 साल के लंबे अंतराल के बाद होने वाले एसआईआर को लेकर भोपाल जिले में करीब 11 लाख वोटर्स को अपना वोटर कार्ड बचाने के लिए पहचान के तीन दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। वह भी वह दस्तावेज जिनको आयोग ने मान्य किया है। इसमें अब तक आधार को भी शामिल नहीं किया गया है। आने वाले दिनों में होने वाले एसआईआर को लेकर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। आज गुरुवार से वोटर लिस्ट को फ्रिज कर दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी नाम जोड़ना घटना या संशोधित नहीं कर सकेगा।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर के बारे में जानकारी दी गई। अब तक एसआईआर को लेकर मिले निर्देशों के हिसाब से प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई है।

### वोटर्स को गणना पत्रक भरना पड़ेंगे

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना का कहना है कि मध्यप्रदेश में एसआईआर को लागू करने में आधार को शामिल करने संबंधी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय ने नहीं दी है। सरकार ने समग्र आईडी, वोटर कार्ड, प्रॉपर्टी, बैंक खाता सहित सभी जरूरी दस्तावेजों को आधार से लिंक कराया है। जबकि भारत निर्वाचन आयोग की लिस्ट में इसे पहचान के दस्तावेजों में शामिल नहीं किया गया है। इसके लिए पार्टी स्तर पर कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। एसआईआर के लागू होने के साथ जिले के सभी वोटर्स को गणना पत्रक भरना पड़ेंगे। जिसमें वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट की जानकारी और नहीं होने पर आयोग द्वारा तय किए गए 11 दस्तावेजों में से तीन दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। अगर किसी के पिता का नाम लिस्ट में है, तो उसे एक दस्तावेज देना होगा।

### 85 वार्ड में 17 लाख 90 हजार 905 वोटर

*बुधवार को नगरीय निकायों की मतदाता सूची के प्रकाशन में वर्तमान वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया। जिसमें भोपाल नगर निगम के 85 वार्डों में 17 लाख 90 हजार 905 वोटर हैं, जिसमें 9 लाख 18 हजार 527 पुरुष और 8 लाख 72 हजार 914 महिला सहित 164 अन्य मतदाता शामिल हैं। ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वह नए वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। बीएलओ को सभी वार्ड दफ्तरों में बैठने की हिदायत दी गई है, जहां जाकर आम लोग अपना नाम 18 अक्टूबर तक देख सकते हैं। इस प्रक्रिया में एसआईआर को लागू नहीं किया गया है।*

---

## मप्र फार्मेसी काउंसिल के निर्देश

# दवाइयों की बिक्री अब केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए लगातार मांग की जा रही थी, जिसको संज्ञान में लेते हुए मप्र राज्य फार्मेसी काउंसिल ने राज्य के सभी अस्पतालों, फार्मेसी एवं मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब दवाइयों का वितरण, बिक्री या डिस्पेंसिंग केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही की जा सकेगी। काउंसिल द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि यह आदेश फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 42 एवं जन विश्वास एक्ट 2023 के तहत जारी किया गया है। बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवाइयों की बिक्री या वितरण किए जाने पर संबंधित व्यक्ति एवं संस्थान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए फार्मासिस्ट को दो लाख रुपए का जुर्माना अथवा तीन माह की सजा या दोनों एवं विषम परिस्थिति में रजिस्ट्रेशन निलंबित किया जा सकता है।

एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजवीर त्यागी, जिलाध्यक्ष राहुल नगायच एवं जिला सचिव सोहित लाल ने पीसीआई के अध्यक्ष संजय जैन एवं रजिस्ट्रार भाव्या त्रिपाठी के निर्णय का स्वागत किया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अमित सिंह ठाकुर, प्रदेश महासचिव अखिलेश त्रिपाठी ने सभी फार्मेसी संचालकों से नियमों का पालन करें और जनता को सुरक्षित एवं प्रमाणित फार्मास्युटिकल सेवाएं प्रदान करने की अपील की है।

---

# दैवेभो और स्थाई कर्मचारियों को मिलेगा नियमित वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य निर्माण विभाग कर्मचारी संघ द्वारा उच्चतम न्यायालय में लगाई गई याचिका पर कोर्ट ने निर्णय दिया है। इसके अनुसार स्थाई और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुसार नियमित वेतनमान ग्रेड पे और एरिया सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह सेंगर ने बताया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा वर्ष 2025 को 2016 में नियमितीकरण की योजना लागू कर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संसाधन में कार्यरत स्थाई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं कुशल अर्द्ध कुशल आकुशल कर्मचारी घोषित किया गया था फिर क्या हुआ। फिर इन्हें एक निश्चित वेतनमान दिया गया। जबकि सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा आदेश प्रसारित किया गया था कि समस्त दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी कर्मचारियों को न्यायालय के आदेश अनुसार नियमित वेतनमान मिलेगा।

शंकर के अनुसार शासन द्वारा इन्हें नियमित वेतनमान प्रदान नहीं किया गया। नतीजतन कोर्ट की शरण ली गई थी। जहां कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय आया है।

---

# नगर निगम में आधार फेस से लगेगी हाजिरी, एप से ही जारी होगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम में अब आधार फेस आरडी एप से ही हाजरी लगेगी। इसके लिए निगम के आईटी सेल ने पूरा मैप तैयार कर लिया है। जो कर्मचारी, जिस इलाके में काम करता है, उसकी हाजरी वहीं लगेगी। अगर 50 मीटर की रेंज बाहर हाजरी लगाने का प्रयास किया तो एप में गैर हाजिर हो जाएंगे। नगर निगम के सभी अधिकारियों सहित नियमित, विनियमित, संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए सेंट्रलाइज अटेंडेंस लागू हो गई है। अपर आयुक्त वरूण अवस्थी ने एचओडी को इसकी जानकारी दे दी है। वीसी में जोनल अधिकारी, प्रभारी एएचओ, दरोगा और वार्ड प्रभारियों को जोड़ा गया था। उपायुक्त चंचलेस गिरहरे ने सवालों के जवाब भी दिए।

---

# वार्ड 10 में पहले दी बिल्डिंग परमिशन, अब बुलडोजर लेकर तोड़ने पहुंच गया अमला

## राजस्व विभाग का अमला नहीं पहुंचने से वापस लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईदगाह हिल्स इलाके के वार्ड 10 में पांच हजार वर्गफीट की सरकारी जमीन पर बिल्डिंग परमिशन जारी करने के बाद बुधवार को निगम अमला इस निर्माण को तोड़ने पहुंचा।

दरअसल, निगम ने जारी की गई बिल्डिंग परमिशन को निरस्त कर दिया था, जिसके बाद टीम अवैध निर्माण को तोड़ने पहुंची, लेकिन पांच घंटे इंतजार के बाद भी राजस्व विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंचा। जिससे टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। दरअसल, ईदगाह हिल्स स्थित नगर निगम के वार्ड 10 के कार्यालय के पास लगभग 5 हजार वर्गफीट के सरकारी भूखंड पर बीते दिनों से निर्माण जारी था। यहां निर्माण की डीम्ड बिल्डिंग परमिशन भी ली गई थी। हालांकि एक सप्ताह पहले ही निगम ने इस परमिशन को निरस्त कर दिया। इसी आधार पर बुधवार को निगम का अतिक्रमण अमला कार्रवाई के लिए पहुंचा था। प्रभारी अतिक्रमण सहायक महेश गौहर ने बताया कि मौके पर एसडीएम और तहसीलदार को बुलाया गया। लेकिन शाम 5 बजे तक कोई अधिकारी नहीं आया।

### अब 10 को निर्माण तोड़ने जाएगी टीम

नगर निगम के इंजीनियर नंदकिशोर डेहरिया ने बताया कि ईदगाह हिल्स में नजूल की भूमि है। इसलिए जिला प्रशासन की मौजूदगी जरूरी थी। हमने जिला प्रशासन के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि एक-दो दिन में तहसीलदार और पटवारी की टीम पंचानामा बनाएगी। इसके बाद यह कार्रवाई होगी।

---

## हाई कोर्ट ने राज्य शासन को जांच रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देश


# यूका की राख के विनिष्टीकरण के लिए ऐसी जगह तलाशें, जहां रहवास न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश शासन को यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण से निकली राख की विशेषज्ञों द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सरकार को यह भी कहा है कि राख के विनिष्टीकरण के लिए अन्य कोई ऐसा सुरक्षित स्थान भी तलाशें, जहां रहवास नहीं हो। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक सरकार को इस संबंध में भी अपना पक्ष रखने कहा है। अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।

### जहरीले कचरे के विनष्टीकरण से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जनहित याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रही थी। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपीपीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा। इस दौरान हाई कोर्ट में एक अन्य जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। रखा में मरकरी है, जिसे नष्ट करने की तकनीक सिर्फ जपान व जर्मनी के पास है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ व अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने पैरवी की।

---

# भोपाल से गुजरने वाली दो ट्रेन कैंसिल, पांच को किया आंशिक निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन में यार्ड रिमॉडलिंग का काम चलने से भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों पर असर पड़ेगा। रेलवे ने दो ट्रेन कैंसिल, पांच आंशिक निरस्त और 46 के रूट बदल दिए हैं।

रेलवे के अनुसार पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के उज्जैन रेलवे स्टेशन पर उज्जैन यार्ड के रिमॉडलिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से चलने वाली एवं रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें निरस्त, मार्ग परिवर्तित एवं शॉर्ट टर्मिनेट, ओरिजिनेट होंगी। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य 11 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान भोपाल मंडल पर आने वाली कई ट्रेनों पर भी असर पड़ेगा।

## जैकेट का शेष....

### गुरु ने कहा कि मुझे...

गुरू ने यह कहा है कि तुम्हे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है। कुछ बड़ा करना है, बड़ा करके ही मरना। उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। गुरू की बातों को लेकर चल पड़े। हमें यह नहीं पता कि कितने लोग हमसे जुड़े। हमें यह भी पता नहीं कि लोग हमें कितनी गंभीरता से लेते हैं। हमें जो भी बोलना है, सत्य बोलना है, सटीक बोलना हैं। तर्क के साथ बोलना है। जो बात आज के जमाने में लोग बोलने में हिचकते हैं वो बात सीधे बोलना है। अंत में मै यही कहूंगा कि आप मुझे पसंद नहीं करोगे तो, आप मुझे नजर अंदाज भी नहीं कर सकते।

- **साधक होने का बोध कब आया आपको कि मुझे यह करना है? आपको किस उम्र में यह विचार आया?**
- हमारी जिंदगी में एक रात ऐसी थी, जिस रात बोध जनमा। हमारे गुरू की जिस गांव में हमारा जन्म हुआ वहीं बालाजी भगवान का स्थान है। जहां सन्यासी बाबा ने 320 साल पहले तप किया था। उन्होंने 84-85 साल तक वे केवल हनुमान चालीसा का पाठ करते बिताए। सिर्फ एक ही काम किया। 120 साल की उम्र थी उनको जिंदा समाधि दी गई। उनको हनुमान जी का साक्षात्कार हुआ था। हनुमान जी ने उनसे कहा कि हमें बालाजी के नाम से जाना जाए। जैसा हमारे दादा जी ने बताया। मेरे दादाजी की उस क्षेत्र में धार्मिक साधना, आराध्य और उनकी स्वीकारोक्ति भी थी। वे फक्कड़ थे, धूमी रमा के रहते थे। बड़े तर्क वादी थे, उनकी फिलासपी बड़े उच्च लेबल की थी। छह फीट की हाइट, लंबी जटाएं, लंबी दाड़ी, लाल आंखें और गोरा चेहरा था। पहले वो गृहस्थ थे, बाद में उन्होंने सन्यास लिया। जब बोलते थे तो अदभुत बोलते थे। आजानबाहू थे, घुटने तक उनकी बांहे थी। रामानंदी तिलक लगाते थे। हमारी उम्र 8 साल की रही होगी। हम उनसे बहुत डरते थे। मिठाई और फल चढ़ते थे इस कारण वहां चले जाते थे। हमारे पिताजी कुछ करते नहीं थे। मिठाई खाने हम वहां जाते थे। उनका स्नेह हमारे प्रति रहा। शायद हम अभाव में जी रहे थे इसलिए भी हो सकता है कि हमारी मां ने कहा तुम्हारे गुरू जी दद्दा जी बहुत जानते हैं उसने कुछ मांग। हम वहां चले गए बालाजी की छोटा सा मंदिर था वहां पर वो बैठे थे। हमने कहा सन्यास लेने के पूर्व में आप हमारे खानदान से हैं। हम आपके बेटा के बेटा हैं। घर का खस्ताहाल है भोजन भी तीन दिन से नहीं बने हैं। मकर संक्रांति आने वाली है। चावल खाकर हम पेट भर रहे हैं, कुछ कृपा करो। पिता जी से उन्होंने कहा रात हो गई है आप घर जाओ धीरू को रहने दो। रात 12 बजे उन्होंने स्नान किया। ठंड थी धीमी आग के सामने वो बैठ गए और रात 1 बजे हमारी बांह पकड़ी उस रात से हमें अजीब सा लगने लगा। दिखता तो कुछ नहीं पर अनुभव होता है और हम वह सब कह जाते हैं। तब से लेकर अब तक वह सिलसिला चल रहा है।
- **सुभाष चंद्र बोस जयंती पर आपने हिंदू राष्ट्र देने नारा दिया था, तुम हमारा साथ दो हम हिंदू राष्ट्र देंगे। यह अभियान कहां तक पहुंचा?**
- बस अभी उसी दिशा चले हैं। 80 करोड़ से ज्यादा हिंदू है। कहां तक पहुंचे यह नहीं कह सकते पहले कहा जाता है गर्व से कहो हम हिंदू हैं। अब लोग यह कह रहे हैं कि हम हिंदू हैं, तो यात्रा चल पड़ी है। हमे भविष्य वक्ता नहीं बनना है, न ही मैं यह हूं। संभावनाएं लोग जताते हैं। लेकिन भारत का भविष्य दिखाई दे रहा है। अगर हम अभी नहीं संभले तो भारत को गुलाम होने से कोई नही रोक सकता। भारत में जातिवाद के नाम पर सड़क पर लोगों को मरते हुए कोई रोक नहीं सकता। भारत में प्राचीन परंपरा पर ऊंगली उठाने वालों को कोई रोक नहीं सकता। भारत की कंगाली कोई रोक नहीं सकता यदि वर्तमान में कोई अच्छी व्यवस्था नहीं हुई तो। भारत अंदर खोखला होते जा रहा है। विश्व स्तर पर भारत जरूर आगे बढ़ता दिख रहा पर गांव कमजोर हो रहे हैं। लोग शराब और नशे के आदि हो रहे हैं। भारत को एक समय पूजा जाता था पर उसकी संस्कृति आज किस कगार पर खड़ी है लोगों को इसका बोध नहीं है। देश में अमीरों के काम जल्दी होते हैं। गरीबों का काम नहीं होता। लोग नोंचने में लगे हैं
- **देश में बदलाव के लिए आपके पास क्या मॉडल है। लोग आस्था के साथ देख रहे हैं?**
- मेरे पास कोई मॉडल नहीं है। हम सरकार नहीं है, इसलिए मॉडल रख नहीं सकते। मॉडल के लिए साधू संत हैं। बालाजी के साथ सरकार लगा है हमारे नाम के साथ नहीं। हम भी चाहते हैं कि हमारे से अपेक्षा न रखें।
- **राजनीति के संबंध क्या विचार है। किस दिशा में जा रही है?**
- वोट बैंक की राजनीति राजनीति नहीं कहलाती। जनता के हित में काम करे वही राजनीति है। राजनीति के लिए केवल एक नरेंद्र मोदी काफी नहीं हैं। सबको नरेंद्र मोदी बनना पड़ेगा। हम किसी पार्टी के समर्थक नहीं हैं। राहुल गांधी से हमारी मुलाकात नहीं हुई उस पर कुछ नहीं कहूंगा। राजनीति पर बयान नहीं देता। दो नाव पर यात्रा नहीं करनी चाहिए।
- **हॉस्पिटल के चक्कर में कहां पड़ गए?**
- धर्म को सामाजिक नहीं करेंगे तब तक हम हिंदू धर्म से दूर हो जाएंगे। मंत्र भी विज्ञान है, जो कृपा से ठीक न हो उसे दवा दी जाए। अब हॉस्पिटल का काम करना है तो हमारे कार्यक्रमों में कोई फर्क नहीं पड़ा।
- **एक हिंदू को आप कैसे देखते हैं। आपकी धारणा क्या है?**
- केवल तिलक लगाना, घंटी बजाना हिंदू होना नहीं है। अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना, मानव सेवा करना हिंदू होना है। जब तक हिंदू को सामाजिक सेवा से नहीं जोड़ेंगे हिंदू वैश्विक नहीं होंगे।
- **आपका सन्यासी रहेंगे या गृहस्थ जीवन में कब प्रवेश करेंगे?**
- माता-पिता इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठीक ठाक परिवार मिले तो हम दूल्हा बनकर चढ़ जाएंगे। हमारे माता पिता ने अभी नहीं सोचा।
- **वीआईपी से बागेश्वर धाम में नहीं मिलेंगे यह घोषणा की है ऐसा क्यों?**
- हमारे पास बहुत लोग मिलना चाहते हैं। वीआईपी लोगों से मिलने में समय बहुत लग जाता है। हम लोगों बीच का काम करें। कम से कम एक दिन का समय वीआईपी के लिए कर दिया है। बाकि समय आम लोगों को ज्यादा देते हैं।
- **बागेश्वर धाम सरकार के दर्शनार्थ जाते हैं या धीरेंद्र शास्त्री से मिलने आते हैं?**
- एक पंथ दो काज के संबंध में बागेशवर धाम आते हैं। यहां पर बालाजी के भी दर्शन हो जाते हैं। अपने क्षेत्र में एक मिशन स्वास्थ्य पकड़ा है इसमें डेढ़ सौ करोड़ लगना है। यह निकल जाएं तो आगे विद्यालय बना रहे हैं, जो उसमें बच्चों को संस्कृति और अन्य चीजों की शिक्षा देंगे।
- **अस्पताल बनाने के चक्कर में कैसे पड़ गए। कामकाज को कितना प्रभावित किया?**
- कामकाज तो प्रभावित नहीं हुआ। लेकिन हम मस्तराम मस्ती में जीने वाले आदमी है। अस्पताल का प्रण लेने के बाद चिंता करनी पड़ती है कि सीमेंट खरीदना है, लोहा खरीदना है। अब जंगला खरीदने हैं। खिड़की खरीदनी हैं। अब कथा करने चलो। कोई भक्त मिल जाए दान दक्षिणा मिल जाए तो अस्पताल के काम आ जाए।
- **इस यात्रा पर कभी ऐसा विचार आता है कि यह छूट गया, यह कर लेना चाहिए?**
- हमारे गुरु ने कहा था दूसरों को सुख देना है। भजन करो तो भोजन की चिंता नहीं रहेगी। दूसरों को रास्ता दिखाने का रास्ता चुनो। परमार्थ का रास्ता चुन लिया है। उसकी संतुष्टि होती है। कुछ छूटने का विचार नहीं आता।

### सीएम ने कहा-छिंदवाड़ा...

में की जाएगी। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे विधायकों के साथ तालमेल बिठाकर विकास के रोडमैप पर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव तो 5 साल बाद आता है, लेकिन चुनाव के बीच में अपनी समझ भी बनी रहे, इस पर पक्ष विपक्ष दोनों को ध्यान देना चाहिए। कलेक्टरों का काम है कि वह विधानसभाओं के अंदर जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए उनके अपने जनप्रतिनिधियों की भावना के अनुसार काम करें। शासकीय योजनाओं के क्रम के आधार पर विकास करें। विधायकों के यहां हमने वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसीः सेट लगाने की बात कही है। तो सभी विधायकों के यहा वीसी सेट लगे, ताकि वर्चुअल कॉन्फ्रेंस करके विधानसभा में विधायक के माध्यम से विकास कार्य करें।

**नक्सली घटनाओं को गंभीरता से लिया जाएः** मुख्यमंत्री ने बताया कि कलेक्टर व पुलिस अधिकारियों से कहा गया है खासकर बालाघाट जिले में हो रही नक्सली गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाएं।

### बच्चों की उपस्थिति शत ...

विशेष काम हो। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति प्राप्त कर रहे है। अटेंडेंस मॉनिटरिंग एप के माध्यम से हो रहा है। इसे भी कलेक्टर और सशक्त बनाएं, ताकि इसका लाभ छात्रों को मिल सके।

### मुंबई में आज 'इंटरेक्टिव...

उभर रहे औद्योगिक अवसरों से अवगत कराना है, मोहासा-बाबई (नर्मदापुरम) में विकसित किए जा रहे पावर एवं रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन (फेज-2) में निवेश को प्रोत्साहन देना है। इस औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### देश-विदेश के प्रतिनिधि ...

आईपीसीए लैब और रेमंड ग्रुप जैसी अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख परियोजनाओं जैसे पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन, पीएम मित्र पार्क, फुटवियर पार्क और उद्योग आधारित क्लस्टर्स पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

### पड़ोसी 15 वर्षीय नाबालिग...

ने तत्काल डायल 112 पर इसकी शिकायत की। इसके बाद बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले की जानकारी मिलने पर डीआईजी सविता सुहाने अनूपपुर पहुंचीं और अस्पताल में भर्ती बच्ची का हालचाल जाना।

### अक्टूबर में नवंबर जैसी...

शुरू हुई बर्फबारी और लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में भी अब गुलाबी ठंडक का आगाज जल्द होने की उम्मीद है। बुधवार को रात में हल्की सर्दी से नवंबर जैसे मौसम का अहसास रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बादल छंटने और हवाएं सतही होने के साथ ओस का असर होने से रात के तापमान में कमी आ रही है। हल्की सर्दी का अहसास अभी से शुरू हो गया है, जो विशेष रूप से पहाड़ों पर शुरू हुई बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के लगातार आने से है। उम्मीद है कि अगले 15 दिन में रात का पारा और गिरेगा, जिससे गुलाबी सर्दी का अहसास रहेगा।

#### :: आम सूचना ::

भूमि खसरा क्रमांक 55/1 (S) कुल रकबा 2.8600 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक 55/2 (S) कुल रकबा 0.300, ग्राम पिपलिया जाहरपीर, पटवारी हल्का नंबर 105 राजस्व निरीक्षक मंडल 3 विकास खंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. के सम्बन्ध में।

मैं अपने पक्षकारगण के निदेर्शानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि श्रीमती निर्जला पत्नी स्व. श्री बृजेश मिश्रा. श्री अश्विनी मिश्रा आत्मज स्व. श्री बृजेश मिश्रा. कुमारी सुरभि मिश्रा पुत्रि स्व. श्री बृजेश मिश्रा, एवं कुमारी प्रतिभा मिश्रा पुत्रि स्व. श्री बृजेश मिश्रा, निवासीगण सी 53 तिरुपति अभिनव होम्स अयोध्या बायपास रोड, भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की दो किता (अव्यपवर्तित) भूमि जिसका खसरा क्रमांक 55/1 (S) कुल रकबा 2.8600 हेक्टेयर अर्थात 7.06 एकड सम्पूर्ण एवं खसरा क्रमांक 55/2 (S) कुल रकबा 0.300 अर्थात 0.74 एकड सम्पूर्ण है, जो की ग्राम पिपलिया जाहरपीर, पटवारी हल्का नंबर 105 राजस्व निरीक्षक मंडल 3 विकास खंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. में स्थित है. जिसकी चोहद्दी इस प्रकार से है दिशा पूरब में- खसरा क्र. 35, 34 एवं 51/1, दिशा पश्चिम में- रास्ता एव खसरा क्र. 26, 57 एवं 56 की भूमि, दिशा उत्तर में - सुषमा जैन अजय जैन की भूमि, दिशा दक्षिण में- खसरा क्र. 27 एवं 31 की भूमि। उक्त भूमि तहसील एवं राजस्व अभिलेखों में श्रीमती निर्जला पत्नी स्व. श्री बृजेश मिश्रा, श्री अश्विनी मिश्रा आत्मज स्व. श्री बृजेश मिश्रा, कुमारी सुरभि मिश्रा पुत्रि स्व. श्री बृजेश मिश्रा, एवं कुमारी प्रतिभा मिश्रा पुत्रि स्व. श्री बृजेश मिश्रा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि जिसका कुल रकबा 7.9 एकड सम्पूर्ण है में से 4.64 एकड़ को मेरे पक्षकारगण उपरोक्त स्वामी से क्रय करने जा रहे है एवं क्रय करने हेतु अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उपरोक्त क्रय की जाने भूमि सम्पूर्ण या उसके किसी हिस्से भाग से किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय, बैंक, वित्तीय संस्था, व्यक्ति एवं अन्य का किसी प्रकार का कोई हित, स्वत्व, संबंध या किसी प्रकार का कोई लेनदेन हो अथवा उक्त भूमि कही रहन, भार, सम्यक, बंधन, देनमेहर में आदि हो तो वह इस सूचना पत्र प्रकाशन की 5 दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि निकल जाने के पश्चयात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरे पक्षकारगण इस भूमि की विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

भवदीय **अपूर्व तारण** (एडवोकेट), चैम्बर क्र. 305 एवं 307, लॉयर चैम्बर, भोपाल जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) मो.8319919436

प्रारूप- दस
(नियम 7 देखिये)
**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल (पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)**

रा.प्र.क्र. 1794/ अ-6-25-26
:: सार्वजनिक नोटिस ::

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/बटान / बटवारा/सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/10/25. को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/बटान/ बटवारा/सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची, ग्राम का नाम गोदरमउ, खसरा नंबर 336/2, क्षेत्रफल 4.54 एकड़ में 5000 वर्गफिट, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) मनोज कुमार शाही स्व. वी.पी. शाही आज दिनांक 08/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल संतहिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

#### संचालनालय खेल और युवा कल्याण
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"स्पोर्ट्स मेडिसिन सेंटरों के लिए फिजियोथैरेपी उपकरण प्रदाय/स्थापना कार्य हेतु"** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/122467/2025 संचालक

## पेज एक का शेष....

### मुंबई व देश की ....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसकी अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा, इस नए एयरपोर्ट से महाराष्ट्र के किसान यूरोप और पश्चिम एशिया के सुपरमार्केट से भी जुड़ पाएंगे।

### अब मौत का....

स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने उन्हें लैब की खामियां गिनाई। स्वास्थ्य मंत्री मृतक बच्चों के परिजन से भी मिले। इससे पहले डिप्टी सीएम मंगलवार रात को नागपुर पहुंचे थे, यहां वे अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती बीमार बच्चों से मिले। इसके बाद शुक्ल छिंदवाड़ा पहुंचे। उधर, सिरप बनाने वाली कंपनी के मालिक की धरपकड़ तेज हो गई है। कोल्ड्रिफ बनाने वाली कंपनी के मालिक रंगनाथन को गिरफ्तार करने के लिए मप्र पुलिस की विशेष टीम तमिलनाडु पहुंच चुकी है। इस मामले में विस्तृत जांच के लिए जबलपुर की एडीशनल एसपी अंजना तिवारी और परासिया एसडीओपी जितेंद्र जाट के नेतृत्व में दो एसआईटी टीमें बुधवार की सुबह तमिलनाडु के चेन्नई और कांचीपुरम पहुंच चुकी हैं। इन टीमों ने वहां पड़ताल प्रारंभ भी कर दी है। इस बीच खबर है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 या 12 अक्टूबर को छिंदवाड़ा आएंगे।

### डॉक्टरों से कहा ....

छवि पर फर्क पड़ता है।

### 6 करोड़ के ...

नाराज था। उसका मकसद 19 बीघा जमीन हड़पना था, जिसकी कीमत 6 करोड़ रुपए है। डॉ. दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि सुपारी के तौर पर उसने 25 हजार रुपए एडवांस पेमेंट किया था।

### एएसआई समेत तीन ....

थाने में पदस्थ एएसआई लालसिंह सेन, अपने साले और बेटे के साथ थे।

### जोहो मेल को ...

जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि नमस्ते सभी को, मैंने जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। कृपया मेरा नया ईमेल पता **amit-shah.bjp@ zohomail.in** नोट करें।

### ओबीसी को 27% ...

चाहते हैं कि ये मैटर हाईकोर्ट के फैसले के बाद हमारे पास आए। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन पहुंची हैं।

### पुलिस के खिलाफ....

था। मंगलवार को दोनों की जमानत होने पर उन्हें रिहा कर दिया गया था। इसी बीच, अभिषेक चौहान ने बुधवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नाराज परिजनों ने चिमनगंज मंडी चौराहे पर शव रखकर नारेबाजी और चक्काजाम किया।

### मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क ...

रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास के लिए रसायन विज्ञान में 2025 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, टी.बी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/09/25 to 15/10/25

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लेन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

Hindblaze SMART WAY TO KITCHEN
Dealership & Trade Enquirie
8889422295
Auth. Dist:
Sundram Sales and Services
9589642295
MAGIC AUTO + CROWN 3B

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds | Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet | WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work | Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373
R-24 to 29-09-2025, 03Oct to11-10-2025
एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास ग्रेजुएट लड़के _ लड़कियां( 24500_64500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।- 9205091963
R- 06 Oct to 09-10-2025

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6013

**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 6012 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | मि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |

## सूडोकु नवताल - 6023

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6022 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# 'मेड-इन-इंडिया 4 जी स्टैक टेक वर्ल्ड में भारत की लीडरशिप का प्रमाण'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मेड-इन-इंडिया 4जी स्टैक टेक वर्ल्ड में भारत की लीडरशिप का प्रमाण है और यह अब निर्यात के लिए तैयार है। यह विकास भारत की प्रगति को दर्शाता है इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह विकास 'आत्मनिर्भर भारत विजन' की मजबूती और पिछले एक दशक में दूरसंचार क्षेत्र में हुई भारत की प्रगति को दर्शाता है।




## 5जी कनेक्टिविटी अब देश के लगभग हर जिले में

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 5जी कनेक्टिविटी अब देश के लगभग हर जिले तक पहुंच गई है, जो उन दिनों की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि है जब भारत 2जी नेटवर्क के लिए संघर्ष कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार एक लाख टावर लगाने की उपलब्धि से भारत ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है, जो कि दिखाता है कि देश बड़े स्तर पर टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में सक्षम है।4जी नेटवर्क से भारत की तकनीकी बढ़त और मजबूत होगी। पीएम मोदी ने कहाकि नए 4जी नेटवर्क से तेज इंटरनेट स्पीड, अधिक विश्वसनीय सेवाएं और निर्बाध कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत की तकनीकी बढ़त और मजबूत होगी।

## मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग 2014 के बाद 28 गुना बढ़ी

इसके अलावा संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश के इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में हुई प्रगति के बारे में बताते हुए कहा कि 2014 के बाद उत्पादन छह गुना बढ़ा है, जबकि मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग 28 गुना और निर्यात में 127 गुना की बढ़ोतरी हुई है।

## पीएम मोदी ने स्टार्टअप और इनोवेशन की भूमिका को अहम बताया

प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि में स्टार्टअप और इनोवेशन की भूमिका को अहम बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहाकि इंडिया मोबाइल कांग्रेस अब एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम बन गया है, जो ग्लोबल स्टेज पर देश के टैलेंट और इनोवेशन को प्रदर्शित करता है।प्रधानमंत्री ने इस सफलता का श्रेय भारतीयों की कर-बचत की मानसिकता और भारतीय युवाओं की ऊर्जा को भी दिया, जिसने देश को वैश्विक दूरसंचार और डिजिटल टेक्नोलॉजी में अग्रणी स्थान दिलाया है।

## देश की महत्वाकांक्षा 5-जी से आगे, ध्यान अब 6-जी एवं उपग्रह संचार पर : ज्योतिरादित्य

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि भारत की महत्वाकांक्षाएं 5-जी तक ही नहीं हैं, बल्कि अब ध्यान 6-जी एवं उपग्रह संचार पर है। अब लक्ष्य 6-जी पेटेंट का 10 फीसदी हासिल करना है। केंद्रीय संचार मंत्री ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 को संबोधित करते कहा कि भारत की क्रांतिकारी डिजिटल यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है, जिन्होंने दूरसंचार को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखा है।



### भारत निवेश नवाचार और निर्माण के लिए सबसे बेहतर स्थान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में आज एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 के 9वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत निवेश, नवाचार और निर्माण के लिए सबसे बेहतर स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतांत्रिक ढांचा, सरकार की अनुकूल सोच और बिजनेस के लिए जरूरी माहौल ने देश को निवेश-हितैषी गंतव्य बना दिया है।

### सिंधिया ने 5-जी से आगे भारत के दूरसंचार रोडमैप का खाका किया पेश, हर जगह विस्तार का आग्रह

*उन्होंने कहा कि एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार एवं प्रौद्योगिकी आयोजन इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के उद्घाटन के साथ राष्ट्र न केवल डिजिटल क्रांति में भाग ले रहा है, बल्कि देश के लिए समाधान तैयार करके, स्थानीय चुनौतियों का समाधान करके और वैश्विक स्तर पर नवाचारों को बढ़ावा देकर इसका नेतृत्व भी कर रहा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जोर दिया कि कैसे भारत तकनीक को निष्क्रिय रूप से अपनाने से आगे बढ़कर वैश्विक मानकों को आकार देने वाला एक सक्रिय नवप्रवर्तक बन गया है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब लोग कहेंगे कि दुनिया भारत पर निर्भर है। उन्होंने उद्योग जगत से "यहां डिजाइन करें, यहां समाधान करें और हर जगह विस्तार करें" का आग्रह किया।*

## भारत का नवाचार अब विश्व में तीसरे स्थान पर : डॉ. पेम्मासानी



*केंद्रीय संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने कहा कि भारत नवाचार को अब हर नागरिक तक पहुंचाकर उसे एक जन-आंदोलन में बदल रहा है। उन्होंने यह बातें बुधवार को यशोभूमि, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के दौरान कहीं। डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत एक समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहाकि हम आने वाले कल के नवाचार के इंजनों को लोकतांत्रिक बना रहे हैं ताकि वे हर भारतीय के लिए काम करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब नवाचार को केवल कुछ लोगों तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि उसे सबके लिए सुलभ बना रहा है। उन्होंने बताया कि अटल इनोवेशन मिशन, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलें इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डॉ. चंद्र शेखर ने कहा कि भारत की नवाचार यात्रा अब एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है- जहां देश कनेक्टिविटी से क्रिएटिविटी की ओर बढ़ रहा है। आज भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.9 लाख से अधिक स्टार्टअप्स शामिल हैं। पेटेंट दाखिलों की संख्या भी पिछले दशक में दोगुनी हो गई है, 2014 में 40,000 से बढ़कर 2025 में 80,000 से अधिक हो गई।*

---

कर सलाहकार बोले न्यायसंगत और करदाता-हितैषी बनाना जरूरी

## मप्र टैक्स लॉ बार एसो. ने टैक्स प्रणाली अधिक करदाता-हितैषी बनाने उठाई बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यदि एक उचित थ्रेशहोल्ड सीमा तय कर दी जाए, तो अनुपालन प्रणाली अधिक करदाता-हितैषी (टेक्सपेयर-फ्रेंडली) बन जाएगी। व्यापारी छोटी गलतियों के लिए धोखेबाज की तरह नहीं देखे जाएंगे, जबकि गंभीर धोखाधड़ी के मामलों पर कार्रवाई जारी रहेगी। इससे विभाग को मामलों के प्रबंधन में सुविधा होगी और करदाताओं के बीच विश्वास भी बढ़ेगा।



एडवोकेट संतोष गुप्ता ज्वाइंटसेक्रेटरी

### व्यवहारिक तस्वीर पर सुधार आवश्यक

जीएसटी कानून के तहत जब व्यापारियों के वार्षिक खातों की समीक्षा की जाती है, तो टैक्स अधिकारी अक्सर कुछ त्रुटियाँ या विसंगतियाँ पहचानते हैं। ऐसी स्थिति में करदाता को नोटिस जारी किया जाता है। ये नोटिस दो श्रेणियों सेक्शन 73 और सेक्शन 74 के होते हैं। सेक्शन 73 उन मामलों पर लागू होता है जहां गलती अनजाने में हुई हो यानी करदाता से बिना किसी गलत इरादे के भूल हो गई हो। वहीं, सेक्शन 74 का संबंध उन मामलों से है जहाँ करदाता ने जानबूझकर और इरादतन धोखाधड़ी की हो। सरल शब्दों में कहा जाए तो सेक्शन 73 "गलती" के लिए है, जबकि सेक्शन 74 "धोखाधड़ी" के लिए है। लेकिन व्यवहार में तस्वीर कुछ और दिख रही है।

**एमपी टैक्स लॉ बार एसोसिएशन मध्य प्रदेश**

### अनावश्यक बोझ कम करना जरूरी

*वित्त वर्ष 2020-21 के लिए मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में हजारों नोटिस सेक्शन 74 के तहत जारी किए गए हैं, और हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई नोटिसों में मांग की राशि 01 लाख से भी कम है। इतनी छोटी राशि के मामलों में फ्रॉड का प्रावधान लागू करना न केवल करदाताओं बल्कि टैक्स पेशेवरों पर भी अनावश्यक बोझ डालता है। क्योंकि जैसे ही सेक्शन 74 लगाया जाता है, करदाता को ब्याज के साथ-साथ 100 फीसदी पेनल्टी भी चुकानी पड़ती है। इस प्रकार एक छोटी-सी टाइपिंग या लेखा पुस्तकों में हुई गलती को भी धोखाधड़ी मान लिया जाता है, जो न्याय की दृष्टि से उचित नहीं है।*

### न्यायसंगत प्रणाली जरूरी

*व्यावहारिक समाधान यह होगा कि सेक्शन 74 लागू करने के लिए एक थ्रेशहोल्ड सीमा तय की जाए। उदाहरण के लिए, केवल वे मामले जहां कर की मांग 10 लाख रुपए या 15 लाख रुपए से अधिक हो, उन्हें ही सेक्शन 74 के तहत लाया जाए। इससे छोटे मामलों को सेक्शन 73 के तहत निपटाया जा सकेगा। यदि ऐसा प्रावधान किया जाए, तो अनावश्यक मुकदमेबाजी कम होगी, विभाग और करदाताओं दोनों का समय और पैसा बचेगा और एक अधिक न्यायसंगत प्रणाली बनेगी।*

### संतुलित, न्यायसंगत और करदाता-हितैषी बनें

*एक छोटी गलती को कभी भी धोखाधड़ी के बराबर नहीं माना जाना चाहिए। सेक्शन 74 का उपयोग केवल उन्हीं मामलों में होना चाहिए जहां बड़ी कर मांग या स्पष्ट धोखाधड़ी का इरादा हो। एक थ्रेशहोल्ड सीमा निर्धारित करने से जीएसटी प्रणाली अधिक संतुलित, न्यायसंगत और करदाता-हितैषी बनेगी।*

***एडवोकेट संतोष गुप्ता ज्वाइंट सेक्रेटरी***

## दीपक एडवरटाइजिंग को मिला 19वां एजेंसी ऑफ द ईयर अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

क्रिएटिव इंडस्ट्री के लिए यह गर्व का क्षण है जब इंदौर की दीपक एडवरटाइजिंग को प्लेटिनम अवॉर्ड्स 2024–2025 के रूप में 19वां एजेंसी ऑफ द ईयर अवॉर्ड प्राप्त हुआ है।190 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों के साथ दीपक एडवरटाइजिंग ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता और रचनात्मकता को सिद्ध किया है। कई दशकों से यह एजेंसी विज्ञापन जगत में नए मानक स्थापित करती आ रही है प्रभावशाली कैंपेन बनाकर, ब्रांडों को नई पहचान देकर और क्षेत्रीय विज्ञापन को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाकर। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए दीपक जेठा, प्रबंध निदेशक, दीपक एडवरटाइजिंग ने कहा कि यह अवॉर्ड हमारी टीम की मेहनत, हमारे क्लाइंट्स के भरोसे और उस जुनून का परिणाम है जो वर्षों पहले हमारी यात्रा की शुरुआत से ही हमारे साथ रहा है। हर उपलब्धि हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देती है। कई रचनात्मक और मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपनी पहचान बना चुकी दीपक एडवरटाइजिंग



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय विज्ञापन को नई ऊंचाई दी है। संस्था का लक्ष्य हमेशा एक ही रहा है ऐसी रचनात्मकता पेश करना जो दिलों को छुए, ब्रांड को आगे बढ़ाए और बदलाव लाए।

### आईआईटी को 'यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर' का खिताब मिला सम्मान

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संस्थान को एफआईसीसीआई हायर एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 में दो प्रतिष्ठित श्रेणियों में सम्मानित किया गया है'यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर और 'एक्सीलेंस इन क्रिएटिंग एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप'।.य केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) द्वारा आयोजित समारोह में किया।

## मिशन एफपीओ सस्टेनेबिलिटी एवं महिला सशक्तिकरण की थीम पर कृषि मंथन के सातवें संस्करण का आयोजन

भोपाल। राजधानी भोपाल में इंटीग्रेटेड सोशियो-इकोनॉमिक डेवलपमेन्ट सर्विसेस के द्वारा कृषि मंथन के सातवें संस्करण का आयोजन 'मिशन एफपीओ सस्टेनेबिलिटी एवं महिला सशक्तिकरण' थीम पर किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से आए उद्यमियों ने हिस्सा लिया। दरसअल देश के ग्रामीण क्षेत्र में 70 प्रतिशत महिला उद्यमी काम कर रही हैं लेकिन अभी तक वह फ्रंट में नहीं नजर आ रही हैं।

वहीं स्वस्तिक मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर शाश्वत संदीप तिवारी ने कहा कि इसका मुख्य कारण महिलाओं को लाभ और नीति से सालों से दूर रखना बताया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की ऐसी महिला उद्यमियों को एफपीओ से जोड़कर सशक्त बनाना है ताकि वह आगे चलकर देश के कृषि विभाग को आगे बढ़ाने में सहयोग कर सकें। महिला किसानों



का सशक्तिकरण होना बहुत जरूरी है क्योंकि वह भारतीय कृषि की रीढ़ की हड्डी हैं जो अक्सर अदृश्य रहती हैं। कार्यक्रम में इंटीग्रेटेड सोशियो-इकोनॉमिक डेवलपमेन्ट सर्विसेज के डायरेक्टर द्वारका सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम क्लस्टर बनाकर महिलाओं के हैंडक्राफ्टेड फूड और ब्यूटी प्रोडक्ट की कॉमन ब्रांडिंग पर ले जाएंगे। इसके साथ ही इन उद्यमियों को कंपनियों से कॉलेब्रेशन करवाकर सीधे बाजार से जोड़ा जाएगा ताकि बिचौलियों की भूमिका को खत्म किया जा सके।

बोले एसबीआई के चेयरमैन

## स्टेट बैंक आरबीआई के ईसीएल ढांचे के लिए तकनीकी रूप से तैयार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपेक्षित ऋण हानि यानी ईसीएल ढांचे पर आरबीआई की ओर से पेश मसौदे पर भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने साफ किया है कि देश का सबसे बड़ा बैंक इस मॉडल के लिए तकनीकी रूप से तैयार है। हालांकि उन्होंने कहा कि, इसमें अब भी कुछ बदलाव की आवश्यकता पड़ सकती है। वार्षिक ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) के मौके पर शेट्टी ने मुंबई में कहाकि हमें लगता है कि जो लंबा संक्रमण काल दिया गया है, उसका बैंकों की बैलेंस शीट पर सीमित असर पड़ेगा। मौजूदा प्रावधान को हटाकर ईसीएल में बदलाव वित्त वर्ष 27 में शुरू लागू होगा। बैंकों को इसे पूरी तरह से अपनाने के लिए पांच साल का समय दिया गया है। एक्सपेक्टेड क्रेडिट लॉस (ईसीएल) फ्रेमवर्क वह तरीका है जिसके तहत बैंक अपने कर्जों और अग्रिम राशियों पर होने वाले संभावित नुकसान का अनुमान लगाकर प्रावधान बनाते हैं। यह तरीका भविष्य में होने वाले संभावित नुकसान को ध्यान में रखकर प्रावधान बनाता है, न कि केवल वर्तमान नुकसान को। यह तरीका आईएफआरएस 9 के अनुरूप है। यह पूर्व के मॉडल की तुलना में अधिक सटीक है। शेट्टी ने कहाकि हम विदेशी संस्थाओं का अधिग्रहण करने वाली भारतीय कंपनियों के लिए आउटबाउंड विलय और अधिग्रहण का वित्तपोषण कर रहे हैं। मुझे लगता है कि एसबीआई जैसे बैंक अधिग्रहण के वित्तपोषण में पारंगत हैं।

## व्यापारियों एवं कर सलाहकारों को बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता




भोपाल। वर्तमान में जीएसटी विभाग द्वारा विवरणी प्रक्रिया में बहुत बदलाव कर दिए गए हैं। व्यापारियों एवं कर सलाहकारों को विवरणी भरते समय बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है। टैक्स ला बार एसोसिएशन द्वारा अपने सदस्यों के लिए आयोजित कार्यशाला में यह जानकारी युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्षित मुरलीधर काकवानी ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अब कोई भी जीएसटी की विवरणी प्रस्तुत करने के लिए 3 वर्ष की समय सीमा तय कर दी है पुरानी विवरणी 3 वर्ष के बाद प्रस्तुत नहीं की जा सकती। बिल प्रबंधन प्रणाली में बहुत ध्यान से बिलों को जांचने के बाद स्वीकृत या अस्वीकृत करना चाहिए क्योंकि एक बार कार्रवाई करने के बाद उसमें परिवर्तन करने का कोई प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम में अध्यक्ष मृदुल आर्य, सचिव मनोज पारख, सहसचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सुनील गौतम, हेमंत जैन, शहादत खान आदि उपस्थित थे।

---

# बिजनेस न्यूज

## एमजी ज्वेलर्स में पहली बार 'गोल्ड वाला प्री करवाचौथ' सेलिब्रेट

भोपाल। राजधानी के खादिम के पास वेस्टर्न होटल कोलार में एमजी ज्वेलर्स में पहली बार गोल्ड वाला प्री करवाचौथ सेलिब्रेट होने जा रहा है जिसमें कोलारवासी ही नहीं राजधानी और मध्यप्रदेश वासी की हर सुहागिन महिला शामिल हो सकती है। एमजी ज्वेलर्स में पहली बार गोल्ड वाला प्री करवाचौथ सेलिब्रेट के बारे में संचालक योगेश सोनी ने बताया कि यह एक उत्सव होने के प्रतियोगिता भी है। जिसमें महिलाएं सोलह सिंगार करके और अपने साथ सुंदर करवा चौथ की थाली सजाकर प्री करवाचौथ सेलिब्रेट कर सकती है। जीतने वाली प्रतिभागी को मिलेगा सुनहरा मौका गोल्ड की ज्वेलरी पहनने का असवर प्राप्त तो होगा ही साथ ही साथ ही सबको मिलेगा सुनिश्चित उपहार भी।

योगेश सोनी ने बताया कि थाली सजावट थीम ऑपरेशन सिंदूर पर है। यह प्रोग्राम सिर्फ महिलाओं के लिए है। 8 साल से ऊपर के बच्चे का फूड कूपन 250 रुपए रहेगा। एंट्री फूड कूपन आज दोपहर 1 से 5 बजे तक प्राप्त होगा। एंट्री फूड कूपन 499 रुपए में प्राप्त कर अपनी सुहागिन महिलाएं पंजीयन करा सकती है। इसके लिए चंचल सिंह राजपूत- 8319318084, हर्षा पांडे -8120725245, योगिता चावरे- 98277 87086 संपर्क करें। उन्होंने बताया कि करवा चौथ के सुअवसर पर आयोजित गोल्ड वाला प्री करवाचौथ सेलिब्रेट में भोपाल की जानी-मानी हस्तियां उपस्थित होंगी। इसके अलावा सेलिब्रेट डीजे डांस मस्ती, कैटवॉक, गेम्स, सेल्फी, रिटर्न गिफ्ट्स ,फ्री मेहंदी,तंबोला आदि का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में शामिल प्रथम विजेता को सोने की रिंग , दूसरे विजेता को सोने का मांग टिका और तीसरे विजेता को सोने की नथ बतौर पुरस्कार के रूप में दी जाएगी।

## टूरिज्म बोर्ड ने दी विशेष टर्म शीट मे प्रवेश को मंजूरी

भोपाल। टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने कहाकि निदेशक मंडल ने आयोजित बैठक में कोस्मिया इन्वेस्टमेंट होल्डको प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक विशेष टर्म शीट में प्रवेश करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी कोस्मिया इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड की 100 फीसदी हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए दी गई है, जिसमें इसकी नामित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां, चरणबद्ध सहायक कंपनियाँ और ट्रस्ट शामिल हैं। यह लेनदेन एक विशेष उद्देश्य वाहन या टीएफसीआईएल की एक संबद्ध इकाई के माध्यम से किया जाएगा, जिसे इस उद्देश्य के लिए स्थापित किया जाएगा।

## दस दिवसीय राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी सह बिक्री का उद्घाटन

भोपाल। नाबार्ड द्वारा स्वयं सहायता समूहों, कृषक एवं गैर कृषक उत्पादक संगठनों, ग्रामीण कारीगरों के उत्पादो की राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी सह बिक्री का दस दिवसीय आयोजन का शुभारंभ आज होगा। राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी सह बिक्री का शुभारंभ आज मंगु भाई पटेल राज्यपाल द्वारा शाम को किया जाएगा। यह 16 अक्टूबर 2025 तक बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में ओजस्विनी महोत्सव 2025 के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी सह बिक्री में देश के 18 से भी अधिक राज्यों के स्वदेशी उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है।

## 89 फीसदी महिलाएं दे रहीं ऑनलाइन खरीद के लिए डिजिटल तरीकों को प्राथमिकता

भोपाल। भारत डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई 25 में 35 फीसदी वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं। यह जानकारी आज केरनी इंडिया और अमेजन पे द्वारा जारी हाऊ अर्बन इंडिया पे 2025 रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट इस पर प्रकाश डालती है कि आकांक्षी खरीदार अब डिजिटल लेनदेन को विभिन्न खर्च श्रेणियों में फैला रहे हैं, जहां डिजिटल तरीकों को अब केवल उच्च मूल्य वाले खरीद जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान के लिए ही नहीं बल्कि नियमित श्रेणियों जैसे उपयोगिता बिल (2025 में 87फीसदी बनाम 2024 में 83फीसदी ) के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है। यह परिवर्तन भारत को 2030 तक $7 ट्रिलियन डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

## जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही ट्रांसयूनियन एडस्टीड द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री

मुंबई । अग्रणी ऋण सूचना कंपनी, ट्रांसयूनियन सिबिल, एडस्टीड द्वारा निर्मित और जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही डॉक्यूमेंट्री में शामिल हो रही है, जो भारत के वित्तीय पारितंत्र की संरचना और क्रेडिट पहुंच के विस्तार को रेखांकित करती है। यह डॉक्यूमेंट्री एडस्टीड सीरीज की भारत फिनटेक स्टोरी के सीजन-2 का हिस्सा है, जो भारत के वित्तीय सेवा परिदृश्य के विकास पर आधारित है। नया सीजन मार्च 2026 तक उपलब्ध रहेगा। यह डॉक्यूमेंट्री भारत के क्रेडिट परिदृश्य, वित्तीय समावेश और लाखों लोगों के लिए क्रेडिट पहुंच आसान बनाने से जुड़ी ट्रांसयूनियन सिबिल की 25 साल की यात्रा का ब्योरा देती है। यह इस बदलाव की कहानी है कि कैसे आंकड़े, विश्वास और दूरदर्शिता ने मिलकर देश को सशक्त बनाया। ट्रांसयूनियन सिबिल की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी और उसके बाद से यह देश के लिए अग्रणी क्रेरेडिट सूचना ब्यूरो रहा है।

## सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आदिवासी रिपोर्टिंग पुस्तक पर हुआ मंथन



भोपाल। सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में लेखक और पत्रकार अंकित पचौरी द्वारा लिखित पुस्तक ₹आदिवासी रिपोर्टिंग₹ पर एक महत्वपूर्ण मंथन सत्र आयोजित किया गया।
जिसमें यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति इंजीनियर प्रीति सलूजा ने लेखक के साथ किताब पर चर्चा की और उनकि किताब के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ हीं लेखक के द्वारा पुस्तक की एक प्रति कुलाधिपति मैडम को भेंट की। कार्यक्रम के दौरान, अंकित पचौरी ने अपनी पुस्तक के बारे में विस्तार से चर्चा की और आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों के साथ एक सवाल-जवाब सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी जिज्ञासा को शांत किया इस कार्यक्रम का आयोजन सेमिनार हॉल में किया गया,। पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. तस्नीम खान ने इस कार्यक्रम की संयोजकता की और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष अतिथि के रूप में सेतु सिंह भदौरिया, भी शामिल हुई, इस सत्र में पत्रकारिता और लॉ विभाग के छात्रों के साथ साथ मीडिया क्लब के मेंबर्स तथा स्टूडेंट ने भाग लिया और आदिवासी मुद्दों पर गहन चर्चा की।

## फोनपे ने मास्टरकार्ड के साथ लांच किया ईकोसिस्टम-वाइड डिवाइस टोकेनाइजेशन

नई दिल्ली। फोनपे पेमेंट गेटवे ने आज पेमेंट इंडस्ट्री की ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी मास्टरकार्ड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, 'डिवाइस टोकेनाइजेशन' सॉल्यूशन लॉन्च किया गया है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में इस पहल घोषणा की गई है। यह पहल मास्टरकार्ड की नेटवर्क-टोकनाइजेशन क्षमता को फोनपे पीजी के मर्चेंट प्लेटफॉर्म पर लाती है, जिससे ऑनलाइन व्यवसायों के लिए सुरक्षित पेमेंट विकल्पों का विस्तार होता है। यह फीचर लाखों ग्राहकों के लिए चेकआउट और पेमेंट एक्सपीरियंस को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत के प्रमुख एआई -संचालित ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो, जो फोनपे पर फ्लाइट, बस और ट्रेन बुकिंग को बढ़ावा देता है।

## रिलेक्सो ने शहर में नए एक्सक्लूजिव ब्रांड आउटलेट खोला

भोपाल। रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने भोपाल में अपने नए एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट की ओपनिंग की घोषणा की है। यह नया स्टोर राज्य के उपभोक्ताओं को स्टाइलिश, किफ़ायती और उच्च गुणवत्ता के फुटवियर उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाता है। नितिन दुआ- एक्ज़क्टिव वाईस प्रेसीडेंट रीटेल, रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहाकि मप्र हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार है।

## स्टील एक्सचेंज ने 350 करोड़ की पुनर्वित्त सुविधा सुनिश्चित की

विशाखापत्तनम। स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड ने एक टर्म लोन की पूर्व भुगतान के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण प्रगति की घोषणा की है, जिसमें कम ब्याज दरों पर पुनर्वित्त सुरक्षित किया है। कंपनी ने कोटक महिंद्रा , ऑक्सिजो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और कोटक क्रेडिट ऑपर्च्युनिटीज फंड सहित प्रमुख वित्तीय संस्थानों के एक संघ से 350 करोड़ की पुनर्वित्त सुविधा की मंजूरी प्राप्त की है।


**// आम सूचना //**

**(भवन क्रमांक 232 विन्डसर पाम फेस–2 इनायतपुरा एवं कांकरिया कोलार रोड भोपाल)**

में,अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि, श्री शोभित मेहरा आत्मज श्री सुभाष मेहरा, निवासी–भोपाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय भवन जो भूखंड क्रमांक 232 पर निर्मित है जिसके प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफिट है जो खसरा क्रमांक 141/ 205/2/1, 206/2/1, 207, 208/1, 209, 21/1, 223, 225/2, 227/2/2, 205/1/2, 222/2/2, 225/1, 226, 227/1,140/1/2, 140/2/2, 140/3/2, 146/2/2, 227/2/1, 228 का अंश भाग है जो विन्डसर पाम फेस–2 ग्राम इनायतपुरा एवं कांकरिया, नगर निगम वार्ड क्रमांक 84 तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित है जिसके पूर्व में कॉलोनी रोड, पश्चिम में ओपन एरिया, उत्तर में प्लॉट नं. 231 एवं दक्षिण में प्लॉट नं. 233 है, को मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भवन स्वामी से क्रय किये जाने हेतु सहमति हुई है। यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक ), भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में गय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति का पंजीयन पत्र तत्पश्चात् नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होगा।

**ब्रजेश कुमार शर्मा (अधिवक्ता)**
पता: 1) एम–7, आशीर्वाद काम्पलेक्स, जोन –I , एम.पी.नगर, भोपाल
2) 32, जैन मंदिर लालघाटी, भोपाल
मो. 98262 60790



**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**

**E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**J.P./N.P.N./246/260** **Bhilai/Dated: 03/10/2025**

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form ""A" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. no | Tender no | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest money (in lacs) | Completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177063 | निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। | 156.08 lacs | 1.17 lacs | 12 month | 03/10/2025 | 21/10/2025 | Second call | Form A |

**NOTE:** 1 For other details visit Gov e-Procurement System portal website (https://eproc.cgstate.gov.in) 2 orrigendum Amendment If any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/only and it shall be part of tender document. 3. For more details please download NIT. Details.

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation**



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

क्रमांक/750/ रीडर-1 बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

**(उद्घोषणा)**

(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम हिनोतिया मुजप्ता प.ह.न. 2 ग्राम पंचायत भुरेरू तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनाक 28.08.1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमे वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एव चराई अधिकार, वनोपज संबधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसगत वन विधियों व विधानों के अतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। अतः एतद्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाषन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्य आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजो सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करे तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उद्घोषणा आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

G-19728/25 " स्वच्छता ही सेवा "

अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी
अनुभाग बेगमगंज जिला रायसेन (म.प्र)

चिंतन

# कांग्रेस का पीछा ही नहीं छोड़ रहे उसके कारनामे

सत्ता में रहने के दौरान किए गए कारनामों को लेकर कांग्रेस लगातार घिर रही है। ये कारनामे बीते 11 सालों से सत्ता से बाहर कांग्रेस का पीछा छोड़ते नजर नहीं आ रहे। बीते दिनों पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने खुलासा किया कि वे मुम्बई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने को तैयार थे, लेकिन बाहरी दबाव के चलते ऐसा नहीं कर पाए। मुंबई में 26/11 को हुए आतंकी हमले ने भारत को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 175 लोगों की जान ले ली थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर अमेरिका के कहने पर भारत ने युद्ध की राह नहीं चुनी। चिदंबरम ने बताया कि हमले के दौरान ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय की अमेरिकी विदेश मंत्री राइस ने उनसे और प्रधानमंत्री से मुलाकात कर भारत को संयम बरतने को कहा। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक सलाह ने इसे प्रभावित किया। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार लगातार विदेशी दबाव में थी और उनके अनुसार ही फैसले ले रही थी। आतंकवाद पर तो कांग्रेस की नीति न केवल लचर थी बल्कि कांग्रेस सरकार कड़ा फैसला ही नहीं ले पाई। यही कारण रहा कि देश में आतंकी हमले होते रहे और निर्दोष नागरिक जान गंवाते रहे। जबकि सरकार बदलने के बाद पिछले दो दशकों में आतंकवाद को लेकर भारत की नीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रवाद की गहराई से जुड़ी भावना के साथ पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामरिक, हर मोर्चे पर निर्णायक और घातक वार किया गया। 26 नवंबर 2008 को भारत की आर्थिक राजधानी पर हुआ हमला निस्संदेह सबसे भयानक, घातक और खतरनाक था। मुंबई को दुश्मनों ने घेर लिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी शहर में घुसे, प्रमुख स्थानों पर फैल गए और लगभग 12 स्थानों पर बम धमाके कर, निर्दोष नागरिकों को बंधक बनाकर, कई दिनों तक आतंक का तांडव मचाया। इसमें 160 से अधिक लोगों की जान गई। पाकिस्तानी आतंकी कसाब जीवित पकड़ा गया। उसने खुद कबूल किया कि इसके पीछे पाकिस्तान था। भारत के पास खुद अपराधी का इकबालिया बयान था। दुनिया देख रही थी, पाकिस्तान कांप रहा था, लोग गुस्से में थे, कांग्रेस सरकार अमेरिका के दबाव में थी। जबकि 2014 के बाद आतंकवाद पर देश की नीति ही बदल गई। पठानकोट में वायुसेना अड्डे पर आतंकी हमला हुआ तो भारत ने निर्णायक रुख अपना लिया। 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर हमला हुआ तो इस बार भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के कैंप पर एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया। भारत ने कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया। 22 अप्रैल 2025 में पहलगाम पर्यटकों पर हमला हुआ तो 7 मई 2025 को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में फैले 9 आतंकवादी ठिकानों पर 24 मिसाइल हमले से सैकड़ों आतंकियों को मौत की नींद सुला दिया। इस हमले में आतंकियों के सरगना अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए। यह है बदले भारत की तस्वीर, जो ईंट का जवाब पत्थर से देना जानता है। अब कोई अमेरिका हमारे फैसले नहीं बदल सकता।



स्वास्थ्य
प्रमोद भार्गव

# सर्दी-खांसी की दवा बनी अभिशाप

सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। साफ है, नकली दवा कारोबार बेखौफ जारी है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी, किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।

मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं, देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी।




अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं। विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है। ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं, इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी ? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। वजाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। एसौचेम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व डाक दिवस
प्रो. आरके जैन "अरिजीत"




# कागज, स्याही व संवेदनाएं डाक की अनकही कहानी

ब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है। डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें, जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### महिला क्रिकेट टीम की उपलब्धियां

कभी-कभी लड़कियों के अच्छे और हौसले की ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं जो उनके हौसले के बारे में जानकर सभी दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। अभी हाल ही में एशिया कप और आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में हमारे देश में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को हरा दिया। सारी दुनिया और पाकिस्तान इस बात को अच्छी तरह समझ गए होंगे कि हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम किसी से कम नहीं है। महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 1976 में बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डेब्यू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के साथ खेला था। हमारे देश की टीम ने पहली जीत पटना के स्टेडियम मोइन उल हक में वेस्टइंडीज को हराकर हासिल की थी। महिला टीम की और भी कई शानदार उपलब्धियां हैं। *– दीपक पटेल, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया में दिवाली पर राजकीय अवकाश घोषित


भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, 'कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है और दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने से लाखों कैलिफोर्निया वासियों तक इसका संदेश पहुंचेगा जो इसे मनाते हैं और विविधता से भरे हमारे राज्य में कई लोगों को इसे अपनाने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दिवाली सद्भावना, शांति और नवीनीकरण की साझा भावना के संदेश के साथ समुदायों को एक साथ लाती है।



## ऑफ बीट

# क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा है? विशेषज्ञों की राय

एआई दुनिया बदल देगा। एआई 'अद्भुत सफलताएँ' लाएगा। एआई को बहुत ज़्यादा प्रचारित किया जा रहा है, और यह बुलबुला फूटने वाला है। एआई जल्द ही मानवीय क्षमताओं को पार कर जाएगा, और यह 'अति बुद्धिमान' एआई हम सभी को खत्म कर देगा।'एआई के गॉडफादर', कंप्यूटर वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने कहा है कि अगले तीन दशकों में एआई के कारण मानव के विलुप्त होने की 10–20 प्रतिशत संभावना है। यह एक परेशान करने वाला विचार है – लेकिन इस बात पर कोई सहमति नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं और कैसे। इसलिए हमने पांच विशेषज्ञों से पूछा: क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है? पाँच में से तीन ने कहा, 'नहीं"। यहाँ उनके विस्तृत उत्तर दिए गए हैं। असली ख़तरा यह नहीं है कि एआई बहुत ज़्यादा स्मार्ट हो जाए। नहीं। वर्तमान में प्रौद्योगिकी जिस स्थिति में है, उसमें वास्तविक खतरा यह नहीं है कि एआई बहुत अधिक स्मार्ट हो गया है – बल्कि खतरा यह है कि मनुष्य इन उपकरणों के निर्माण और उपयोग के बारे में गलत निर्णय ले रहे हैं। वर्तमान एआई प्रणालियाँ, प्रभावशाली होते हुए भी, मूलतः 'स्टोकेस्टिक पैरट ही हैं। वे परिष्कृत पैटर्न–मिलान में संलग्न हैं जो पूर्वानुमान के माध्यम से बुद्धिमत्ता का अनुकरण करती हैं।




## ट्रेंड

### श्रद्धासुमन अर्पित



भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर, मैं उस दूरदर्शी नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोकतंत्र और न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिय।

-सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### नवाचार को बढ़ावा



पिछले दशक में भारत की तकनीकी क्रांति की विशेषता गति, पैमाने और नीतिगत सुधार रहे हैं। हमारी सरकार केवल नियामक बनने के बजाय, नवाचार को बढ़ावा देने वाले सुविधाप्रदाता बनने में विश्वास करती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### संविधान का अपमान



सुप्रीम कोर्ट के उच्च न्यायाधीश का जो अपमान किया गया, हम उसकी घोर निंदा करते हैं और ऐसी विचारधारा अगर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के पास होती है, तो वो संविधान का अपमान है। जो विचारधारा इंसान को इंसान ना माने, वो मानसिकता संविधान के अनुसार नहीं है।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### नई तकनीक के आधार



भविष्य जितना एआई जैसी तकनीकों से जुड़ा है, उतना ही धरती के नीचे के संसाधनों से भी जुड़ा है, न केवल सोना, बल्कि तांबा, एल्युमीनियम, जस्ता, लिथियम आदि हर नई तकनीक के आधार हैं।

- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

बैंक खाते व मोबाइल नंबर की मदद से जालसाज तक पहुंचने का पुलिस कर रही प्रयास

# फर्जी जीजा बनकर साइबर ठग ने किया महिला को कॉल, खाते में ट्रांसफर करा लिए 1 लाख 62 हजार

## जालसाल ने कहा- वह 25 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर रहा है, सुबह मुझे दे देना, अभी मेरे बैंक खाते में कोई समस्या आ गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर ठग द्वारा फर्जी जीजा बनकर महिला से 1 लाख 62 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को उसका जीजा बताया और फिर पति व बच्चों का हालचाल पूछने के बाद रकम ट्रांसफर करा ली। आरोपी ने अपने बैंक अकाउंट में समस्या होने का झांसा देकर उक्त रकम ट्रांसफर कराई थी। करीब एक साल चली जांच के बाद शाहजहांनाबाद पुलिस ने अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक डी-4, वाजपेयी नगर मल्टी ईदगाह हिल्स निवासी माहिरा खान पत्नी शहजाद खान ने जिला साइबर सेल में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि विगत 23 सितंबर 2024 की रात करीब सवा नौ बजे उनके मोबाइल पर मोबाइल नंबर 8617889216 से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि मैं आपका जीजा बोल रहा हूं। उसने कहा कि वह 25




हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर रहा है। सुबह मुझे दे देना। अभी मेरे बैंक खाते में कोई समस्या आ गई है। कॉल करने वाले व्यक्ति ने माहिरा खान से पति और बच्चों का हालचाल भी पूछा। महिला को लगा कि वह उनका जीजा ही बोल रहा है। उस व्यक्ति ने उसके मोबाइल से 25 हजार रुपए रिसीव करने का मैसेज भेजा। कुछ देर बाद उस व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि अभी तुम मुझे दो हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दो।

इमरजेंसी है, अस्पताल में कोई भर्ती है, उसे भेजना है। माहिरा ने उसकी बातों पर भरोसा करते हुए दो हजार रुपए ऑनलाइन भेज दिए। इसके बाद उस व्यक्ति ने तीन-चार स्कैनर भेजे और माहिरा खान से रात में ही 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

### जालसाल ने महिला के खाते में राशि नहीं डाली

अगले दिन 24 सितंबर को उक्त मोबाइल नंबर से महिला के पास कॉल आया और कॉल करने वाले ने कहा कि आपको पांच हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए हैं। उस व्यक्ति ने कहा कि 41 हजार रुपए और भेज रहा हूं, तुम यह पैसे मुझे ऑनलाइन भेज देना। इसके कुछ देर बाद उस व्यक्ति ने कहा कि 41 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड में फंस गए हैं। तुम 40 हजार रुपए और भेजो। मैं तुम्हें 81 हजार रुपए रिटर्न कर दूंगा। भरोसा कर माहिरा ने 81 हजार रुपए और भेज दिए। उसके बाद अज्ञात साइबर अपराधी ने महिला से 50 हजार रुपए और ट्रांजेक्शन करा लिए। इस प्रकार जालसाज ने फर्जी जीजा बनकर महिला से कुल एक लाख 62 हजार 383 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि महिला ने उक्त राशि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा संतर हिरदाराम नगर बैरागढ़ के अकाउंट से ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। खुलासे में पता चला कि साइबर जालसाज ने महिला के उक्त खाते में कोई राशि नहीं भेजी गई।

# साउथ एक्सटेंशन कॉलोनी में मिले मानव अवशेष की नहीं हो सकी शिनाख्त

हड्डी का आकार देखकर वयस्क के अवशेष होने की आशंका, इलाके और आसपास से गुमशुदा की जानकारी जुटा रही पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित साउथ एक्सटेंशन कॉलोनी में मंगलवार दोपहर खाली प्लॉट के पास गड्ढे में मिले मानव अवशेष पुलिस ने मर्चूरी में रखवा दिए है। मेडिको लीगल से चर्चा में पता चला कि यह अवशेष किसी वयस्क व्यक्ति के है। हालांकि केवल हाथ और पैर की हड्डियां मिलने और छोटी छोटी हड्डियां मिलने से यह कहना मुश्किल है कि है कि हड्डिया पुरुष की है या महिला की है। हालांकि पैर की हड्डी का आकार देखकर मेडिको लीगल ने जरूर बताया है कि हड्डी किसी वयस्क की है। करीब दो महीने पहले से लाश पड़ी होने के कारण केवल मानव अवशेष ही मिले हैं। इसमें भी सिर और धड़ वाला हिस्सा नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस अलग अलग पहलुओं पर जांच कर रही है।

### गड्ढे में देखा था पैर

उल्लेखनीय है कि सिक्स लेन से लगी साउथ एक्सटेंशन कॉलोनी में मंगलवार दोपहर कुछ बच्चे खेलने गए थे। इस दौरान उन्होंने खाली पड़े प्लॉट के पास गड्ढे में मानव पैर को पानी में देखा था। बच्चों ने घर जाकर जानकारी दी। इधर, मानव अवशेष मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मानव पैर से कुछ दूरी पर एक बोरी बरामद की। बोरी में भी मानव अवशेष थे। इसके अलावा एक दुपट्टा था। जिससे कयास लगाए गए कि अवशेष किसी महिला के हो सकते हैं। हालांकि पुलिस ने एक तर्क यह भी दिया है कि हो सकता है कि दुपट्टे का इस्तेमाल शव को बांधने के लिए किया गया हो। अवशेष मिलने के बाद पुलिस शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने दो तीन महीने के भीतर इलाके और आसपास से गुम हुए लोगों की जानकारी जुटाई है। शिनाख्त होने के बाद ही पता चल सकेगा कि हत्या किसने की है।

## खबर संक्षेप



### सफाई कर्मचारियों को शॉल श्रीफल से किया सम्मानित

**औबेदुल्लागंज।** श्री खेड़ापति माता मंदिर वार्ड 8 में पार्षद सरोज रामेश्वर नागर एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा वार्ड के सफाई कर्मचारियों का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर योगेश तिवारी, कोमल साहू, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

### पटवा ने महर्षि वाल्मीकि को किए श्रद्धासुमन अर्पित




**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा वार्ड 12 स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद वाल्मीकि समाज के लोगों से सौजन्य भेंट की। साथ ही महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सद्भाव, ज्ञान और मानवता के प्रसार का आह्वान किया। इस अवसर पर पंकज कोठारी, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, राहुल प्रजापति, सुनील वाल्मीकि, अध्यक्ष राहुल सिरसवाल, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, आरती यादव, रवि शंकर राय आदि मौजूद रहे।

### प्लास्टिक पार्क उद्योग क्षेत्र बना जुआ अड्डा

**तामोट।** प्लास्टिक पार्क उद्योग क्षेत्र में खुलेआम जुआ अड्डा चल रहा है। स्थानीय लोगों ने जुए के अड्डे को बंद करने की मांग की है। वहीं पिछले दिनों विधायक सुरेंद्र पटवा को अवैध कच्ची शराब खुलेआम बेचने की शिकायत ग्रामवासियो ने की थी, तब पटवा की पहल पर पुलिस और आबकारी विभाग ने अवैध कच्ची दारू की दुकान सील कर दी थी। अब फिर से चालू हो गई है। तामोट और प्लास्टिक पार्क उद्योग क्षेत्र में सट्टा कारोबार से तामोट के किसान परेशान हैं। औबेदुल्लागंज के अर्जुन नगर और ढाबों पर जुआ खिलाया जा रहा है। अर्जुन नगर में महिला जुआ का फड़ चला रही है।

### जनपद सदस्य रूपेश का मनाया जन्मदिन

**तामोट।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं



जनपद सदस्य रूपेश चौहान बीलखेड़ी का जन्मदिन बुधवार को मनाया। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, हरगोविंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, माधव यादव, कांता पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा, राधा कुशवाहा, बाबूलाल चौहान, रामपाल, रामकिशोर चौहान, सुरेश तिवारी, वीरेंद्र परसाई आदि ने बधाई दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4816 | | |
| दिन: | 359 | 79 | 450 |
| रात: | 457 | 67 | 278 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 478 | 95 | 168 |
| रात: | 245 | 11 | 470 |

## गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित ऑटो स्टैंड पर हुई वारदात

# जेल से छूटे बदमाश ने ऑटो चालक से की अड़ीबाजी, कमर में घोंपा चाकू

### एक घंटे पहले तलैया में युवक से वसूले थे दो हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र में कुख्यात बदमाश नसीम ब्रेकर द्वारा एक घंटे के अंदर दो लोगों से अड़ीबाजी का मामला सामने आया है। जेल से छूटने के बाद आरोपी नसीम ब्रेकर ने तलैया इलाके में पहली वारदात को अंजाम दिया और एक युवक से अड़ीबाजी कर दो हजार रुपए वसूल लिए। इसके एक घंटे बाद बदमाश गांधी नगर पहुंचा और ऑटो चालक से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इंकार करने पर आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसकी कमर के पास लगा है। गांधी नगर पुलिस ने हत्या का प्रयास व अड़ीबाजी की धाराओं के तहत



प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप नसीम ब्रेकर के खिलाफ 38 प्रकरण दर्ज हैं। कुछ दिन पहले ही वह जेल से छूटा है।

थाना प्रभारी बृजेन्द्र मर्सकोले ने बताया कि करोंद इलाके में रहने वाला सोहेल खान (20) ऑटो चालक है। मंगलवार सात अक्टूबर की शाम करीब सवा चार बजे वह झूलेलाल मार्केट गांधी नगर स्थित ऑटो स्टैंड पर अपना ऑटो लेकर खड़ा था। तभी बदमाश नसीम ब्रेकर वहां आ धमका और चाकू की नोंक पर सोहेल से अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। सोहेल ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। इस बीच नसीम ब्रेकर ने ऑटो चालक पर पर चाकू से हमला कर दिया।

थाना प्रभारी का कहना है कि सोहेल की पीठ के नीचे कमर पर चाकू का गहरा घाव लगा है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया था। घटना के बाद से फरार आरोपी नसीम ब्रेकर को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि नसीम ब्रेकर भी ऑटो चलाता है। उसके पिता व भाई भी ऑटो चालक हैं।

### एक घंटा पहले तलैया में की थी वारदात

आरोपी नसीम ब्रेकर ने गांधी नगर में हत्या का प्रयास और अड़ीबाजी की वारदात को अंजाम देने से करीब एक घंटा पहले तलैया इलाके में भी अड़ी डालकर पैसे वसूले थे। तलैया पुलिस के मुताबिक मदर इंडिया कॉलोनी निवासी हर्षल कुदेरे (19) किराए का कमरा लेकर टाइल्स लगाने का काम करता है। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने दोस्त राजू परते के साथ कपड़े खरीदने इब्राहिमपुरा मार्केट गया था। मोती मस्जिद के पास इकबाल मैदान के सामने मोहल्ले में रहने वाला नसीम ब्रेकर मिल गया और चाकू की नोंक पर पैसों की अड़ी डालने लगा। मारे डर के हर्षल कुदेरे ने अपनी जेब से दो हजार रुपए निकाल कर बदमाश नसीम ब्रेकर को दे दिए। बाद में उसने तलैया थाने जाकर अड़ीबाजी का प्रकरण दर्ज कराया।

### बेटे ने शराब पीने से मना किया तो पिता ने लगाली फांसी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित कान्हाकुंज फेस टू में मंगलवार देर रात एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीकर आए थे और बेटे ने उन्हें शराब पीने से मना किया। इसी बात को लेकर पिता ने उसे फटकार लगाई और बाद में अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार 50 साल के शिवकुमार घाड़गे कान्हाकुंज फेस-2 में रहते थे और फर्नीचर की दुकान में काम करते थे। उनकी पत्नी बेटी को लेकर किसी रिश्तेदार के घर गई थी। मंगलवार रात में शिवकार काम से घर लौटे। वे शराब के नशे में थे। बेटे ओम ने उन्हें शराब पीकर नहीं पीने की समझाइश दी। इससे वे नाराज हो गए और बेटे ओम को फटकार लगा दी। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए थे। काफी देर तक जब उन्होंने कमरे का दरवाजा नहीं खोला, तो बेटे ने किसी तरह दरवाजा खोला देखा कि पिता शिव कुमार फांसी के फंदे पर लटके हुए हैं। ओम पिता शिवकुमार को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

पुलिस के अनुसार हरीदास पिता तुकाराम (54) कान्हाकुंज फेस-टू में रहते थे। वे लोक निर्माण विभाग में नौकरी करते थे। उनका दफ्तर एमएलए रेस्ट हाउस इलाके में है। उनका एक बेटा व बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। मंगलवार की शाम वे हरीदास और उनकी पत्नी घर में थे। दोपहर को अपने कमरे में सोने चले गए थे। शाम 6 बजे तक कमरे से बाहर नहीं निकले। उनकी पत्नी उन्हें कमरे में देखने पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटके नजर आए।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए हैं। पुलिस के अनुसार 65 साल के छोटेलाल, राजीव नगर झुग्गी, एमपी नगर में रहते थे। वह प्रतिदिन सुबह अपने घर से मोती नगर चाय पीने जाते थे। मंगलवार सुबह भी वह चाय पीने के लिए मोती नगर जा रहे थे। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया। परिजन से पूछताछ में पता चला कि वे रोज चाय पीने रेलवे ट्रैक पार कर जाते थे। अनुमान है कि वह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से टकरा गए हैं।

## रात में बाइक लेकर घर से निकले युवक का अगले दिन मिला शव

हबीबगंज पुलिस ने दस नंबर मार्केट स्थित पार्किंग से बरामद की लाश

**भोपाल।** हबीबगंज पुलिस ने दस नंबर मार्केट स्थित पार्किंग से एक युवक की लाश बरामद की है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह एक दिन पहले घर से बाइक लेकर निकला था, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

जानकारी के अनुसार सिमोन (35) कजलीखेड़ा कोलार रोड पर रहता था और प्रायवेट काम करता था। सोमवार की रात को वह बाइक लेकर घर से निकला था। पत्नी आकांक्षा को उसने कुछ देर बाद लौटने का बोला था, लेकिन रातभर वापस घर नहीं लौटा। पत्नी ने उसे कई बार फोन भी लगाया, लेकिन मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। मंगलवार की सुबह दस नंबर पार्किंग में उसकी लाश पड़ी मिली। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। अनुमान है कि उसकी मौत हार्ट अटैक आने के कारण हुई होगी। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हो सकेगा।

पुलिस को शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले

### नप नहीं दे रहा आरटीआई के तहत मांगी जानकारी पार्षद हाईकोर्ट में दायर करेंगे याचिका

**औबेदुल्लागंज।** पार्षदों और नगर के वरिष्ठजनों द्वारा नगर परिषद से सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी तो नगर परिषद ने जानकारी नहीं दी।




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज नागरानी एवं प्रतिपक्ष नेता पार्षद राजेश खटीक सहित कई लोग जानकारी लेने नगर परिषद के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन जानकारी नहीं दी जा रही। बुधवार को जिन लोगों ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी उनकी बैठक हुई। बैठक में यह तय हुआ की सूचना के अधिकार के तहत मांगी जानकारी नहीं मिलने पर अब हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे।

## अतिक्रमण में तोड़ी दुकानें, अब तक नहीं मिली दुकानदारों को जगह

### बेरोजगार दुकानदारों ने एसडीएम से मांगी जगह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर निगम द्वारा अतिक्रमण में तोड़ी दुकान को लगभग 4 माह होने को हैं, मगर अभी तक उन लोगों को रोजगार के लिए न दुकानें बनी, न ही उन्हें कोई रोजगार के लिए जगह दी गई, जिसके करण दुकानदार रोजीरोटी के लिए परेशान हो रहे हैं।

राकेश बाथम, जफर, लक्ष्मी, कैलाश साहू, सोहेल मियां, पप्पू नागर, बलवीर सेन, मनीष साहू आदि दुकानदारों ने बताया कि हम चार माह से बेरोजगार घूम रहे हैं हमारे गुजरबसर की कोई व्यवस्था नहीं है। दशहरा भी निकल गया, अब दीपावली आ रही है। दीपावली पर दुकान लगाने के लिए हमें जगह मिल जाए तो हम अना धंधा कर गुजरबसर कर सकते हैं। दुकानदारों ने एसडीएम से मांग की है कि हमें जगह दी जाए।

### महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल** । घर के पड़ौस में रहने वाली महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी कैलाश यादव को अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी दिवेद्वी ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास कारावास और 2000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है । अभियोजन की ओर से प्रकरण में राजेश सिंह अपर लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

एक निजी कॉलेज बागवानी का काम करने वाली महिला ने थाना रातीबड़ में 17 जुलाई 2024 को शिकायत की थी कि आरोपी कैलाश यादव उसके घर के पड़ौस में रहता है। आरोपी की पत्नी तरीका से मिलने के लिए वह उसके घर गई थी। आरोपी की पत्नी जब अपने काम पर चली गई तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्त दुष्कर्म किया था।



**करवा चौथ की खरीदारी के लिए सजी दुकानें**

**औबेदुल्लागंज।** करवा चौथ के त्यौहार को लेकर नगर के बाजारों में दुकानें सज गईं हैं। वहीं खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों में भी काफी उत्साह देखा गया। मेहंदी, सिंदूर, चूड़ी, बिछुआ, बिंदी, चुनरी और पूजा की सामग्री खरीदने की होड़ लगी है।

### हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**भोपाल।** शराब पीने के लिए रुपए मांगने पर चाकू-छुरी से हमला कर दो युवकों की हत्या करने और एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी वीरेंद्र भारती उर्फ वीरू अखिलेश, मेहरा उर्फ जलेबी एवं भरत विश्वकर्मा निवासी छोला भोपाल को विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) राजर्षि श्रीवास्तव ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 2000-2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधीश ने एक आरोपी सुमित कुचबंदिया को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधीश ने सहआरोपी ऋषि कुचबदिया को फरार घोषित कर दिया है। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक पुनीत नारायण तिवारी ने अभियोजन की ओर से पैरवी की थी।

## विवाह योजना में फर्जीवाड़ाः ईओडब्ल्यू के बाद ईडी का शिकंजा

# एसएएस त्रिपाठी सहित सहयोगियों के ठिकानों पर छापा 21 लाख रुपए के बैंक और म्यूचुअल फंड खाते फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रमिकों और उनके आश्रितों की शादी के लिए आर्थिक सहायता योजना में 30.18 करोड़ के गबन करने के मामले में ईडी ने सिरोंज जनपद पंचायत के पूर्व सीईओ शोभित त्रिपाठी और सहयोगियों के 7 ठिकानों पर सर्चिंग की। भोपाल, विदिशा, कटनी और छतरपुर में की गई कार्रवाई में ईडी ने 21.70 लाख रुपए के बैंक और म्यूचुअल फंड खाते फ्रीज किए। ईओडब्ल्यू ने 7 जनवरी 2022 को केस दर्ज कर त्रिपाठी, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमंत साहू और योगेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया था।

### विधायक उमाकांत शर्मा ने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया था

7 जनवरी 2022 को केस दर्ज कर त्रिपाठी, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमंत साहू और योगेंद्र शर्मा को किया था गिरफ्तार




मामला सिरोंज में फर्जी श्रमिकों के नाम पर शादी सहायता के पैसे हड़पने से जुड़ा है। विधायक उमाकांत शर्मा ने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया था। आरोपी शोभित भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री का करीबी रिश्तेदार बताया गया है। तलाशी में बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और आपत्तिजनक कागजात जब्त किए गए।

### 17 गुना अधिक केस स्वीकृत किए

जांच में सामने आया कि शोभित ने विवाह सहायता योजना में विदिशा जिले की अन्य जनपद पंचायतों की तुलना में 17 गुना अधिक केस स्वीकृत किए। उसने निजी तौर पर तैनात हेमंत व योगेंद्र को फर्जी लाभार्थियों के दस्तावेज बनाकर पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी दी। ये दोनों सरकारी कर्मचारी नहीं थे।

**शेयर व रिश्तेदारों के खाते में निवेश की राशिः** ईडी जांच में सामने आया कि शोभित त्रिपाठी ने 30.18 करोड़ की गबन राशि रिश्तेदारों के खातों, बिजनेस, शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड में लगाई। घोटाला 2019 से 2021 के बीच हुआ, जब त्रिपाठी ने हेमंत व योगेंद्र के साथ मिलकर विवाह सहायता योजना में फर्जीवाड़ा किया। 51 हजार रुपए प्रति लाभार्थी के हिसाब से 5923 फर्जी शादियों के नाम पर राशि फर्जी खातों में डाली गई और एटीएम से निकाली गई। रकम अचल संपत्तियों की खरीद में भी खर्च हुई।

# 860 दिन जेल में रहने के बाद पति दहेज हत्या के मामले में बरी

### दंपती ने किया था प्रेम विवाह, पिता नहीं हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल जिला न्यायालय ने दहेज हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाया है। मामले में कोर्ट ने पति, जेठ और ससुर को साक्ष्यों के अभाव में बरी किया है। पति को 860 दिन जेल में रहने के बाद यह राहत मिली है। मामले में अधिवक्ता कैप्टन विकास पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि मृतका ने आरोपी उमाशंकर के साथ अपने परिवार के खिलाफ जाकर शादी की थी। शादी में पिता शामिल नहीं हुए थे। ऐसे में मृतका के पिता द्वारा शादी में दहेज दिए जाने की संभावना नहीं रह जाती है। इसके अलावा कोर्ट में पेश की गई कॉल रिकार्डिंग से भी यह साबित नहीं हुआ कि दहेज की मांग की गई थी। ऐसे में कोर्ट ने मामले में सभी आरोपियों को बरी किया है।

### यह है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार, घटना 5 मई 2023 की कमलानगर थाना क्षेत्र की है। उमाशंकर ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह कोटरा सुल्तानाबाद में किराए के मकान में रहता है। घटना की दोपहर करीब एक बजे पत्नी से बाजार जाने की बात को लेकर लड़ाई हो गई थी। इसके बाद वह घर से बाहर चौराहे पर आ गया था। करीब 15 मिनट बाद जब वह घर वापस गया तो पत्नी फांसी लगा ली थी। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पति उमाशंकर, जेठ रमाशंकर और ससुर लाल कुमार को आरोपी बनाया था।



# समाज के बीच रहकर अपने अस्तित्व को तलाशता 'लछिया'

### रंग श्री लिटिल बैले में बुंदेलखंडी बोली और हिंदी भाषा के तालमेल को दर्शाते नाटक का मंचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले में आयोजित सबरंग नाट्य समारोह में बुधवार को नाटक लछिया का मंचन किया गया। नाटक में निर्देशन व लेखन वसीम अली ने किया। बुंदेलखंडी बोली और हिंदी भाषा के तालमेल से नाटक लछिया समाज में जाति, धर्म और हर वर्ग के बीच अलग-रुख वाली सोच को रेखांकित करता है। इस सोच को समाज और लोगों के बीच लाने के लिए लछिया किरदार का जीवंत किया जाता है, जो न ही पुरुष है और न ही स्त्री, जो पूरी तरह किन्नर भी नहीं है।









**समाज के बनाए गए नियम हमें मानने ही पड़ते हैं....**

नाटक में दिखाया कि हम लोगों को समाज को अलग देखने की आदत है। समाज द्वारा बनाए गए नियम हमें सभी को मानने पड़ते हैं और जो नहीं मानता, समाज उसे कभी अपनाता नहीं। समाज की सोच से परे अपनी सोच और समझ पर जीने वाले लछिया को कैसे समाज के बीच रहकर अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ता है यही कहानी इस नाटक के माध्यम से दिखाई गई।

---

### जनजातीय संग्रहालय: पुतुल समारोह में पेश करने आए उदयपुर के आर्टिस्ट लईक हुसैन

# लोकसभा में कर चुके 'स्वामी विवेकानंद' पर आधारित कठपुतली कला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कठपुतली कला को प्रचीन काल से ही प्रसिद्धी प्राप्त है। जिसमें जहां एक ओर शिव पार्वती की कथा को बेहतरीन ढंग से दर्शाया जाता था तो वहीं विक्रमादित्य के सिंहासन बत्तीसी की कथा, 14वीं सदी में अलाउद्दीन खिलजी के दौर से लेकर 19वीं सदी तक कठपुतली कला को लोगों द्वारा पसंद किया जाता रहा, लेकिन वर्तमान समय में कठपुतली प्रदर्शन का अस्तित्व खत्म सा होता जा रहा है, लेकिन हमारे द्वारा इस प्रदर्शन को जीवत रखने का हर संभव प्रयास करते हुए इसमें नए इनोवेशन जोड़े गए फिर वो कठपुतली कला में लाइव म्यूजिक हो, या बेहतरीन साउंड और लाइट इफेक्ट इन सभी को जोड़कर हमनें कठपुतली कला को दर्शकों की पहली पसंद बनाने का प्रयास किया।

इसी के चलते हमारी संस्था करीब 50 देशों में कठपुतली कला प्रदर्शित कर चुकी है और मैंने करीब 8 देशों में इस कला को प्रदर्शित किया और लोगों की खूब वाह वाही बंटोरी। इसी वजह से जब सुमित्रा महाजन लोकसभा अध्यक्ष थीं, तब हमारे द्वारा लोकसभा में 'स्वामी विवेकानंद' पर आधारित कठपुतली प्रदर्शन किया गया। यह कहना है भारतीय लोक कला मंडल- उदयपुर के कठपुतली आर्टिस्ट डॉ लईक हुसैन का, जिनके द्वारा जनजातीय संग्रहालय में आयोजित एकाग्र पुतुल समारोह के शुभारंभ अवसर पर काबुलीवाला, रामायण कथा की प्रस्तुति धागा पुतली शैली में दी गई।





## रामायण कथा और काबुलीवाला कहानी को किया प्रस्तुत



रामयण कठपुतली नाटिका रामायण पर आधारित प्रसंगों का कथासार है। नाटिका में भगवान श्री राम के द्वारा राजा जनक द्वारा रचे गये स्वंयवर में माता सीता से विवाह कर अयोध्या जाना। अयोध्या के रहवासियों द्वारा श्रीराम राज्याभिषेक का उत्सव मनाना। वचन को पूर्ण करने के लिये भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता 14 वर्ष के वनवास जाना, सूर्पणखा प्रसंग। अगले दृश्य में लंका के राजा रावण को पता लगा, तो उसने छल पूवर्क माता सीता हरण कर, शादी का प्रस्ताव रखा। माता सीता को श्रीराम और लक्ष्मण द्वारा ढूंढना। श्रीहनुमान द्वारा माता सीता का पता लगाया जाना एवं भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के दश्यों को मंचित किया गया। वहीं कहानी काबुलीवाला में अफगानी पठान व बालिका मिनी की कहानी को भी बेहद उम्दा ढंग से दर्शाया गया।

---

# आईएनएच जबलपुर ब्यूरो चीफ संजय साहू महाकौशल पत्रकारिता पुरस्कार से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को अलंकृत किया गया।

कार्यक्रम में 'डॉ. लक्ष्मीनारायण गुप्त महाकौशल पत्रकारिता पुरस्कार' आईएनएच न्यूज चैनल के जबलपुर ब्यूरो चीफ संजय साहू को प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे और सप्रे संग्रहालय के संस्थापक और वरिष्ठ पत्रकार विजयदत्त श्रीधर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दुष्यंत संग्रहालय में पुस्तकों का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में विश्व वाणी हिन्दी संस्थान जबलपुर की भोपाल इकाई द्वारा चंद्र विजय अभियान, ममता की छांव और फूल बगिया पुस्तकों का लोकर्पण सम्पन्न हुआ। लेखिका सरला वर्मा ने अपनी मां पर केंद्रित पुस्तक ममता की छांव से रचना पाठ किया, वहीं चंद्र विजय अभियान को लेकर रचनाकारों की रचनाओं का संकलन तो वहीं फूल बगिया में फूलों पर केंद्र रचनाओं का संकलन संजीव वर्मा सलीम ने किया है।

---

### कैमरे की नजर से प्रस्तुत की वन्यजीवों की सुंदरता, देखभाल

# आंचलिक विज्ञान केंद्र में सार्वजनिक व्याख्यान नई 3डी फिल्म जंगल सफारी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन्यजीव सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में आंचलिक विज्ञान केन्द्र में सार्वजनिक व्याख्यान और नई 3डी फिल्म जंगल सफारी का उद्घाटन आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता शुभोरंजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ने वन पथों और तारों भरे आकाश के बीचः संरक्षण और फोटोग्राफी का जीवन विषय पर अपना रोचक और अनुभवपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी बात की शुरुआत रात के आकाश के अवलोकन और मध्यप्रदेश के सबसे अंधकारमय स्थलों से की गई खगोल फोटोग्राफी से की। इसके बाद उन्होंने अपने कैमरे की नजर से वन्यजीवों की सुंदरता, प्रेम और देखभाल को जीवंत चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।



# प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन में झूमीं 100 से अधिक महिलाएं

### फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप ने किया शानदार प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी करवा चौथ पर्व के उत्साह को बढ़ाते हुए, शहर के फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप ने निजी होटल में एक भव्य प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन का सफल आयोजन किया।

इस रंगारंग कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने शिरकत की, और पर्व से पहले ही उत्सव का माहौल बना दिया। ग्रुप की आयोजक भावना गुप्ता एवं जिज्ञासा ने बताया कि विगत कई सालों से हम प्री करवा चौथ पार्टी का आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी महिलाओं को एक खुशनुमा माहौल में एकजुट करना और करवा चौथ की खुशियों को समय से पहले बांटना था।





---

**मृगनयनी जीटीबी एम्पोरियम में साड़ी उत्सव 2025 का हुआ शुभारंभ**

# चंदेरी साड़ियों की डिजाइन स्थापत्य कला की गहराई से होती है प्रेरित


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा मृगनयनी जीटीबी एम्पोरियम में मंगलवार से साड़ी उत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। इस उत्सव में रंग, रेशम और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। करवाचौथ के शुभ अवसर पर आयोजित इस उत्सव में इसमें देशी करघों की कला और बुनाई की बारीकी का अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला। उत्सव में चंदेरी के प्रसिद्ध बुनकर मोहम्मद रज्जाक, मोहम्मद जुबेर खान और पवन गंगवाल, नीमच के पवन झारिया ने अपने हस्तनिर्मित वस्त्रों के माध्यम से परंपरा और निपुणता की झलक प्रस्तुत की। उनके स्टॉलों पर सजी साड़यिां रंगों, बनावटों और डिजाइनों की ऐसी विविधता दिखाती हैं जो भारतीय वस्त्रकला की असाधारण परंपरा का प्रमाण हैं।



## चंदेरी साड़ियों की विशेषता और निर्माण प्रक्रिया

बुनकर मोहम्मद रज्जाक बताते हैं कि चंदेरी साड़ियों की पहचान उनकी झीनी बनावट, सुनहरी जरी के बूटे और रेशम-कपास के सम्मिश्रण से होती है। इनका निर्माण पूरी तरह हाथकरघे पर किया जाता है, जहां हर ताना-बाना बुनकर के स्पर्श और संवेदना से जीवंत होता है। महीन धागों से बुनी पारदर्शी बनावट, हल्के रंगों की परतें और बूटों में झिलमिलाता सोना यह सब मिलकर चंदेरी को केवल वस्त्र नहीं, बल्कि सौंदर्य की परंपरा बना देते हैं। मो. रज्जाक बताते हैं कि एक साड़ी की बुनाई में कई दिन लग जाते हैं। इसमें सबसे पहले धागों को रंगना, करघे पर जाल बुनना, फिर सावधानी से बूटे बैठाना शामिल होता है। यही कारण है कि हर साड़ी एक अनूठी कृति बनकर उभरती है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से मप्र बना स्टार्टअप्स का नया गढ़

*नई मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत अनेक आकर्षक प्रोत्साहनों का प्रावधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र ने स्टार्टअप्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में एमएसएमई विभाग ने राज्य ने एक सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं।

नई स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत अनेक आकर्षक प्रोत्साहन प्रावधान किए गए हैं। इनमें मप्र स्टार्टअप सीड फंड सहायता के रूप में 30 लाख तक की सहायता, 100 करोड़ के स्टार्टअप निवेश (कैपिटल) फंड की स्थापना के अंतर्गत 50 करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा चयनित एआईएफ्स में निवेश शामिल है। राज्य सरकार ने आंन्त्रप्रिन्योर इन रेसिडेंस ईआईआर, सहायता के रूप में पात्र स्टार्टअप्स को 10,000 प्रतिमाह की सहायता 12 माह तक प्रदान करने का प्रावधान किया है। इसके अतिरिक्त, उत्पाद, प्रोटोटाइप सहायता के रूप में 15 लाख तक, पेटेंट सहायता 20 लाख तक, लीज रेंटल सहायता 10,000 प्रति माह तक, ऑनलाइन विज्ञापन सहायता 3 लाख तक और इवेंट भागीदारी सहायता 1.5 लाख तक प्रदान की जा रही है।






## बिहार विधानसभा चुनाव में शुरू हो गई पैंतरेबाजी, सीटों के ऐलान के लिए सभी दल करने लगे जल्दबाजी

# एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर शुरू हो गया 'मंथन' महागठबंधन में तनातनी ज्यादा लेकिन हो रहा 'मनन'

*मांझी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि पर उसमें भी यदि बाधा हो, तो दे दो केवल 15 ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां 'ग्राम' का अर्थ सीटों से है। मांझी ने आगे लिखा कि हम खुशी से खाएंगे, परिजन पे आसी न उठाएंगे यानी हम इतनी सीटों से ही संतुष्ट रहेंगे और अपने सहयोगियों से संघर्ष नहीं करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से तैयार>*

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनता तांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट बंटवारे पर मंथन जारी है। लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान अपनी जिद पर अड़े हुए हैंतो ओर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने ने भी अपनी चाहत बता दी है। मांझी ने कहा कि एनडीए सहयोगियों से टकराव से बचने के लिए वह 15 सीटों पर समझौता करने को तैयार हैं। मांझी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि पर उसमें भी यदि बाधा हो, तो दे दो केवल 15 ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां 'ग्राम' का अर्थ सीटों से है। मांझी ने आगे लिखा कि हम खुशी से खाएंगे, परिजन पे आसी न उठाएंगे" यानी हम इतनी सीटों से ही संतुष्ट रहेंगे और अपने सहयोगियों से संघर्ष नहीं करेंगे।

**भाजपा के सहयोगी मांझी बोले- 15 सीटों पर 'हम' मान जाएंगे**

**चिराग बोले कोई जिद नहीं निकल जाएगा हल**

### भाजपा कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक



भाजपा के प्रदेश कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक जारी है। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में हो रही इस बैठक में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, मंत्री मंगल पांडेय समेत कई दिग्गज नेता शामिल रहे। बैठक में सीट शेयरिंग पर चर्चा हो रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से तैयार है। घटक दलों के सभी नेता और कार्यकर्ता दिन रात जनता की सेवा में लगे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि सीट शेयरिंग पर बात अंतिम चरण में है। अगले 24 से 48 घंटे में सारी बात हो जाएगी। बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने कहा एनडीए इस चुनाव में इतिहास रचेगा। इस बार 2010 का रिकॉर्ड भी टूट जाएगा।

### सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला भी जल्द तय हो जाएगा: गिरिराज



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही इस बार भी चुनाव लड़ा जा रहा है। सीट बंटवारे का फॉर्मूला भी जल्द तय हो जाएगा। उन्होंने चिराग पासवान की नाराजगी की बात पर कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। वेनाराज नहीं हैं। एनडीए में सब कुछ सामान्य है।

### भाजपा ने 110 सीटों पर कैंडिडेट का पैनल दिल्ली भेजा

पटना में भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में 110 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची पर मंथन हुआ। बताया जा रहा है कि संभावित सूची पर अंतिम निर्णय प्रदेश समिति ने ले लिया है। अब यह सूची केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेजी जाएगी, जहां नामों पर अंतिम मुहर लगना है।

### एनडीए में चिराग-मांझी ने की जिद

एनडीए में सीट बंटवारे का काम 80 फीसदी तक हो चुका है। भाजपा और जदयू दोनों 100 से अधिक पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। चिराग की पार्टी को 28,मांझी को आठ और उपेंद्र कुशवाह की पार्टी को करीब 5 सीटें भाजपा और जदयू देना चाहती है। चिराग 40 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। वहीं जीतन राम मांझी का तर्क है कि राज्य स्तर की पार्टी बनने के लिए आठ विधायक चाहिए। दोनों पार्टी के नेताओं ने चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर अपनी-अपनी बात रख दी है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने दावा किया है कि एनडीए के घटक दलों के कहीं कोई मतभेद नहीं है। सब लोग एकजुट हैं। जल्द ही सीट बंटवारे का एलान कर दिया जाएगा।

### मैं नाराज नहीं हूं सिर्फ एक ही मांग: चिराग



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बड़ा बयान दिया है। चिराग ने कहा कि सीट शेयरिंग पर चर्चा जारी है और जैसे ही बात पूरी हो जाएगी, सब कुछ सार्वजनिक कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो वे किसी पद को लेकर नाराज हैं और न ही किसी सीट को लेकर कोई असंतोष है। मैं सिर्फ एक ही मांग करता हूं- बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट।

### हर दिन 4 चुनावी सभा करेंगे सीएम नीतीश कुमार, पीएम मोदी हर तीसरे दिन सभा करेंगे

इस बार पहले चरण में सबसे अधिक चुनावी सभा भजपा के दिग्गज नेताओं की होगी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की 25-25 चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। खास बात यह है कि पीएम मोदी की चुनावी सभा में सीएम नीतीश कुमार भी अपना संबोधन देंगे। पीएम मोदी की हर तीन में एक सभा उस क्षेत्र में होगी प्रधानमंत्री की सभाओं में मंच पर एनडीए के उम्मीदवारों को भी जगह मिलेगी। जनता दल यूनाईटेड की ओर से सीएम नीतीश कुमार 10 अक्टूबर से अपने चुनावी अभियान पर निकलेंगे। इस दौरान वह हर दिन चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। रोड शो भी कर सकते हैं।

### ये 5 केंद्रीय मंत्री लड़ सकते हैं चुनाव

अटकलें हैं कि मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर इस बार बिहार में भी कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। चिराग, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, राजभूषण चौधरी और सतीश चंद्र दुबे जैसे बड़े नाम इस सूची में शामिल हो सकते हैं। यह भाजपा का बड़ा दांव होगा। भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान में यह सूत्र अपनाया था।

### सीट-बंटवारे को लेकर आरजेडी और कांग्रेस में किचकिच



बिहार में सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में सीटों को लेकर सबसे ज्यादा किचकिच कांग्रेस को लेकर है। कांग्रेस जितनी सीटें मांग रही है, आरजेडी उसे उतनी सीटें नहीं देना चाहती। बिहार से आ रही मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरजेडी ने कांग्रेस को 54 सीटों का ऑफर दिया है लेकिन बिहार प्रदेश कांग्रेस की ओर से आरजेडी को 75 सीटों की सूची भेजी है। महागठबंधन की अगुवाई कर रही आरजेडी के सामने एक बड़ी मुश्किल यह भी है कि इस बार महागठबंधन में दो और राजनीतिक दल शामिल हो गए हैं।

**सहनी 25 तो लेफ्ट ने भी रखी 30 सीटों की मांग:** इंडिया ब्लॉक में सीट शेयरिंग की कवायद अब निर्णायक दौर में है। आरजेडी और वीआईपी के बीच बैठकें लगातार जारी हैं, जिसमें विचार-विमर्श हो रहा है। आरजेडी ने वीआईपी को करीब 18 सीटों तक बढ़ा दी है, लेकिन मुकेश सहनी इससे ज्यादा और कठिन सौदा चाहते हैं। सहनी की पार्टी 25 सीटों को अधिक व्यावहारिक विकल्प मान रही है। सीपीआई(एमएल) और आरजेडी में भी बातचीत हो चुकी है। 30 सीटें चर्चा में है, जिसमें वे उन सीटों की मांग भी कर रहे हैं जहां आम तौर पर आरजेडी के उम्मीदवार चुनाव लड़ते रहे हैं। बैठकों का दौर चल रहा है।

### निषाद भाजपा में.. राजद के बिंद का इस्तीफा



मुजफ्फरपुर लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले अजय निषाद की भाजपा में वापसी हो सकती है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर वह कांग्रेस में चले गए थे। चुनाव में वह हार गए थे। वहीं कैमूर जिले की भभुआ सीट से राजद विधायक भरत बिंद ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

### आजम से मिले अखिलेश, झूठे केसों में फंसाया गया



समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव का कहना है कि आजम खान पार्टी की धड़कन हैं और उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें बेवजह के मुकदमों में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। समाजवादी पार्टी आजम खान के साथ है और हमेशा रहेगी।

---

## खबर संक्षेप

### छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज के एचओडी को एक छात्रा की पढ़ाई और अटेंडेंस में मदद के बहाने कथित तौर पर दुर्व्यवहार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संजीव कुमार मंडल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। मंडल ने कथित तौर पर बीसीए की छात्रा को अपने घर बुलाया और कहा कि ये स्पेशल क्लास है।

### शाहरुख की रेड चिलीज से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में समन जारी किया। यह 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में वानखेड़े के चित्रण को लेकर है। 7 दिन में जवाब देने को कहा है।

### 'कार्यवाहक पीएम' जैसा बर्ताव कर रहे शाह



**कोलकाता।** सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह की हरकतें और उनका व्यवहार 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' जैसा है। मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करना चाहती हूं कि वे शाह पर अधिक भरोसा न करें, जो 'एक दिन उनके लिए मीर जाफर' जैसे बन सकते हैं।

### अयोध्या पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षण की साक्षी बनी, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2 दिनी यात्रा पर पहुंचीं। वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों पुष्पवर्षा के बीच उनका स्वागत हुआ, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक आत्मा स्पंदित हो उठी।

---

## आधुनिक हवाई अड्डे के पहले चरण का पीएम ने किया उद्घाटन

# एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी हब बनेगा नवी मुंबई एयरपोर्ट, विमानन को नया रूप देगा



19,650 करोड़ की लागत से तैयार भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है। अड्डे को 1160 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ, दुनिया के सबसे कुशल अड्डों में से एक के रूप में डिजाइन किया

**सपने को वास्तविकता में बदलने देश में नए-नए हवाई अड्डों का निर्माण किया**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत के सबसे आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल हवाई अड्डों में शुमार नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। यह परियोजना देश के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में से एक है, जो आने वाले वर्षों में भारत की विमानन उद्योग को पूरी तरह बदलकर नया रूप देगी। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी हब बनेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुंबई का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार समाप्त हो गया। अब मुंबई को अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राप्त हो गया है। यह हवाई अड्डा इस क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। पीएम मोदी ने कहा कि जब सपनों को साकार करने का दृढ़ संकल्प हो तथा देशवासियों तक तेजी से विकास का लाभ पहुंचाने की मजबूत इच्छाशक्ति हो, तो परिणाम अवश्य प्राप्त होते हैं। हमारी विमानन सेवा और इससे संबंधित उद्योग इसका प्रमुख उदाहरण हैं।

*यह अड्डा वार्षिक 90 मिलियन यात्रियों और 3.25 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो को संभाल सकेगा*



**मैंने कहा था चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेगा**

पीएम मोदी ने कहा कि आपको याद होगा कि वर्ष 2014 में जब देश ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी, तब मैंने कहा था कि मेरा सपना है कि चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई यात्रा कर सके। इस सपने को वास्तविकता में बदलने के लिए देश में नए-नए हवाई अड्डों का निर्माण आवश्यक था। हमारी सरकार ने इस लक्ष्य पर तत्परता से कार्य प्रारंभ किया। पिछले 11 वर्षों में देश में एक के बाद एक हवाई अड्डे विकसित होते रहे। वर्ष 2014 में हमारे देश में मात्र 74 हवाई अड्डे थे, जबकि आज भारत में हवाई अड्डों की संख्या 160 से अधिक हो चुकी है।

### मुंबई को एक अहम भूमिगत मेट्रो सुविधा भी मिली

उन्होंने आगे कहा कि आज मुंबई को पूर्णतः भूमिगत मेट्रो सुविधा भी मिल गई है। इससे शहर में यातायात और सुगम होगा तथा लोगों का समय भी बचेगा। यह भूमिगत मेट्रो उभरते भारत का एक जीवंत प्रतीक है। मुंबई जैसे हलचल भरे शहर में, भूमि के नीचे तथा ऐतिहासिक भवनों को सुरक्षित रखते हुए इस शानदार मेट्रो का निर्माण किया गया है। मैं इससे जुड़े सभी श्रमिकों और अभियंताओं को हार्दिक बधाई देता हूं।

### 2-2.30 घंटे का सफर मात्र 30-40 मिनट में पूरा होगा

पीएम मोदी ने कहा कि जिस मेट्रो लाइन का उद्घाटन हुआ है, वह उन लोगों के कृत्यों की स्मृति भी ताजा करता है। मैं इसके शिलान्यास समारोह में सम्मिलित हुआ था। तब मुंबई के लाखों परिवारों में आशा जगी थी कि उनकी कठिनाइयां कम होंगी, लेकिन उसके बाद आई सरकार ने इस परियोजना को ही ठप कर दिया। उन्हें सत्ता प्राप्त हुई, लेकिन देश को हजारों-करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ तथा वर्षों तक असुविधा सहनी पड़ी। अब इस मेट्रो लाइन से 2-2.30 घंटे का सफर मात्र 30-40 मिनट में पूरा हो सकेगा। जहां मुंबई में प्रत्येक मिनट का मूल्यवान महत्व है, वहां 3-4 वर्षों तक इस सुविधा से वंचित रहना किसी पाप से कम नहीं है।

### आप सभी स्वदेशी का समर्थन करें

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीएसटी में हुए अगली पीढ़ी के सुधारों से, जिन वस्तुओं के दाम कम हुए हैं, उसके फलस्वरूप देशवासियों की आर्थिक क्षमता और मजबूत हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष नवरात्रि के दौरान बिक्री के कई नए रिकॉर्ड बन गए हैं। हमारी सरकार आगे भी ऐसे कदम उठाती रहेगी, जो देशवासियों के जीवन को सुगम बनाएं और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करें। लेकिन मैं आपसे एक अनुरोध भी करता हूं कि स्वदेशी का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो, हम स्वदेशी हैं। यह हर घर और बाजार का मूल मंत्र बन जाना चाहिए।

---

## शिवराज ने 'वींविंग इंडिया टूगेदर' राष्ट्रीय संगोष्ठी में बुनकरों और कारीगरों से किया संवाद

*केंद्रीय मंत्री ने आईसीएआर और सीएयू इंफाल की ग्रामीण शिल्प कौशल को बढ़ावा देने की सराहना की*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स के सी. सुब्रमण्यम सभागार में आयोजित 'वीविंग इंडिया टूगेदर' राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता की और पूर्वोत्तर के बुनकरों, कारीगरों और प्रतिभागियों से संवाद किया। चौहान ने इस अवसर पर पूर्वोत्तर के कारीगरों और बुनकरों के समृद्ध शिल्प कौशल और सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा की।

उन्होंने इस कार्यक्रम में बुनाई परंपराओं को बढ़ावा देने, कारीगरों को प्रशिक्षित करने और सामुदायिक शिल्प के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करने में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक और डेयर सचिव डॉ. मांगी लाल जाट और आईसीएआर के उपमहानिदेशक, कृषि विस्तार डॉ. राजबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम ने कारीगरों को अपने अनुभवों, चुनौतियों और आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया और नीति निर्माताओं और अधिकारियों को पारंपरिक शिल्प कौशल और आधुनिक बाजारों के बीच तालमेल को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। इस संगोष्ठी ने ग्रामीण कारीगरों के समावेशी विकास के जरिए 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को और भी रेखांकित किया।

---

## आंध्र के पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग

# ज्वलनशील केमिकल्स ने ली 6 की जान, 8 घायल

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पूरी घटना बुधवार दोपहर को हुई जब मजदूर पटाखे बना रहे थे। फैक्ट्री में ज्वलनशील केमिकल्स का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे आग तेजी से फैल गई। अचानक आग लगने से फैक्ट्री में कई मजदूर फंस गए, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ गई। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर लिखा, इस दुखद दुर्घटना में कई लोगों की



जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने अधिकारियों से दुर्घटना के कारणों, राहत उपायों और मेडिकल सहायता के बारे में बात की। मैंने वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से घटना स्थल पर जाने और राहत प्रयासों में भाग लेने का निर्देश दिया है। मैंने घायलों को बेहतर मेडिकल सहायता प्रदान करने की सलाह दी है। हम प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने 'शरणार्थी कार्ड' की प्रक्रिया पर कड़ी टिप्पणी की

# संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने भारत में शो रूम खोल लिया क्या?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा भारत में प्रवासियों को 'शरणार्थी कार्ड' जारी करने की प्रक्रिया पर कड़ी टिप्पणी की है। जस्टिस कांत ने कहा कि एजेंसी ने यहां शोरूम खोल रखा है और प्रमाणपत्र बांट रहे हैं। यह टिप्पणी उस समय आई जब न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ सूडान के एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो वर्ष 2013 से भारत में रह रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने शरणार्थियों के मसले पर खूब सुनाया**

### भारत ने 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए



न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने यह भी कहा कि भारत ने अभी तक शरणार्थियों के अधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि यानी 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे देश के आंतरिक कानून में शरणार्थियों के लिए कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। मुरलीधर ने स्वीकार किया कि भारत ने उस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन उन्होंने अदालत को बताया कि पिछले दो महीनों से दिल्ली में अफ्रीकी मूल के लोगों को बिना वजह हिरासत में लिया जा रहा है। हम ऑस्ट्रेलिया में शरण पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसी बीच यह कार्रवाई शुरू हो गई है।

**हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी**

इस पर न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि याचिकाकर्ता सीधे ऑस्ट्रेलिया क्यों नहीं चला जाता? मुरलीधर ने उत्तर दिया कि वह ऐसा करना चाहता है, लेकिन तब तक अदालत से अस्थायी संरक्षण की उम्मीद रखता है। हालांकि, पीठ इस पर सहमत नहीं हुई। जस्टिस कांत ने अंतरिम राहत देने में अनिच्छा जताते हुए कहा कि हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी। लाखों लोग यहां बैठे हैं। अगर कोई इस तरह का प्रयास करता है।

### ऑस्ट्रेलिया में शरण की कोशिश

याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त द्वारा 'शरणार्थी कार्ड' जारी किए गए हैं। उसका कहना था कि वह ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने की प्रक्रिया में है और इस दौरान भारत में उसे अस्थायी सुरक्षा प्रदान की जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर ने दलील दी कि जिन व्यक्तियों को यूएनएचसीआर से 'शरणार्थी कार्ड' मिले हैं, उन्हें गृह मंत्रालय और विदेशी नागरिक पंजीकरण कार्यालय द्वारा अलग तरीके से देखा जाता है। मुरलीधर ने यह भी बताया कि रिफ्यूजी कार्ड जारी करने से पहले कड़ी जांच की जाती है और यह प्रक्रिया कई वर्षों तक चलती है। इसके लिए दस्तावेज और फॉर्म भरे जाते हैं, जो रिफ्यूजी स्थिति को कुछ महत्व देते हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया 93वां वायुसेना दिवस

# एयरफोर्स चीफ बोले- पाकिस्तान को 4 दिन में धूल चटाई, 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका उदाहरण

*इस साल वायुसेना दिवस की थीम 'सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' है। यह दिवस ऑपरेशन सिंधु के वीर योद्धाओं को समर्पित है*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना का 93वां वायुसेना दिवस गाजियाबाद के हिंडन स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर मनाया गया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने अफसरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने शत्रु पर सिर्फ चार दिनों में विजय प्राप्त की। हमारा प्रदर्शन हमें पेशेवर गौरव से भर देता है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि सावधानी के साथ योजना बनाकर, अनुशासन के साथ ट्रेनिंग और दृढ़ निश्चय के साथ क्या हासिल किया जा सकता है।

■ योजना और दृढ़ निश्चय से सब हासिल किया जा सकता

स्वदेशी हथियारों ने दुश्मन के इलाके में अंदर तक सटीक प्रहार किए। इससे पहले वायुसेना के विमानों ने शानदार करतब दिखाए। विमानों से तिरंगा लहराया गया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम 'सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' है। यह दिवस ऑपरेशन सिंधु के वीर योद्धाओं को समर्पित है।

एयरफोर्स के हेलिकॉप्टरों और फाइटर प्लेन्स ने करतब दिखाए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी हिंडन एयर बेस पर वायुसेना दिवस समारोह में शामिल हुए।

### ◆ स्वदेशी हथियारों ने दुश्मनों पर सटीक प्रहार किए



चीफ ऑफ डिफेंस और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने नई दिल्ली में नेशनल वार मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

### मुझे गर्व कि मैं वायुसेना का हिस्सा हूं

*एपी सिंह ने कहा कि मुझे गर्व हैं कि मैं आज ऐसी वायुसेना का हिस्सा हूं। जो टेक्नोलॉजी और क्षमता में संसार की अग्रिम वायुसेनाओं में से एक है। एक ऐसी वायुसेना जिसने देश के हर सकंट में आगे बढ़कर चुनौतियों का सामना किया। एक ऐसी वायुसेना जिसका हर एक वायु योद्धा देश के एक इशारे पर जान देने के लिए तैयार है। हमारे वायु वीरों ने हर युग में इतिहास रचा है- 1947 में कश्मीर की रक्षा। 1965 में आकाश से प्रहार, 1971 में एक नए राष्ट्र की रचना। 1999 में कारगिल में अदम्य साहस। 2019 में बालाकोट में आतंकियों का नाश।*

### दुनिया में चौथी सबसे बड़ी वायु सेना भारत के पास

दुनिया में भारत के पास चौथी सबसे बड़ी वायु सेना है। भारतीय वायुसेना के पास 1700 से ज्यादा एयरक्राफ्ट और 1,40,000 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। भारतीय वायु सेना का पास दुनिया के सबसे एड्वांस्ड फाइटर जेट्स में से एक सुखोई एसयू-30एमकेआई है जिसे माइटी हंटर भी कहते हैं। वायुसेना के पास गरुड कमांडो फोर्स भी है जिसे काउंटर टेररिज्म, कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू और होस्टेज रेस्क्यू जैसे मिशन्स के लिए तैयार किया गया है।

### पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने दी बधाई



पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा कि वायुसेना के सभी वॉरियर्स और उनके परिवारों को एयरफोर्स डे की बहुत बधाई। भारतीय वायुसेना अपनी बहादुरी, अनुशासन और सटीकता के लिए जानी जाती है। वायुसेना आसमान में सुरक्षा में अहम भूमिका अदा करती है। प्राकृतिक आपदाओं में भी उनका अहम रोल होता है। उनकी प्रतिबद्धता, पेशेवर अंदाज और अदम्य साहस पर भारतीयों को गर्व है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि वायुसेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई।

### वायु योद्धाओं में जवाबदेही की संस्कृति बढ़ी

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि हमारे लिए नई प्रणालियों, हथियारों और उपकरणों के एकीकरण की बढ़ी हुई गति अहम सफलता रही है। वायु योद्धाओं में जवाबदेही और सुरक्षा की संस्कृति बढ़ी है। यह साफ दिखाई भी दे रहा है। सभी स्तरों पर वायुवीर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और असाधारण दूरदर्शिता और सहानुभूति का प्रदर्शन कर रहे हैं। वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक प्रशिक्षण मिले और वह प्रेरित हो।

### वायसेना दिवस में रडार सिस्टम भी शामिल



वायुसेना दिवस में रडार सिस्टम को भी रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर में रडार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसने दुश्मन देश के एयरक्राफ्ट को एंट्री करने से रोके था।



*वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने हिंडन एयरबेस पर परेड का निरीक्षण किया*



*एपी सिंह ने साहस और शौर्य के लिए 97 वीरता पुरस्कार प्रदान किए*



*समारोह के तहत हिंडन एयर बेस पर वायु योद्धाओं ने मार्च पास्ट किया*

### मिग 21 केंद्रीय डिस्प्ले में रखा गया है

*भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक रहे मिग-21 विमान को हिंडन एयरबेस में डिस्प्ले और विंटेज विमान के रूप में रखा गया।*



---

## खबर संक्षेप

### युवा वांग पर मेटा ने लुटाए 1.24 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रेस में बड़ा कदम उठाते हुए 28 वर्षीय एलेक्जेंडर वांग को सुपर इंटेलिजेंस लैब्स का हेड बनाया है। वांग पहले स्केल एआई के सीईओ रह चुके हैं। मेटा ने वांग के स्टार्टअप स्केल एआई में करीब 14.3 अरब डॉलर (करीब 1.24 लाख करोड़) निवेश किए हैं।



### पूरन कुमार ने सुसाइड से पहले बनाई वसीयत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने सुसाइड करने से एक दिन पहले अपनी वसीयत तैयार कराई थी। उन्होंने वसीयत में सारी संपत्ति अपनी पत्नी और हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अफसर अमनीत पी. कुमार के नाम करने की बात लिखी है। वसीयत पर 6 अक्टूबर की डेट दर्ज है।



## पाक रक्षा मंत्री ने दी गीदड़भभकी

# कहा- भारत के साथ कभी भी छिड़ सकती है जंग, इससे इनकार नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना है। ख्वाजा आसिफ की यह भड़काऊ टिप्पणी भारत द्वारा इस्लामाबाद को राज्य प्रायोजित आतंकवाद का समर्थन न करने या अपनी भौगोलिक उपस्थिति खोने के खतरे के प्रति आगाह करने के कुछ दिनों बाद आई है। उन्होंने कहा कि इतिहास में औरंगजेब के शासनकाल को छोड़कर, भारत कभी भी एक एकीकृत राष्ट्र नहीं रहा।



पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना था। घर में हम बहस करते हैं और प्रतिस्पर्धा करते हैं। लेकिन भारत के साथ लड़ाई में हम एकजुट हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं तनाव नहीं बढ़ाना चाहता, लेकिन युद्ध का जोखिम वास्तविक है और मैं इससे इनकार नहीं कर रहा हूं। अगर युद्ध की नौबत आई, तो इंशाअल्लाह हम पहले से बेहतर परिणाम हासिल करेंगे, इंशाअल्लाह। बता दें, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान से ऐसा लगता है कि पाकिस्तान बिल्कुल डरा हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान को फिर से भारत के हमले की आशंका डरा रही है।

### भारत पूरी तरह तैयार

ख्वाजा आसिफ के अजीबोगरीब दावे से पहले पिछले ही हफ्ते सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि या तो आतंकवाद का समर्थन करना बंद करो या अपनी भौगोलिक उपस्थिति खोने के लिए तैयार रहो। इस बार भारत पूरी तरह तैयार है। हम ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान दिखाए गए संयम का प्रदर्शन नहीं करेंगे। इस बार कार्रवाई ऐसी होगी कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि क्या वह भौगोलिक रूप से अस्तित्व में रहना चाहता है।

## 100 सदस्यों का डेलिगेशन लेकर मुंबई पहुंचे ब्रिटिश पीएम

# स्टार्मर बोले- ये ब्रिटेन का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन, भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करेगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर बुधवार को मुंबई पहुंचे। उनके साथ 2024 में पीएम बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। उनके साथ व्यापार, संस्कृति और दूसरे क्षेत्रों के 100 से अधिक लोगों का एक डेलिगेशन भी आया है, जिसमें आईटी, ऑटो-मोबाइल सहित कई क्षेत्रों के कारोबारी भी शामिल हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने पीएम स्टार्मर का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। स्टार्मर ने मुंबई आने से पहले डेलिगेशन का अनोखे अंदाज में स्वागत किया।

उन्होंने खुद कॉकपिट में जाकर घोषणा की कि मैं आपका पीएम बोल रहा हूं। यह कोई साधारण उड़ान नहीं है, बल्कि ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन है। जो भारत के साथ नए व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया है। स्टार्मर ने इंस्टाग्राम पर इस पल का वीडियो साझा करते हुए कहा कि आप सभी का इस फ्लाइट में स्वागत है। हम नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सभी संभावनाओं को तलाशने के लिए उत्सुक हैं। स्टार्मर ने मुंबई के ताज महल पैलेस में साथ आए डेलिगेशन से बात की।

स्टार्मर ने मुंबई आने से पहले डेलिगेशन का अनोखे अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने खुद कॉकपिट में जाकर घोषणा की कि मैं आपका पीएम बोल रहा हूं। यह कोई साधारण उड़ान नहीं है, बल्कि ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन है

पीएम मोदी से आज मुंबई में करेंगे मुलाकात

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भाग लेंगे



### बॉलीवुड ब्रिटेन में वापसी कर रहा

*स्टार्मर ने यशराज स्टूडियो का दौरा किया। यशराज फिल्म्स ने पुष्टि की है कि वह अपनी तीन बड़ी फिल्मों की शूटिंग 2026 की शुरुआत से यूनाइटेड किंगडम (यूके) में करेगी। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि इस कदम से ब्रिटेन में 3,000 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। पीएम स्टार्मर ने कहा कि बॉलीवुड ब्रिटेन में वापसी कर रहा है। यह पार्टनरशिप भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील के असली मकसद को पूरा करती है।*

### विजन 2030 पर होगी चर्चा

*स्टार्मर और पीएम मोदी के बीच आज मुंबई में एक कार्यक्रम में मुलाकात होगी और 'विजन 2030' के तहत साझेदारी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में हिस्सा लेंगे। यह दुनिया का सबसे बड़ा फिनटेक इवेंट है, जो 7 से 9 अक्टूबर तक चलेगा। इसका एजेंडा एआई ऑपरेटेड फाइनेंस को मजबूत बनाना है। इसमें फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी को ज्यादा समावेशी, तेज और मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। यहां कई ग्लोबल लीडर, रेगुलेटर और इनोवेटर आएंगे।*

---

## *ट्रंप के करीबी गोर बोले- संबंधों में सुधार लाऊंगा*

# सर्जियो गोर होंगे भारत में अमेरिका के नए राजदूत, सीनेट ने दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक चुनौती बन चुके टैरिफ संकट के बीच अमेरिकी संसद के उच्च-सदन सीनेट ने बीते मंगलवार देर रात भारत के नए राजदूत के रूप में सर्जियो गोर की नियुक्ति को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें गौर के पक्ष में 51 और विरोध में 47 सीनेटरों ने मतदान किया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए इस साल अगस्त महीने में नामित किया था। हालांकि सीनेट में इस प्रक्रिया के दौरान गौर के साथ 107 उम्मीदवार मतदान की रेस में शामिल हुए।

गौर 38 वर्षीय हैं और उन्हें भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत के रूप में भी जाना जाएगा। भारत में अमेरिका के राजदूत के अलावा उन्हें दक्षिण और मध्य-एशिया के विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके पूर्व में वह अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

बता दें, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए की गई अपनी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान सर्जियो गौर से भी मुलाकात की थी।

इस साल की शुरुआत में भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रहे एरिक गार्सेटी के पद छोड़ने के बाद यह पद करीब 8 महीने से खाली था। उसके बाद ही अमेरिका के राष्ट्रपति ने गोर को इसके लिए नामित किया था।



### भारत से संबंधों में सुधार की जताई उम्मीद

गौर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की बेशुमार संभावनाएं हैं। मैं दोनों देशों के संबंधों में सुधार लाऊंगा। वहीं, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने बीते वक्त में गौर के नामांकन का स्वागत करते हुए कहा था कि वो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल हैं। बतौर राजदूत भारत में उनकी नियुक्ति दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को दिए जाने वाले महत्व और प्राथमिकता को प्रदर्शित करती है। गोर ने पिछले सितंबर महीने में सीनेट में अपने नाम की पुष्टि के लिए हुई सुनवाई के दौरान भारत को अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार बताया था।

## राजौरी में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन

# पुलिस के एसओजी से मुठभेड़ के बाद से 4 आतंकियों की तलाश जारी

एजेंसी ⏭ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 7 अक्टूबर की रात आतंकियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के बीच मुठभेड़ हुई थी। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई थी। इसके बाद आतंकी जंगल की ओर भाग गए थे। बीरंथुब में हुए इस एनकाउंटर के बाद से जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ की जॉइंट टीमें यहां पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। बुधवार सुबह से सर्च ऑपरेशन जारी है। यहां 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर है।

### कीड़ीयां पुल के पास मुठभेड़, 3 अरेस्ट

कठुआ जिले के लखनपुर सेक्टर स्थित कीड़ीयां पुल के पास बुधवार दोपहर को एक नाका चेकिंग के दौरान पुलिस और तीन संदिग्धों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। करीब 12:30 बजे कीड़ीयां से कठुआ की ओर आ रही एक मोटरसाइकिल पुलिस के इशारे पर नहीं रुकी थी।

### अनंतनाग से सेना के 2 जवान लापता

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गढ़ूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे।

## डेडलाइन खत्म तो तुर्की के पास पहुंचे ट्रंप

# गाजा पीस प्लान पर हमास को राजी करवाने के लिए मांगी 'सहायता'

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर इजराइल और हमास के बीच शांति लाना चाहते हैं। इसके लिए उनका महत्वाकांक्षी गाजा पीस प्लान तैयार है। लेकिन इस पर हमास की ओर से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में ट्रंप ने अब तुर्की की मदद मांगी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पीस प्लान को लेकर उनसे मदद मांगी है। ट्रंप चाहते हैं कि हम हमास को रजामंद करें कि वह इस पीस प्लान को बिना किसी शर्त के स्वीकार कर ले।

### इजराइल और हमास की वार्ता तीसरे दिन भी जारी

इजराइल और हमास की शांति वार्ता तीसरे दिन जारी रही। यह वार्ता मिस्र के एक होटल में हो रही है। इस वार्ता में अमेरिका, इजराइल और अन्य मध्यस्थ देशों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। तुर्की के इंटेलिजेंस चीफ इब्राहिम कालिन भी मौजूद थे। इजराइल की तरफ से पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के मुख्य सलाहकार रॉन डेरमेर शामिल हुए। हमास ने उन फिलिस्तीनी कैदियों के नाम दिए हैं जिन्हें वह रिहा करवाना चाहता है।

### सिंगर जुबिन गर्ग की मौत में चचेरा भाई अरेस्ट

**गुवाहाटी।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में बुधवार को असम पुलिस के डीएसपी संदीपन गर्ग को अरेस्ट किया गया है। संदीपन, सिंगर के चचेरे भाई हैं। हादसे के वक्त वह सिंगापुर में साथ थे। अधिकारी ने बताया कि संदीपन से जुबीन की मौत के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और लापरवाही से मौत का कारण बनने का केस दर्ज किया गया है। जुबीन की मौत के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, गायक के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और उनके दो बैंड सदस्यों शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृत प्रभा महंत को अरेस्ट किया गया था।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बारबाडोस पहुंचे लोकसभा स्पीकर

# 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में हुए शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ब्रिजटाउन के बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। समिट का आयोजन 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' थीम पर किया गया। कार्यक्रम में एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी विश्व के निर्माण में संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया गया।

ओम बिरला ने एक्स पर पोस्ट किया कि बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के वक्ताओं और नेताओं के साथ शामिल होना वाकई प्रेरणादायक है। 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' हमें याद दिलाता है कि संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से हम मिलकर एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी विश्व का निर्माण कर सकते हैं।

संवाद, सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों से विश्व का निर्माण हो सकेगा

समिट की थीम 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' पर आयोजन



### आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा

*68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, सांसद (लोकसभा) अनुराग शर्मा, सांसद (लोकसभा) डी. पुरंदेश्वरी, सांसद (लोकसभा) के. सुधाकर, सांसद (राज्यसभा) रेखा शर्मा, सांसद (राज्यसभा) अजीत माधवराव गोपछड़े, महासचिव, लोकसभा उत्पल कुमार सिंह और महासचिव, राज्यसभा पी.सी. मोदी शामिल हैं।*

### भारतीय प्रवासियों से करेंगे बात

*ओम बिरला ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक परंपराओं वाले राष्ट्रों के रूप में, राष्ट्रमंडल एक अधिक समावेशी और सहयोगी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। अपने प्रवास के दौरान वे बारबाडोस के नेतृत्व से मिलने और प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत करेंगे। इसके अलावा, इस सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर सात कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।*

# द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय शीर्षक्रम बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा।

भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी, जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिए थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी।

### मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा के प्रदर्शन पर होगी नजर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है।

### महिला क्रिकेट विश्व कप : हरमनप्रीत और लौरा की टीमों के बीच मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से




### गेंदबाजों ने अभी तक किया अच्छा प्रदर्शन

दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है, जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही है। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी । फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने की वापसी

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर वापसी की। वहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर सिमटने के बाद टीम दस विकेट से हार गई थी। शतक जमाने वाली तजमीन ब्रिट्ज और भरोसेमंद सुने लूस के अलावा कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मरियाने काप और एलेके बॉश से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में नोंकु एमलाबा, अयाबोंगा खाका, काप, मसाबाता क्लास और क्लो ट्रायॉन पर नजरें रहेंगी ।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**द.अफ्रीका** : लौरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, मरियाने काप, तजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको एमलाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, काराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे।

## खबर संक्षेप



### एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर से भिड़ेगा भारत

**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम के शुरुआती दो मैच में सिर्फ एक अंक है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर अभी दो मैच में चार अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट का पतन बरसों पहले हुआ शुरू : सैमी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने कहा कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट का पतन व्यवस्था का 'कैंसर' है, जिसकी शुरुआत काफी पहले हो गई थी। दो बार के टी20



विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि प्रदर्शन के दम पर अगली पीढ़ी के लिए छोटे प्रारुप के कई रोल मॉडल है और संसाधन उपलब्ध होने पर ही वे खेल सकते हैं। यह पूछने पर कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट में क्या दिक्कत है और उन्हें इसे लेकर कैसा महसूस होता है, सैमी ने कहा,'आखिरी बार हमने यहां टेस्ट श्रृंखला 1983 में जीती थी जब मैं पैदा हुआ था।' वेस्टइंडीज ने पिछले 42 साल में भारत में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। सैमी ने कहा, 'मुझे पता है कि मुझ पर नजरें होंगी। हम आलोचना से कतराते नहीं हैं लेकिन समस्या की जड़ दो साल पुरानी नहीं है। यह बहुत पहले शुरू हो गया था।' उन्होंने कहा 'यह कैंसर की तरह है, जो व्यवस्था में पहले से था। अगर आपको कैंसर नहीं होता, तो आपको पता है कि क्या होता है।

### बल्लेबाजों की मददगार होगी जेटली स्टेडियम की पिच

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अरुण जेटली स्टेडियम पर होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट में पहले दो दिन पिच बल्लेबाजों



की मददगार रहने की उम्मीद है और तीसरे दिन से इस पर टर्न मिल सकता है। आम तौर पर कोटला की काली मिट्टी की पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है लेकिन बाद में धीरे धीरे स्पिनरों को मदद मिलने लगती है। इस टेस्ट के लिये ताजा पिच तैयार की गई है और शुरुआत में बल्लेबाजों का दबदबा रह सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया,' मुख्य पिच टेस्ट के लिए तैयार की गई है। यह उस पिच से अलग है, जिस पर स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में शतक बनाया था।'

### शंघाई मास्टर्स : अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने नोवाक

# गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर, संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे


एजेंसी ▶▶| शंघाई

सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया।

### नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर

बाद में एक्स पर लिखा,'बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण।' इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर है। अब उनका सामना बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने फ्रांस के जियोवान्नि एमपेत्शी पेरीकार्ड को 6- 4, 6-7, 6-3 से हराया।

जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी



### वुहान ओपन : तीसरे दौर में पहुंची जेसिका

**वुहान।** छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7-6, 6-2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6-3, 6-1 से हराया।





### फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 9-4 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# जडेजा ने लगाई छह पाएदान की छलांग, सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

### चार पायदान ऊपर चढ़े राहुल

केएल राहुल चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर आ गए। इस बीच, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श फरवरी 2024 के बाद पहली बार बल्लेबाजी सूची में टॉप-10 में वापस आ गए हैं।

### सिराज 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहली बार 700 रेटिंग अंकों को पार किया है। इस टेस्ट मैच के साथ अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल शामिल हैं, जिन्होंने शतकीय पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में तरक्की की है।

# ऑस्ट्रेलिया ने 107 रन से जीता मैच, पाकिस्तान ने लगाई हार की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पाकिस्तान को 107 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए महिला विश्व कप के नौवें मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की शतकीय और एलाना किंग की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 36.3 ओवर में सिर्फ 114 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

### आखिरी स्थान पर पाकिस्तान

फातिमा सना के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की महिला टीम की यह इस महिला विश्व कप में लगातार तीसरी शिकस्त है। इससे पहले उसे भारत (88 रन) और बांग्लादेश (सात विकेट) की टीमों ने शिकस्त दी थी। मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार के साथ पाकिस्तान की टीम अंक तालिका में आखिरी (आठवें) स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीन में से दो मुकाबले जीतकर और एक मैच रद्द होने की वजह से पांच अंक लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष स्थान पर है। भारतीय टीम दो मैचों में चार अंक लेकर तीसरे पायदान पर है।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी

ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पाकिस्तान की नाशरा संधू (3/37) और सादिया इकबाल (2/34) ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को धराशायी कर दिया। लेकिन बेथ मूनी ने एक बार फिर अपना क्लास दिखाई और एलाना किंग के साथ मिलकर मैच का रुख पलट दिया। मूनी ने 114 गेंदों में 109 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं एलाना किंग ने 49 गेंदों पर नाबाद 51 रन का साथ दिया। दोनों ने 106 रनों की साझेदारी हुई, इन दोनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए।

### पाकिस्तान की पारी

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई की किम गार्थ और मेगन शूट ने शुरुआती ओवरों में पाकिस्तान की आधी टीम पवेलियन भेज दी। सिद्रा (35) ने कुछ देर टिकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई साथ नहीं मिला। कप्तान फातिमा सना (11) और निदा डार (9) । किम गार्थ ने तीन विकेट लिए जबकि एनाबेल सदरलैंड और मेगन शूट ने दो-दो विकेट झटके। पाकिस्तान की पूरी टीम 36.3 ओवर में 114 रन पर सिमट गई।

### हमारे जीतने से चिंतित होंगी विरोधी टीमें : जेमिमा

***विशाखापत्तनम।*** *मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि विरोधी टीमें यह देखकर चिंतित होंगी कि महिला विश्व कप में अभी तक 'परफेक्ट' खेल नहीं दिखाने के बावजूद भारतीय टीम जीत रही है और नए मैच विजेताओं को देखकर उन्हें खुशी हो रही है। भारतीय टीम पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती झटकों से उबरकर निचले क्रम के उम्दा प्रदर्शन के दम पर जीतने में कामयाब रही।*



*जेमिमा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले कहा,' विरोधी टीमें यह देखकर चिंता में होंगी कि हमने अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया है लेकिन इसके बावजूद हम जीत रहे हैं। हम उस परफेक्ट मैच का इंतजार कर रहे हैं और इतने लंबे टूर्नामेंट में सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'हम सही रास्ते पर हैं। मध्यक्रम और शीर्षक्रम से थोड़ा ही योगदान मिला है लेकिन इसके बावजूद नए मैच विजेताओं के दम पर हम जीत रहे हैं।'*

# भारतीय अंडर-19 टीम का जलवा, ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| मैके

भारत की अंडर 19 टीम ने दूसरे और आखिरी युवा टेस्ट में आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। अपने कल के स्कोर सात विकेट पर 114 रन से आगे खेलते हुए भारतीय अंडर 19 टीम 171 रन पर आउट हो गई और पहली पारी में 36 रन की बढ़त हासिल की।

मेजबान टीम दूसरी पारी में 119 रन ही बना सकी और भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जल्दी आउट हो गए लेकिन भारत ने लक्ष्य 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कठिन पिच पर अति आक्रामक होने का खामियाजा सूर्यवंशी और म्हात्रे को भुगतना पड़ा।




■ युवा टीम ने जीत के साथ किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन, तीन वनडे और एक टेस्ट रहा में विनर

### भारतीय गेंदबाजों का रहा कहर

इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने साइमन बज और जेड होलिक को लगातार गेंदों पर आउट किया। मेजबान टीम का स्कोर दो ओवर के बाद दो विकेट था और स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं था। इसके बाद से टीम दबाव से उबर नहीं सकी। भारत ने पहला युवा टेस्ट और तीन युवा वनडे भी जीते थे।

### अगले सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेंगे भाला फेंक स्टार

# स्विस वादियों में रिकवरी करने पहुंचे नीरज चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह सत्र भले ही चुनौतीपूर्ण रहा हो लेकिन नीरज चोपड़ा को इस पर गर्व है और अगले साल बेहतर वापसी के लिए तैयार होने भारत के यह भाला फेंक स्टार स्विट्जरलैंड लौट गए हैं, जहां उन्होंने खेल में अपने शानदार सफर के कई यादगार पल बिताए हैं।

ज्यूरिख से फोन पर बातचीत में नीरज ने अगले सत्र से उम्मीदों, स्विटजरलैंड से प्यार और घूमने फिरने के शौक के बारे में बताया। उन्होंने कहा,' यह काफी चुनौतीपूर्ण सत्र रहा। मुझे इस पर गर्व है और मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। हर प्रतिस्पर्धा से मेरा अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ा है।' उन्होंने कहा,'अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है।




### अब फोकस मजबूती के साथ वापसी पर

हरियाणा के इस धुरंधर ने इस साल दोहा में 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत सके। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा,' बेहतर प्रदर्शन की गुंजाइश तो रहती ही है और वही प्रेरित भी करती है।' नीरज विश्व चैंपियनशिप में 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा,'अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है । शरीर अच्छा महसूस कर रहा है और थोड़े आराम और रिकवरी के साथ मैं बेहतर वापसी कर सकूंगा।' उन्हें जरूरी रिकवरी सत्रों के लिए स्विटजरलैंड ही रास आता है। स्विस पहाड़, चारों तरफ हरियाली और इंटरलाकेन से बर्न्स और फिर लुसाने तक की ट्रेन यात्राएं उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने कहा,'लुसाने बहुत ही खूबसूरत है और जेरमाट के पहाड़ बहुत लुभाते हैं।'

### 'आइस पैलेस' में हुए सम्मानित

स्विस पर्यटन ने 2022 में उन्हें 'दोस्ती दूत' बनाया और जुंगफ्राउजोच के 'आइस पैलेस' में उन्हें सम्मानित भी किया। स्विटजरलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय यह सम्मान पा चुके हैं। नीरज ने कहा,' मैंने ज्यूरिख में डायमंड लीग ट्रॉफी (2022 में) जीती, जो मेरे लिए बहुत खास है। मैंने मैग्लिंगन में प्रशिक्षण लिया है, जहां स्विस ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र है। मैंने बुडापेस्ट (2023) में विश्व चैंपियनशिप से पहले भी वहीं प्रशिक्षण लिया था, जहां मैंने स्वर्ण पदक जीता था। इसलिए मेरी कई सुखद यादें स्विटजरलैंड से जुड़ी हैं।' उन्होंने कहा,' डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने के बाद मैने अपने परिवार और दोस्तों के साथ यह देश देखा, जो मैं कभी नहीं भूल सकता। यह वो जगह है, जिसने मुझे इतनी खुशियां दी है। मैं यहां काफी लोगों को जानता हूं और अभ्यास करता हूं।

# निर्माण कार्यों में खामियां, दो ठेकेदारों पर कार्रवाई, अधिकारियों को नोटिस

## सड़क निर्माण को लेकर लोनिवि करा रहा प्रदेशभर में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग महीने में दो बार औचक निरीक्षण करा रही है। दो दिन पहले मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने रायसेन, कटनी, श्योपुर, खरगौन, मैहर, नीमच एवं दमोह जिलों में कुल 34 कार्यों का रेंडम आधार पर निरीक्षण किया। इनमें 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क, पुल), 6 कार्य पीआईयू (भवन), 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम एवं एक कार्य मप्र भवन विकास निगम के अंतर्गत सम्मिलित थे।

निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम भारत यादव ने की। बैठक में प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एसआर बघेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान रायसेन जिले में मुआर मगरमोली-समनापुर-झामर रोड की खराब स्थिति पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मे. आदित्य कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी करने की अनुशंसा की गई।

श्योपुर जिले के सेमई-विजयपुर मार्ग के खराब कार्य पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस तथा ठेकेदार मे. राज कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा की गई। 19 कार्यों में आंशिक सुधार के निर्देश दिए गए। वहीं, खरगोन जिले के बोंद्रानिया-वामनपुरी रोड (लंबाई 12.18 किमी) एवं भिकरखेड़ी-दमखेड़ा रोड के उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री एवं ठेकेदार की सराहना की गई।

### न्यायालय निर्देशों का पालन किया जाए

बैठक में यह निर्देश दिए गए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ता की संतुष्टि तक किया जाए। सड़क मरम्मत के साथ यातायात सुरक्षा, जंगल सफाई, रोड मार्किंग एवं ब्लैकस्पॉट सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। लोकपथ ऐप में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वेरिफिकेशन सुनिश्चित किया जाए तथा न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत कर न्यायालय निर्देशों का पालन किया जाए।

# यूपी के दो तस्कर ढाई लाख के गांजे के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर पुलिस ने रेशम केन्द्र गोल घेरे के पास उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को गिरफ्तार कर 13 किलो 48 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत दो लाख 60 हजार बताई जा रही है। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक विगत 8 अक्टूबर को सूचना मिली कि दो लडके अपने-अपने ट्राली बैग में गांजा लिए किसी ग्राहक को बेचने के लिए रेशम केन्द्र गोल घेरे के पास घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी रेहान (21) व मोईन (21) दोनों निवासी नई बस्ती ग्राम लावाड जिला मेरठ यूपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उनके ट्राली बैग से कुल 13 किलो 48 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे की कीमत दो लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी अवैध गांजा कहां से लाए थे और किन लोगों को बेचने की फिराक में थे।

# ग्वालियर से लापता हुए मां-बेटे पाकिस्तान बॉर्डर के पास मिले

सोशल मीडिया के जरिए पुलिस ने ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर से बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए निकली महिला और उसके बच्चे को बहोड़ापुर पुलिस ने पाकिस्तान बॉर्डर के पास से खोज निकाला है। पुलिस ने महिला व बेटे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मां और बेटे दोनों सुरक्षित हैं। परिजनों ने राहत की सांस ली है।

दरअसल, थाना बहोड़ापुर में निवास करने वाली महिला अपने पुत्र (9) के साथ 24 जुलाई 2025 को घर से यह कहकर निकली थी कि वह बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही है, लेकिन इसके बाद दोनों घर नहीं लौटे। पति ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की।

### सोशल मीडिया से मिली मदद

थाना प्रभारी बहोड़ापुर के निर्देशन में प्रआर जयराम को मामले की जांच की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने महिला के रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद विवेचक ने सोशल मीडिया की मदद ली, जहां महिला की इंस्टाग्राम आईडी से सुराग मिला। प्रआर जयराम ने बड़ी सूझबूझ से महिला से बातचीत शुरू की, उसे भरोसे में लेकर उसका मोबाइल नंबर प्राप्त किया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह बटाला गुरुद्वारा (पंजाब) में रह रही है। इस जानकारी के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर प्रआर जयराम को पंजाब भेजा गया।

### भनक लगते ही पहुंची टीम

बटाला में तकनीकी माध्यमों से आगे की जानकारी जुटाने पर पता चला कि महिला और उसका बेटा पाकिस्तान बॉर्डर के पास स्थित गांव कहानुमान, जिला गुरदासपुर (पंजाब) में हैं। तत्परता दिखाते हुए जयराम मौके पर पहुंचे और थाना कहानुमान पुलिस के सहयोग से गुमशुदा महिला और उसके बेटे को सकुशल बरामद कर लिया।

### महिला ने रखी अपनी बात

पंजाब पुलिस की मौजूदगी में दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह किसी दबाव या अपराध की शिकार नहीं हुई है। उसने स्वयं ग्वालियर से बिना बताए घर छोड़ा था। वह कुछ दिन अमृतसर गुरुद्वारे में रही, फिर बटाला में जाकर एक व्यक्ति से परिचित होकर उसके साथ रहने लगी।

# दीपों की आभा में सजेगा गौहर महल, दीपोत्सव मेला आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से 9 अक्टूबर से दीपोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। गौहर महल में आयोजित यह मेला 19 अक्टूबर तक चलेगा।

*19 तक चलने वाले मेले में होगा हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन*

मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि 11 दिवसीय मेले में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए दक्ष कारीगर 'एक जिला, एक उत्पाद' और वोकल फॉर लोकल की अवधारणा के अंतर्गत अपने विशिष्ट हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। बाग की रंग-बिरंगी छपाई, चंदेरी की पारदर्शी कोमलता, महेश्वरी की गरिमा और घर की सजावट से जुड़े मनमोहक हस्तनिर्मित उत्पाद,मेले की शोभा बढ़ाएंगे। साथ हीं दीयों की टिमटिमाती रोशनी के बीच पारंपरिक संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कलात्मक सजावट आकर्षण का केन्द्र होगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2025 दीपक जलाए जाएंगे। दीपोत्सव सिर्फ एक एक मेला नहीं है, बल्कि यह हमारी जड़ों से जुड़ने का, लोककला को जीवंत बनाए रखने का और आत्मनिर्भर कारीगरों को सम्मान देने का एक माध्यम भी है।

# सिंघार ने पूछा- बच्चों की हत्या का जिम्मेदार कौन

*सरकार आखिर विपक्ष की आवाज से ही क्यों जागती है, क्या जनता का दर्द उन्हें दिखता नहीं*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा में बुधवार को जहरीले कफ सिरप से मासूमों की मौत पर सियासत तेज हो गई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यहां परासिया में मृत बच्चों के परिजनों से मिलने पहुंचे तो मंच से कलेक्टर शीलेंद्र सिंह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कौन जवाबदार है इन बच्चों की मौत का, कोई जवाबदारी लेने को तैयार नहीं।

जनता पूछ रही है, लेकिन सरकार चुप है। सिंघार ने मंच से कहा कि हमारे विधायक सोहन वाल्मीकि जी ने मुद्दा उठाया। धरना दिया, कहा तत्काल जांच करवाई जाए, लेकिन सरकार के अधिकारी नहीं जागे। - कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंघार ने कहा- मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री...जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। छोटे अधिकारी और एक डॉक्टर पर कार्रवाई की गई। क्या, दवाई बनाने वाली कंपनी जिम्मेदार नहीं है क्या। सिंघार ने कहा कि सरकार आखिर विपक्ष की आवाज से ही क्यों जागती है। क्या जनता का दर्द उन्हें दिखता नहीं है। सरकार को स्वतःसंज्ञान लेकर जरूरतमंद को मदद पहुंचानी चाहिए। सरकार ने 72 घंटे में जांच क्यों नहीं करवाई। 6 दिन किसका इंतजार करती रही।

# आईईएचई: भौतिक और जीव विज्ञान में उभरते रुझानों पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

*संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने कहा यह संगोष्ठी विश्वभर के शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों को एक साझा मंच प्रदान करेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में बुधवार को भौतिक एवं जीव विज्ञान में उभरते रुझान विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत हुई। दो दिवसीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। संयोजन रसायन-शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सक्सेना ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. एसके जैन, कुलगुरु, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ. तरुण कुमार पंत, निदेशक, स्पेस फिज़िक्स प्रयोगशाला, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, तिरुवनंतपुरम, केरल, डॉ. एस.एस.संधू, अध्यक्ष, बायो साइंस विभाग, रानी दुर्गावती विवि, जबलपुर, प्रो. राजेन्द्र कुमार कुरारिया, कुलगुरु, अवधेश प्रताप सिंह विवि, रीवा उपस्थित रहे। वहीं ऑनलाइन माध्यम से डॉ. राज द्विवेदी (कॉर्नेल टेक, न्यूयॉर्क, अमेरिका), डॉ. आशीष दिबौलिया (मैनेजिंग डायरेक्टर, डेटा आर्किटेक्चर, यूएस-आधारित बैंक, अमेरिका) और डॉ. इस्तवान फेकेटे (प्रोफेसर, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज, कोलकाता) ने भी संगोष्ठी में अपना वक्तव्य दिया।



### परंपरा के महत्व पर बल दिया

संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने शुरूआत की। संयोजक डॉ. ज्योति सक्सेना ने संगोष्ठी की रुपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. सक्सेना ने विशेष रूप से विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए इस संगोष्ठी को बहुपयोगी बताया। संस्थान अग्रवाल ने बताया कि यह संगोष्ठी विश्वभर के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करेगी, जहां ज्ञान, अनुभव और नवोन्मेषी विचारों का आदान-प्रदान करना सुगम बन सकेगा। डॉ. एसके जैन ने ज्ञान, विज्ञान और परंपरा के महत्व पर बल दिया, जो अंततः जीवन को बेहतर बनाते हैं। इसे समाज सुधार का एक सशक्त माध्यम बताया।

# कांग्रेस नेताओं ने कहा: स्मार्ट मीटर का पाकिस्तान कनेक्शन

*स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेसियों ने किया एमपीईबी दफ्तर का किया घेराव*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में बुधवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उपभोक्ताओं के साथ पैदल मार्च निकालकर सेकंड स्टॉप स्थित एमपीईबी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। मप्र कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष निकेश चौहान के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों में तकनीकी खामियां हैं, जो उपभोक्ताओं को बिना वजह भारी भरकम बिजली बिल थमा रही हैं। प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर का पाकिस्तानी कनेक्शन है। ये राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ठेका तत्काल रद्द करें।

प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं के साथ बड़ी संख्या में झुग्गी-बस्तियों से आए उपभोक्ता और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्मार्ट मीटर के विरोध में लोगों ने हाथों में बिजली बिल और तख्तियां लेकर विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इन स्मार्ट मीटरों को लेकर कार्रवाई नहीं की और गलत बिलिंग रोकी नहीं गई, तो आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पार्षद गुड्डु चौहान, गोविंद गोयल, जेपी धनोपिया समेत बड़ी संख्या में उपभोक्ता शामिल हुए।

**स्थानीय खेल समाचार**

# शूटिंग अकादमी में आज से ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप

नई प्रतिभाओं को मिलेगा नेशनल चैंपियनशिप का अवसर

## देशभर से आएंगे दो हजार से अधिक निशानेबाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक ऑल इंडिया जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल इवेंट) का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लगभग दो हजार निशानेबाज़ भाग लेंगे। यह चैंपियनशिप उन खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है जो शूटिंग खेल की शुरुआत कर रहे हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिलाड़ी आगामी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए मिनिमम क्वालिफाइंग स्कोर हासिल कर सकेंगे, जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।



इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग दो हजार निशानेबाज़ भाग लेने के लिए भोपाल पहुंच रहे हैं। मावलंकर चैंपियनशिप को भारतीय शूटिंग कैलेंडर में प्रवेश स्तर की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता माना जाता है, जहां नए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के आधार पर आगे की प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाई करते हैं।

### मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग करेगा मेज़बानी

इस चैंपियनशिप की मेज़बानी मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग और मध्यप्रदेश राज्य राइफल संघ संयुक्त रूप से कर रहे हैं। राज्य की अत्याधुनिक शूटिंग अकादमी इस आयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित है।

## सेंट थॉमस कप बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट-2025 शुरू

# सेंट थॉमस,सेंट थेरेसा, एसपीएस, सेंट मोन्टम्फोर्ट की टीमें सेमी फाइनल में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल अयोध्यानगर में बुधवार को सेंट थॉमस कप बॉस्केट बॉल टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ हुआ। टूर्नामेन्ट में विभिन्न विद्यालयों की अंडर 19 बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेन्ट में संयुक्त निदेशक, लोक शिक्षण संचालनालय आलोक खरे, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यालय की उप प्राचार्या सिस्टर शेरोन एसआईसी ने उपस्थित सभी जनों का स्वागत किया व खिलाड़ियों को उत्तम खेल प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों के लिए सीख होती है। हार व जीत तो खेल का एक हिस्सा है। हारने पर निराश नहीं होना चाहिए और अपनी टीम को जिताने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। टूर्नामेन्ट का शुभारंभ खिलाड़ियों के द्वारा परिचय देने के साथ हुआ।

टूर्नामेन्ट का पहला मैच सेंट थॉमस स्कूल व सेंट बेनेडिक्ट स्कूल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें सेंट थॉमस स्कूल की टीम ने 30-06 से मैच जीता। दूसरा मैच बाल भारती स्कूल की टीम व सेंट बैरेसा स्कूल की टीमों के बीच खेला गया जिसमें सेंट थेरेसा स्कूल की टीम 06-03 से विजयी रही। तीसरा मैच एस.पी.एस साकेत नगर स्कूल व जवाहर लाल स्कूल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें एस.पी.एस स्कूल की टीम 28-05 से मैच जीती। चौया मैच सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल व शारदा विद्या मंदिर की टीमों के बीच खेला गया जिसमें सेंट मोन्टम्फोर्ट स्कूल की टीम ने 28-22 से मैच जीता। कल गुरुवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच सेंट थॉमस स्कूल व एस.पी.एस साकेत नगर स्कूल की टीम के बीच व सेंट बेरेसा स्कूल व सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल की टीम के बीच खेले जाएंगे।




## शहर को हरित, स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त बनाने 250 साइकिलिस्ट हुए शामिल

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं अर्श फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी एवं अर्श फाउंडेशन के द्वारा साइक्लोथॉन 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 250 साइक्लिसट्स के साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए । एलएनसीटी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पैरामेडीकल डॉ. आरके चौरसिया ने हरी झंडी दिखा कर साइकलिस्ट्स को विश्वविद्यालय परिसर से प्रस्थान कराया। सभी लोग चूना भट्टी चौराहा, कोलार अतिथि गृह तिराहा, अरेरा पैट्रोल पंप चौराहा, 1100 क्वार्टर्स हनुमान मंदिर, औरा मॉल, एक्सटॉल कॉलेज होते हुए वापस एलएनसीटी परिसर पहुंचे जहां साइक्लोथॉन का समापन हुआ। साइक्लोथॉन की अवधारणा थी कि शहर को हरित एवं स्वच्छ रखने एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में जागरुकता लाना तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना। कार्यक्रम में एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ धर्मेन्द्र गुप्ता, कुलगुरु डॉ. एन के थापक,डॉ. एके सोनी एवं अर्श फ़ाउंडेशन की ओर से ओपी कठेल, डॉ. जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930